शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 146 | गुवाहाटी | शनिवार, 17 दिसंबर, 2022 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

सीएम ने विशेष टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ पेज 3
परमाणु, जैविक, रासायनिक युद्ध में सक्षम 'मोरमुगाओ' जहाज 18 दिसंबर को... पेज 4
चुस्त-दुरुस्त हो गौ संरक्षण केंद्रों की व्यवस्था : योगी पेज 5
चीन कर रहा युद्ध की तैयारी सरकार सोई हुई है : राहुल गांधी पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*चंचल चित वाले के कार्य कभी समाप्त नहीं होते।*

– आचार्य चाणक्य

## सीएम ने किया 15 योजनाओं का शिलान्यास एवं 13 परियोजनाओं का शुभारंभ



**लखीमपुर ( हि.स. )।** राज्य में विकास की गति को तेज करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा द्वारा *विकास के लिए एक पखवाड़ा* योजना के पहले चरण में 11 जिलों में परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन का कार्यक्रम पिछले कुछ दिनों से जारी है। इस कड़ी में शुक्रवार को लखीमपुर जिला में 1031.68 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 15 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 13 परियोजनाओं को आम लोगों को समर्पित किया। आज के आयोजन में मुख्यमंत्री ने औपचारिक रूप से 5 भूमि पुत्रों को भूमि का पट्टा भी प्रदान किया। आज जिला के कल्याण के लिए असम माला योजना के तहत सुबनसिरी नदी के उत्तर लखीमपुर-घुनासुती को जोड़ने वाली सड़क के किनारे मुख्य पक्के पुल का शिलान्यास, निचले सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना (एनएचपीसी) द्वारा सुबनसिरी के निचले भाग की सुरक्षा योजना (चतुर्थ चरण), चाबट्टी में लखीमपुर खेल परियोजना का दूसरा चरण, ब्रह्मपुत्र नद के तटबंध के ऊपर टेकेलिफूटा से लोटासूर तक सड़क, सोनारी, चापरी, मरनै और गरैमारी में 33/11 केवी का विद्युत उप केंद्र, लखीमपुर के दूसरे किनारे पर आमपरा से आमतल तक तटबंध और पक्की सड़क, ढकुआखाना विष्टुराम दलै क्रीड़ा प्रकल्प (मिनी स्टेडियम), रंगाजान (पुराने सिविल अस्पताल से लीलाबारी हवाई अड्डा तक) सड़क का विकास, लखीमपुर जिला पुस्तकालय और प्रेक्षागृह का आधुनिकीकरण, उत्तर लखीमपुर महिला औद्योगिक प्रतिष्ठान कर्मशाला तथा यांत्रिक शोधनागार, डिक्रंग नदी को दूसरे किनारे पर तटबंध तथा सड़क (रेलवे गाइड बांध से मधुपुर तक), 13 नंबर वार्ड में बीएमएवाई (नगरीय) योजना के साथ स्थानीय रूप से बस्ति पुनर उन्नयन और उत्तर लखीमपुर टाउन हरिजन कॉलोनी के निर्माण कार्य की आधारशिला मुख्यमंत्री ने रखी। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-15 पर ऊपरी पाहुमारा मिरी से चाराइमरिया तक -शेष पृष्ठ दो पर

## असम-मेघालय सीमा का पुलिस अधिकारियों ने किया दौरा




**कार्बी आंग्लांग ( हि.स. )।** राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को पश्चिम कार्बी आंग्लांग में असम-मेघालय सीमा पर उमजाकिनी इलाके का दौरा करने के बाद शुक्रवार को फिर से पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिला के असम-मेघालय सीमा पर खांदुली का दौरा किया। अधिकारियों में मुख्य रूप से असम पुलिस के कानून एवं व्यवस्था महानिरीक्षक प्रशांत भुईयां, डीआईजी केंद्रीय मंडल सत्यराज हजारिका, पश्चिम कार्बी आंग्लांग के पुलिस अधीक्षक इंद्रनील बरुवा के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे। ज्ञात हो कि पश्चिम कार्बी आंग्लांग जिला के असम-मेघालय सीमावर्ती इलाके में असम के वन विभाग, असम पुलिस के साथ ही मेघालय के लकड़ी तस्करों के साथ मुठभेड़ हुई थी। जिसके चलते एक वन सुरक्षा कर्मी -शेष पृष्ठ दो पर

## छह करोड़ की हेरोइन जब्त, कीनियाई महिला गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर हेरोइन की तस्करी के मामले में सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों को बड़ी सफलता मिली है। यहां सीमा शुल्क विभाग ने कीनिया की एक महिला को गिरफ्तार किया। महिला के पास से 900 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। सीमा शुल्क अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार महिला के पास से बरामद की गई हेरोइन की कीमत 6.31 करोड़ रुपए बताई जा रही है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार -शेष पृष्ठ दो पर

## युक्रेन मुद्दे को लेकर पुतिन और मोदी की फोन पर बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को टेलीफोन पर बातचीत के दौरान ऊर्जा, व्यापार और रक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष के संदर्भ में, प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन के साथ बातचीत के दौरान अपनी इस बात को दोहराया कि वार्ता और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन को जी-20 की भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में जानकारी -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### आईएसआई से संबंध रखने वाला मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार

**पटना ( हि.स. )।** बिहार में मुजफ्फरपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शुक्रवार शाम आईएसआई एजेंट से संबंध रखने वाले कटरा रजिस्ट्री ऑफिस के लिपिक को गिरफ्तार किया है। एसएसपी जयकांत ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी टीम को भी इससे अवगत कराया जा रहा है। जो भी जानकारी पूछताछ में सामने आई है। उसे जांच एजेंसी से साझा किया गया है और आगे भी किया जा रहा है। उसके मोबाइल को जब्त किया गया है। अधिक जानकारी निकालने की कोशिश की जा रही है। एसएसपी ने बताया की आरोपित -शेष पृष्ठ दो पर

### तवांग मुद्दा : रास में कांग्रेस का हंगामा

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के मुद्दे पर संसद में गतिरोध खत्म नहीं हो रहा है। विपक्षी दल लगातार इस पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस भी तवांग मुद्दे पर चर्चा के लिए अड़ी है। इसी को लेकर शुक्रवार को राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। कांग्रेस सांसदों ने इस मुद्दे पर बहस करने के लिए दिन के कामकाज -शेष पृष्ठ दो पर

## फ्लाइट पकड़नी है तो तीन घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचें

**गुवाहाटी ( विभास )।** बोरझार से फ्लाइट पकड़नी है तो 3 घंटे पहले पहुंचना होगा। बोरझार स्थित लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में यात्रियों के लिए एक विशेष निर्देश जारी किया गया है। निर्देश के तहत अब से प्रत्येक यात्रियों को हवाई अड्डे में उड़ान भरने से पहले निर्धारित समय-सूची के विपरीत करीब 3 घंटे पहले पहुंचना होगा। आगामी नव-वर्ष में बढ़ती यात्रियों की संख्या के प्रति ध्यान -शेष पृष्ठ दो पर




## पीएम मोदी पर टिप्पणी को लेकर पाक उच्चायोग के बाहर भाजपाइयों का तोड़-फोड़

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल पीएम मोदी के खिलाफ जहर उगलने के लिए किया। भुट्टो ने न्यू यॉर्क में आयोजित एक कांफ्रेंस के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादास्पद टिप्पणी की थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा पीएम मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष है। नाराज कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पाकिस्तान उच्चायोग के सामने प्रदर्शन किया। खबरों के अनुसार दिल्ली पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पाक दूतावास की ओर मार्च करने से रोकने के लिए बैरिकेड्स लगा दिए हैं। हालांकि बेकाबू कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तोड़ दी है। दिल्ली पुलिस ने भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में भी लिया है। प्रदर्शन में शामिल भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि बिलावल आतंकी देश के हताश विदेश मंत्री है। उन्हें पाकिस्तान का पप्पु कहा जाता है। सूर्या ने कहा कि पाकिस्तान से अधिकांश देश किसी तरह का संबंध नहीं रखना -शेष पृष्ठ दो पर




## कोरोना से मृत्यु : परिवार को देने होंगे एक करोड़ : एचसी




**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी के कारण हुई मृत्यु के लिए दिल्ली पुलिस के सिपाही के स्वजन को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि भुगतान करने का यह कहते हुए निर्देश दिया कि अनुग्रह राशि के भुगतान के लिए की गई स्पष्ट घोषणा से दिल्ली सरकार को पीछे नहीं हटना चाहिए। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने मृतक की पत्नी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अधिकारियों के साथ ही प्रेसवार्ता की क्लिपिंग से स्पष्ट है कि दिल्ली सरकार ने मृतक के स्वजन को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा विस चुनाव : सीपीएम और कांग्रेस साथ लड़ेंगे

**अगरतला।** त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव होने से दो महीने पहले सीपीआई (एम) और कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ हाथ मिलाने का फैसला किया है। ये गठबंधन भाजपा के *फासीवादी हमले* से लोकतंत्र और संविधान को बचाने और हिन्दूवादी ताकतों को हराने के लिए किया गया है। मार्क्सवादी कमुनस्टि पार्टी (माकपा) की केंद्रीय समिति ने शुक्रवार को अगले वर्ष फरवरी में होने वाले त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष दलों के साथ गठबंधन को मंजूरी दे दी है। माकपा के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने शुक्रवार को बताया कि माकपा पोलित ब्यूरो ने भी राज्य स्तर पर धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक ताकतों के साथ समझ बनाने और काम करने को हरी झंडी दी है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



## सेना की वजह से हम सुरक्षित : तवांग की जनता



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के पराक्रम के आगे तवांग की जनता भी नतमस्तक है। उनका कहना है, हम भारतीय सेना की वजह से ही सुरक्षित हैं और हमें उन पर पूरा भरोसा है। एलएसी के पास भारतीय सैनिकों ने तवांग के यांगत्से सेक्टर में 9 दिसंबर को यथास्थिति बदलने की चीन की कोशिश को नाकाम कर दिया था। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि सीमावर्ती शहर में माहौल बहुत अच्छा है और उन्हें झड़प के बाद किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा है। स्थानीय नागरिक नीमा सारंग ने कहा कि नीतवांग में माहौल अब बहुत अच्छा है। -शेष पृष्ठ दो पर

## मां की कोख के बजाय फैक्टरी में पैदा होंगे बच्चे



**नई दिल्ली।** भविष्य में मां की कोख के बजाय इन्सानों के बच्चे फैक्टरी में पैदा होंगे। विज्ञान के क्षेत्र में यह नई खोज काफी चौंकाने वाली है। एक्टोलाइफ नामक कंपनी उन सभी महिला-पुरुषों की मदद का दावा कर रही है, जिनके किसी भी कारण से बच्चे पैदा नहीं हो पा रहे हैं। दुनिया की पहली कृत्रिम गर्भ सुविधा से फैक्टरी में हर साल 30 हजार बच्चे जन्म लेंगे। एक्टोलाइफ के वैज्ञानिकों का यह भी दावा है कि माता-पिता चाहें तो बच्चे के जीन में बदलाव भी करा सकते हैं। बच्चे की *कोई भी खासियत* जैसे बालों का रंग, आंखों का रंग, ऊंचाई, बुद्धि और त्वचा के रंग को आनुवंशिक रूप से 300 से अधिक जीनों के माध्यम से बदला जा सकता है। एक्टोलाइफ वैज्ञानिकों और इस पूरी प्रक्रिया की शुरुआत करने वाले हासिम अल गायली ने फेसबुक पर एक वीडियो जारी किया है, जिसमें दुनिया का पहला कृत्रिम भ्रूण केंद्र दिखाया गया है। इसमें बच्चे को विकसित होते हुए देखा जा सकता है। एक्टोलाइफ के पास कई उच्च क्वालिटी के उपकरण वाली 75 प्रयोगशालाएं मौजूद हैं। हर प्रयोगशाला में 400 ग्रोथ पॉड्स हैं, जहां गर्भ की तरह बच्चे पल सकते हैं। एक ग्रोथ पॉड्स में एक बच्चा पलता है। हर ग्रोथ पॉड को बिल्कुल उसी तरह से तैयार किया गया है, जैसा कि मां का पेट यानी गर्भाशय होता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, कृत्रिम कोख में बच्चे मां के गर्भ की तरह ही सुरक्षित रहेंगे। इस दौरान उनके खान-पान और उनसे जुड़ी बीमारियों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। ग्रोथ पॉड में सेंसर भी होगा जो बच्चे के महत्वपूर्ण -शेष पृष्ठ दो पर

## दिल्ली में टीचर ने बच्ची को पहली मंजिल से फेंका

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक महिला टीचर गीता देशवाल ने शुक्रवार को एक बच्ची को स्कूल की पहली मंजिल से फेंक दिया। बच्ची हिंदूराव अस्पताल में भर्ती है। उसके सिर में चोट आई है। चश्मदीद के बयान के आधार पर टीचर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में इस स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के बयान सामने आए हैं। एक ने कहा कि यह टीचर पहले भी स्टूडेंट्स से मारपीट कर चुकी है, लेकिन इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। घायल -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा के पहले डेंटल कॉलेज का कल पीएम करेंगे उद्घाटन



**अगरतला ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अगरतला में त्रिपुरा के पहले डेंटल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रभारी माणिक साहा ने गुरुवार रात यह जानकारी दी। साहा ने अगरतला में मीडिया से कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारतीय दंत चिकित्सा परिषद (डीसीआई) की सिफारिश पर आईजीएम अस्पताल के नए भवन में एक डेंटल कॉलेज स्थापित करने की गुरुवार को ही अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक रैली को संबोधित करने, कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन करने और केंद्र और राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत करने के लिए रविवार को त्रिपुरा का दौरा करेंगे। इस दौरान वह डेंटल कॉलेज का भी उद्घाटन करेंगे। माणिक साहा ने कहा कि डीसीआई की टीम ने 12 और 13 दिसंबर को डेंटल कॉलेज के लिए प्रस्तावित भवन का दौरा कर वहां मौजूद सुविधाओं का निरीक्षण किया था। टीम प्रस्तावित भवन में मौजूद -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# देश की एकात्मकता का आधार हमारी संस्कृतियां : शाह

**वाराणसी ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां काशी तमिल संगमम के आयोजन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज तमिल संगगम का अंतिम दिन है लेकिन यह पूर्णाहुति नहीं है। यह तो एक शुरुआत है। सांस्कृतिक विरासत के मिलन की शुरुआत है। अमित शाह काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के एंफीथिएटर मैदान में आयोजित काशी तमिल संगमम के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह भारत की दो महान सांस्कृतिक धरोहरों का अद्भुत संगम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का नतीजा है कि देश की दो सबसे प्राचीन संस्कृति आज एक साथ हैं। ये प्रयास तो आजादी के बाद ही होना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गुलामी के लम्बे कालखंड के बाद आजादी के अमृत महोत्सव में ये कार्यक्रम हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि लंबे समय से हमारे देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद ये प्रयास किया है। ये प्रयास पूरे देश की भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का सफल प्रयास सिद्ध होगा। यहीं से सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत होने वाली है। गृहमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया है। मैं इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। गृहमंत्री ने कहा कि भारत अनेक संस्कृतियों, भाषाओं, बोलियों और कलाओं से बना हुआ देश है। इन सबके बीच में बारीकी से देखें तो उसकी आत्मा एक है और वह भारत की आत्मा है। दुनिया के अन्य देश जिओ पॉलिटिकल आधार बने हुए हैं, लेकिन भारत के साथ ऐसा नहीं है। हमारे देश की एकात्मकता का आधार हमारी संस्कृतियां हैं। अमित शाह ने कहा कि हम भू सांस्कृतिक देश हैं, इसलिए हमारे देश का आधार संस्कृतियां हैं। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि दक्षिण से आदिशंकर अपना ब्रह्मसूत्र लेकर आए और काशी के विद्वानों के समक्ष उसकी स्वीकार्यता सिद्ध कराई। उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण और उत्तर भारत की संस्कृतियों को झोड़ने की पहल की। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद भी एक समय ऐसा आया, जब देश की सांस्कृतिक एकता के बीच जहर घोलने का प्रयास किया गया। एक ही देश के दो समाजों को विमुख करने का प्रयास किया गया। अब समय आ गया है एक भारत श्रेष्ठ भारत की रचना करने का और वह संस्कृतियों के मिलन से ही संभव हो सकता है।

# रंगिया : सशस्त्र सीमा बल के क्षेत्रक मुख्यालय की ओर से वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित




**रंगिया ( निसं )।** रंगिया के मोरानजना स्थित सशस्त्र सीमा बल के क्षेत्रक मुख्यालय का 59वां स्थापना दिवस आगामी 20 दिसंबर को बड़े ही धूमधाम के साथ से मनाया जाएगा। जिसके लिए तैयारियां की जा रही है। कार्यक्रम के पूर्व मौके पर मुख्यालय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्धघाटन बल मुख्यालय के उप-महानिरीक्षक जगदीप पाल सिंह की अगुवाई में दिनांक-13.12.2022 को किया गया। वहीं आज दिनांक ङ्क 16/12/2022 को रंगिया के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसका शुभारंभ उप-महानिरीक्षक जगदीप पाल सिंह ने प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल का स्वागत तथा आगन्तुकों का संबोधन कर किया, इसके पश्चात प्रतियोगिता प्रारंभ की गई। इसके पश्चात बच्चों के लिए हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा इस मौके पर हथियारों के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. चंदन तालुकदार, एस.भी.ओ.(एस.जी.), रमेश कुमार, सेकेंड-इन-कमांड, रुपेश मधुवाल उप- कमांडेंट सहित अधिनस्थ अधिकारी एवं निर्णायक मंडल की डॉ. दिपाली देवी, डॉ. लीनो बरदोली, सह-अध्यापक रंगिया महाविद्यालय लुय फरहीन हुसैन, अरनायका एन.जी.ओ. के पदाधिकारी भी सम्मिलित रहे। आज का यह कार्यक्रम अरनायका एन.जी.ओ के सहयोग से आयोजीत किया। आयोजित प्रतियोगिता में निबेदिता कलिता ङ्क केंद्रीय विद्यालय, रंगिया (प्रथम पुरस्कार), कोस्टव राज कलिता ङ्क केंद्रीय विद्यालय, रंगिया (द्वितीय पुरस्कार) और आर्यन जीशन आहमद ङ्क फातिमा कन्भेंट स्कूल, रंगिया (तृतीय पुरस्कार) प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम के समापन के पश्चात सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

## देश में खसरे के 10 हजार नए मामले, 40 बच्चों की मौत

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने शुक्रवार को बताया कि देश में खसरे के 10,000 मामले सामने आए हैं, जबकि इससे 40 बच्चों की मौत हुई है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में पवार ने बताया कि अकेले महाराष्ट्र में खसरे के 3075 मामले सामने आए हैं जबकि 13 की मौत हुई है। वहीं, झारखंड से 2683 मामले सामने आए हैं जबकि 8 की मौत हुई है। इसी साल नवंबर में खसरे के मामले सामने आए हैं। अब तक इसमें 10416 मामले कंफर्म हो चुके हैं। उन्होंने सदन को बताया कि बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र, झारखंड गुजरात, केरल के कई शहरों और जिलों में बहु अनुशासनिक टीमें भेजी गई हैं।

# सरूपथार के नाउजान में खुला धान उपार्जन केंद्र



**गोलाघाट ( निसं )।** किसानों को अपना धान उत्पादन सरकारी एजेंसियों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्न्क्क) पर बेचने की सुविधा के उद्देश्य से सरूपथार निर्वाचन क्षेत्र के नाउजान में एक धान खरीद केंद्र का गुरुवार को औपचारिक रूप से उद्घाटन किया गया। धान खरीद केंद्र का उद्घाटन सरूपथार विधायक बिस्वजीत फुकन ने किया। केंद्र का उद्घाटन करते हुए सरूपथार के विधायक बिस्वजीत फुकन ने किसानों से सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2040.00 रुपए प्रति क्विंटल पर धान बेचने का आग्रह किया। विधायक ने सभी किसानों से इस सुविधा का लाभ उठाने और अपने-अपने क्षेत्र के कृषि विकास अधिकारियों या कृषि विस्तार सहायकों से जल्द से जल्द संपर्क करने का आह्वान किया। सरूपथार एलएसी के विधायक ने पीपीसी का उद्घाटन करते हुए बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों से किसानों को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य से तीन गुना अधिक धान की खरीद करने को कहा। उन्होंने किसानों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक किसानों को सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए सूचित करें और लामबंद करें। धान उपार्जन केंद्र के आज उद्घाटन समारोह में अनेक स्थानीय किसानों ने भाग लिया जिन्होंने धान उपार्जन प्रणाली पर संतोष व्यक्त किया।

## 1685 किग्रा अवैध बर्मीज सुपारी की गई नष्ट

**चिरांग ( हि.स. )।** बिजनी के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत के आदेश पर चिरांग जिले के बिजनी अनुमंडल पुलिस प्रशासन ने जब्त की गई अवैध बर्मीज सुपारी को जला कर नष्ट कर दिया गया। दरअसल, बिजनी के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने बर्मीज सुपारी को नष्ट करने का आदेश दिया था। शुक्रवार को बिजनी के हवारकला गांव में मजिस्ट्रेट इला बनिया की मौजूदगी में जब्त की गई कुल 1685 किग्रा अवैध बर्मीज सुपारी को जलाकर नष्ट कर दिया गया। यह अवैध सुपारी बिजनी पुलिस ने छापेमारी कर अलग-अलग जगहों से जब्त किया था।

# महानगर में एएन2 कैब सेवा शुरू




**गुवाहाटी।** महानगर में शुक्रवार से नई एएन2 कैब सेवा शुरू हो गई। कैब सेवा का शुभारंभ राज्य सरकार के सेवानिवृत्त आयुक्त सचिव वीरेन फुकन ने किया गया। उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि गुवाहाटी महानगर में दिन-ब-दिन बड़ती आबादी और व्यावसायिक केंद्र बनने के कारण सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र को साचुरू बनाने के लिए एएन2 कैब सेवा शुरू की गई है। एएन2 कैब के निदेशक नजीर हुसैन ने कहा कि स्थानीय इस सेवा से मेट्रो यात्रियों और मोटर चालकों दोनों को लाभ होगा। गौरतलब है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा संचालित कैब सेवाओं को लेकर शिकायतें मिलती रहती हैं। एएन2 कैब सर्विस का उद्देश्य जनता को किफायती दर पर सर्वोत्तम सेवा प्रदान करना है। साथ ही ग्राहक अपने स्मार्टफोन पर एएन2कैब ऐप्प डाउनलोड करके सीधे अपने वाहन बुक कर सकते हैं और अपने गंतव्य तक यात्रा सुनिश्चित कर सकते हैं। वाहन बुकिंग के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा के साथ सामान्य श्रेणी से वीआईपी श्रेणी के ग्राहक के लिए पसंद के अनुसार वाहन बुकिंळग की सुविधा है। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा के महासचिव दिप्लू रंजन शर्मा एवं लोकप्रिय गायक मंटुमनी सइकिया ने भी भाषण दिया।

# पृष्ठ एक का शेष

## *सीएम ने किया 15 ...*

उत्तर लखीमपुर उप मार्ग, खजुवा तिनाली से ढकुआखाना होकर माटमरा में सड़क, असम सरकार की राज्य स्व-प्राथमिकता योजना के तहत लखीमपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को जोड़ने वाली सड़क, सियाजुली-लीलाबाड़ी मार्ग पर ककाई नदी पर 161.24 मीटर लंबा पक्का पुल, लीलाबाड़ी से सियाजुली को जोड़ने वाली सड़क, लखीमपुर उप आंचलिक विज्ञान केंद्र और तारामंडल गृह, गोवारीसाली से 1 नंबर गोवरिशाली सड़क पर पांचने नदी के उफर 4/1 नंबर पक्का पुल, साबति नलकटा को जोड़ने वाले मार्ग पर 2/1 नंबर पक्का पुल, एंगारखोवा से देउबिल को जोड़ने वाले मार्ग पर 3/1 नंबर का पक्का पुलस जापिसजीया से देबेरा होकर एफसीआई गोदाम को जोड़ने वाले मार्ग पर सोमदिरी नदी पर 1/1 नंबर का पक्का पुल, बरदैबाम-बासुदेव थाना मार्ग पर 50 मिटर लंबा पक्का पुल, लखीमपुर रहधला पुखरी संरक्षण और सौंदर्यवर्धन तथा साबति लखीमपुर कैंसर परिचर्चा चिकित्सालय से सुकुलीभरिया होते हुए गरीयाजन जाने वाले मार्ग पर पक्का नाला तथा फुटपाथ का मुख्यमंत्री ने आज उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह जानकर बेहद खुशी हुई है कि लखीमपुर और ढकुआखाना विधानसभा क्षेत्र के नए 6 हजार लोग अरुणोदय योजना में शामिल होने जा रहे हैं। अगले वर्ष से 8 लाख महिलाओं को इस योजना के साथ जोड़ा जाएगा। लखीमपुर और ढकुआखाना विधानसभा क्षेत्र के 10 हजार परिवारों को राशन कार्ड का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर असम सरकार के मंत्री अतुल बोरा, केशव महंत, डॉ. रोनोज पेगू, नंदिता गार्लोसा, सांसद प्रदान बरुवा, विधायक नव कुमार दलै, मानव डेका, भुवन पेगु, डॉ. अमिय कुमार भुईयां, मिसिंग स्वायत्तशासी परिषद के अध्यक्ष सुनील कुमार पेगु, परिषद के मुख्य कार्यकारी सदस्य परमानंद चायेंगिया, एनएचपीसी के कार्यकारी निदेशक बिपिन गुप्ता समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## *असम-मेघालय सीमा...*

तथा मेघालय के पांच लकड़ी तस्करों की फायरिंग और हिंसक झड़प में मौत हुई थी। जिसको लेकर दोनों ही राज्यों में भारी तनाव उत्पन्न हुआ था। मेघालय में इस घटना को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन के साथ ही हिंसक घटनाएं घटी थी। इसको देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्र में शांति प्रक्रिया को बहाल करने के लिए आवश्यक स्थिति का आकलन करने के लिए पहुंचे थे।

## *छह करोड़ की हेरोइन ...*

को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि महिला शारजाह (यूएई) से 13 दिसंबर को यहां पहुंची थी। संदेह होने पर उसे यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने रोक लिया। सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त ने बताया कि आरोपी महिला ने अपने मलाशय में हेरोइन को छुपाया था। उन्होंने बताया कि फिलहाल, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रावधानों के तहत कीनियाई नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में अग्रिम जांच की जा रही है।

## *युक्रेन मुद्दे को ...*

दी और इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। एक अधिकारी ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर समरकंद में हुई अपनी बैठक के बाद, दोनों नेताओं ने इस टेलीफोन वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के कई पहलुओं की समीक्षा की, जिसमें ऊर्जा सहयोग, व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा सहयोग और अन्य प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को जी-20 में भारत की मौजूदा अध्यक्षता के बारे में जानकारी दी और इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने एससीओ की भारत की अध्यक्षता के दौरान दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद भी जताई। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने नियमित संपर्क में रहने पर सहमति जतायी। दोनों नेताओं के बीच फोन पर यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब कुछ ही दिन पहले यह बात सामने आयी थी कि मोदी इस साल वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए रूस की यात्रा नहीं करेंगे। पुतिन पिछले साल शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे।

## *फ्लाइट पकड़नी है ...*

देते हुए हवाई अड्डा प्रबंधन ने यह निर्देश जारी की है। उल्लेखनीय है कि गुवाहाटी हवाई अड्डे में 1 घंटे में केवल 450 यात्री सुचारू रूप से प्रस्थान और आगमन कर सकते हैं में वर्तमान में करीब 3 गुना अधिक यात्री आवाजाही कर रहे हैं। यात्रियों की आरामदायक यात्रा के प्रति ध्यान रखते हुए हवाई अड्डा प्रबंधन ने यह निर्णय किया है।

## *पीएम मोदी पर टिप्पणी ...*

चाहते हैं। आज पूरा विश्व मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। बिलावल की माता बेनजीर भुट्टो की हत्या आतंकियों ने की थी। बावजूद इसके बिलावल आतंकियों के साथ खड़े हैं। बता दें कि प्रदर्शनकारी तीन मूर्ति चौक से नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान उच्चायोग की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने अवरोधक लगाकर पहले ही रोक दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान हाय हाय के नारे भी लगाए। दरअसल, भुट्टो ने पीएम मोदी पर निजी हमले किए थे। एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बिलावल ने कहा कि भारत सरकार गांधी की विचारधारा में विश्वास करने के बजाय उनके कातिल के सिद्धांतो में विश्वास करती है। उन्होंने कहा था कि भारत सरकार हिटलर से प्रभावित है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के मंत्री द्वारा दिए गए अभद्र बयान भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा पाकिस्तान की क्लास लगाने के बाद आया था। दरअलस, विदेश मंत्री ने संयुक्त सुरक्षा परिषद में बोलते हुए कहा था कि जिस देश ने आतंकी ओसामा बिन लादेन की आवाभगत की हो और पड़ोसी देश की संसद पर हमला किया हो। ऐसे देश को उपदेश देने का अधिकार नहीं है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह भी कहा था कि यूएन की विश्वसनीयता हमारे समय की प्रमुख चुनौतियों, चाहे वह महामारी हो, जलवायु परिवर्तन, संघर्ष या आतंकवाद हो की प्रभावी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। गौरतलब है कि विदेश मंत्री कि यह प्रतिक्रिया तब आई थी जब बिलावल भुट्टो बहस के दौरान कश्मीर का मुद्दा उठा रहे थे। बिलावल भुट्टो द्वारा दी गई पीएम मोदी के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणी पर भाजपा के नाताओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया साझा की है। बिलावल के बयान की आलोचना करते हुए विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि अगर किसी देश का विदेश मंत्री इस तरह का बयान दे रहा है तो यह उसे शोभा नहीं देता। यह वो देश है (पाकिस्तान) जो कई बार एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल हुआ था। वह जिस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, वह आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा हे। लेखी ने आगे कहा कि जहां तक पीएम मोदी के नेतृत्व की बात है तो दुनिया ने उस नेतृत्व को मान्यता दी है। पीएम मोदी ने कोविड के दौरान न केवल भारत, बल्कि पाकिस्तान सहित अन्य देशों की मदद की है। मीनाक्षी लेखी ने आगे यह भी कहा कि भुट्टो के पूर्वज कश्मीर, पंजाब, अफगानिस्तान, बलूचिस्तान और कराची में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार थे। तो कोई जानता है कि *कसाई* कौन हैं। भारत एक कानून का पालन करने वाला देश है, जहां संविधान काम करता है। पीएम मोदी को सुप्रीम कोर्ट ने क्लीन चिट दी है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि भुट्टो को अपने देश में आतंकवाद के कृत्यों को याद करना शुरू करना चाहिए जहां एजेंसियों और उनके अपने पूर्वजों ने देश भर में आतंकवाद और आतंकवादियों के नेटवर्क का निर्माण किया है। बलावल भुट्टे द्वारा दी गई टिप्पणी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पाकिस्तान की हरकतों और मंसूबों को दुनिया देख चुकी है। यह देश लंबे समय से आतंकियों को पनाह दे रही है। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन को मार गिराया और भारत ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की। पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान बेहद शर्मनाक था और जिस तरह 1971 में आज ही के दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को परास्त किया था, शायद वह दर्द अब भी मौजूद है।

## *कोरोना से मृत्यु ...*

थी। गर्भवती याचिकाकर्ता के पति का दीप चंद बंधु अस्पताल में कोरोना माहामारी के दौरान तैनाती के समय पांच मई 2020 को निधन हो गया। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले में एक सहानुभूतिपूर्ण विचार की आवश्यकता थी और मुआवजे के भुगतान में और देरी नहीं की जा सकती। वहीं, दिल्ली सरकार ने कहा कि इस संबंध में निर्णय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री के अनुमोदन से लिया जा सकता है। दिल्ली सरकार ने कहा कि ऐसे में इस पर विचार करके इसे भेजा जा सकता है। इस पर पीठ ने कहा कि 13 मार्च 2020 के कैबिनेट निर्णय के तहत मामले को मंत्रियों के समक्ष रखा जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि अधिकारियों द्वारा लिए गए निर्णय से संबंधित रिकार्ड 15 जनवरी को पेश किया जाए। याचिका में मृतक की पत्नी ने कहा था कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सात मई 2020 को उनके पति की मृत्यु के संबंध में किए गए ट्वीट का हवाला दिया। जिसमें मुख्यमंत्री ने मृतक के स्वजन को एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि इसके बाद से वह अनुग्रह राशि के लिए इधर-उधर भटक रही हैं।

## *त्रिपुरा विस चुनाव...*

कहा कि हमें पहले लोकतंत्र की बहाली और कानून के शासन की आवश्यकता पर एक आम सहमति पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर संविधान और इन मुद्दों पर पूरा विपक्ष एक मंच पर आ जाए तो फिर सीटों के बंटवारे पर बात हो सकती है। चौधरी ने कहा कि हम धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताकतों की एकता के पक्ष में हैं। चौधरी ने पार्टी को निर्दिष्ट किए बिना कहा कि माकपा एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक ताकतों के साथ मिलकर लड़ने के लिए तैयार है और इस दिशा में चर्चा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जैसी सांप्रदायिक पार्टी को हराएं, जिसने पिछले पांच वर्षों में त्रिपुरा के लोगों को धोखा दिया है। सीपीआईएम नेता ने कहा कि राज्य को बचाने के लिए भाजपा को सत्ता से बेदखल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के आठ वर्ष के शासन में भारत सभी मोर्चों पर पुरानी विकलांगता से पीड़ित रहा है। हर जगह सरकार हेरफेर, निरंकुशता, लोकतांत्रिक संस्थानों पर लगातार हमले, भ्रष्टाचार और कॉरपोरेट संचालित नीतियों को लागू करने से देश को गरीब बनाती है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 के आम चुनावों में देश के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक दलों के संयुक्त प्रयास से भाजपा को देश से बाहर कर दिया गया था, जहां वाम मोर्चे की हिस्सेदारी थी।

## *सेना की वजह ...*

हमने सुना है कि भारतीय और चीनी सेना के जवानों के बीच सीमा पर झड़प हुई थी, लेकिन भारतीय सेना की मौजूदगी के कारण हमें यहां किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य कर रही है और वे भविष्य में भारतीय सेना का समर्थन करना जारी रखेंगे। एक अन्य नागरिक तेंजा लोबसोम ने कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व है। तिब्बती समुदाय के लोगों ने मैक्लोडगंज के मुख्य चौक पर चीनी घुसपैठ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं में चीन की घुसपैठ के खिलाफ नारेबाजी कर कड़ा विरोध जताया। वहीं, चीन की नापाक हरकतों को कड़ा जवाब देने वाले भारतीय सेना के जवानों को भी नमन किया गया।

## *मां की कोख के ...*

संकेतों जैसे दिल की धड़कन, रक्तचाप, सांस लेने की दर और ऑक्सीजन की निगरानी करेगा। हर पॉड (जिसमें भ्रूण पल रहा होगा) को एक स्क्रीन से जोड़ा गया है, जहां कोई भी मां-बाप अपने बच्चे के विकास की प्रक्रिया को सीधे तौर पर देख सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह सुविधा फिलहाल वास्तव में मौजूद नहीं है, लेकिन वीडियो में यह दावा किया गया है कि इसका उद्देश्य जनसंख्या में गिरावट से पीड़ित देशों की मदद करना है। 08:39 मिनट के एनीमेशन वीडियो में दावा किया गया है कि यह सुविधा पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा से संचालित होगी। इसमें कहा गया है कि एक्टोलाइफ सुविधा के लिए प्रयोगशाला में बड़ी संख्या में पॉड्स या कृत्रिम गर्भ होंगे, जिसके अंदर बच्चों को पाला जाएगा। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक गर्भावस्था में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते दुनिया भर में हर साल 3 लाख महिलाओं की मौत होती है।

## *दिल्ली में टीचर ने ...*

छात्रा ने बताया कि टीचर ने मुझे कैंची से मारा और मेरे बाल खींचे, फिर मुझे स्कूल की पहली मंजिल से फेंक दिया। मैंने कुछ भी गलत नहीं किया था। डीसीपी श्वेता चौहान ने बताया कि मॉडल बस्ती में प्राथमिक विद्यालय की टीचर ने बच्ची को कैंची से मारा और फिर स्कूल की पहली मंजिल से धक्का दे दिया। हमने टीचर के खिलाफ एक्शन लिया है। मैं स्कूल का सर्वे करने आई थी। बच्ची फिलहाल ठीक है। घटना के बाद स्कूल पहुंचे बाकी बच्चों के पेरेंट्स ने आरोप लगाया कि टीचर ने पहले भी मारपीट कर चुकी है। एक बच्चे के पिता ने कहा कि उसके बच्चे के साथ भी मारपीट हुई। जब टीचर ने बच्ची को फेंका तो वह डर कर स्कूल से भाग आया। इसके बाद बाकी पेरेंट्स भी स्कूल पहुंच गए। इनमें से एक ने दावा किया है कि उसके पास क्लासरूम का वीडियो है, जिसमें बेंच पर खून बिखरा दिखाई दे रहा है।

## *त्रिपुरा के पहले डेंटल...*

बुनियादी सुविधाओं से प्रभावित थी। डीसीआई की कार्यकारी परिषद ने 15 दिसंबर को अगरतला में एक डेंटल कॉलेज स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंटल कॉलेज में 50 सीट होंगी और यह त्रिपुरा केंद्रीय विश्वविद्यालय के तहत काम करेगा। 50 सीटों में से 15 फीसदी सीट केंद्रीय पूल के लिए आरक्षित होंगी। 7-8 सीट पूर्वोत्तर राज्यों के लिए और बाकी त्रिपुरा के छात्रों के लिए आरक्षित होंगी। यहां चार वर्षीय बीडीएस पाठ्यक्रम में दाखिला राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के आधार पर किया जाएगा और बाद में इसे धीरे-धीरे अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र अगले साल सितंबर से शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने राज्य में डेंटल कॉलेज की स्थापना की अनुमति देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया का आभार जताया है।

## *आईएसआई से संबंध ...*

से पूछताछ की गई। उसने बताया की वह पहले भारी वाहन निर्माण कारखाना अवाडी चेन्नई (रक्षा मंत्रालय) में लिपिक के पद पर कार्यरत था। यहां तोप और टैंक समेत अन्य रक्षा उपकरण बनता है। उस समय फेसबुक के जरिए उसकी पहचान शानवी शर्मा (छद्म नाम) से पहचान हुई। उसने उसे हनी ट्रैप किया। फिर पैसे का लालच देकर उससे कई सारी खुफिया जानकारी व्हाट्सएप और ईमेल के जरिए ली। बदले में उसके खाते में मोटी रकम भी भेजती रही। वह महिला आईएसआई एजेंट सह हैंडलर थी। पुलिस की माने तो आरोपी को इसका पता लग चुका था। बावजूद इसके वह पैसे के लालच में खुफिया जानकारी उपलब्ध कराता था। एसएसपी ने कहा की उसके एसबीआई खाते का पूरा डिटेल खंगाला जा रहा है। इसे फ्रिज किया जाएगा। उसके खिलाफ कटरा थाने में ऑफिशियल सिक्रेसी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उसके मोबाइल के गैलरी में अभी भी कई ऐसे गोपनीय तस्वीर और दस्तावेज हैं। जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

## *तवांग मुद्दा : रास ...*

को अलग करने की मांग की, लेकिन जब अध्यक्ष ने अनुमति नहीं दी, तो वे नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गए। हंगामा बढ़ता देख उपसभापति हरिवंश ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया। उधर, भारतीय सेना के अधिकारियों ने तवांग में झड़प को लेकर प्रतिक्रिया दी है। पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने कहा कि पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) को पार किया, इसके विरोध में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आईं हैं। उन्होंने आगे बताया कि इसका स्थानीय स्तर पर समाधान हुआ है। हालात अब काबू में हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **षष्ठ अध्याय**

**( वैराग्य )**

**माया दुख का रूप है, जिव त्रिताप दुख पाव।**
**सहस कल्प भरमत फिरै, फिर फिर योनिन आव॥ 07॥**

**शब्दार्थ :** (सहस) हजार (कल्प) सृष्टि।

**भाष्य :** माया दु:ख का स्वरूप है। माया के संबंध से जीवात्मा का त्रिताप दु:ख प्राप्त होता है और सहस्त्रों कर्मों से भ्रमण कर कर्मवश बार-बार जन्म धाण करना पड़ता है।

**निज स्वरूप से भिन्न जो, सो सब माया जान।**
**सहस रूप में प्रकट है, यह जग दृश्य महान॥ 08॥**

**शब्दार्थ :** (भिन्न) अलग (महान) बड़ा।

**भाष्य :** आत्मस्वरूप से भिन्न जो जड़ अनात्म जगत है, वह सब माया है। उस माया से हजारों रूप प्रकट होते हैं और उनसे इस विशाल महान सृष्टि की रचना होती है। जगत का मूल कारण माया है।

# सीएम ने विशेष टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ



**लखीमपुर (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा शुक्रवार को विकास के लिए एक पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत लखीमपुर जिले के दौरे में घुनासुती में विशेष टीकाकरण अभियान 2.0, असम का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को टीडी टीका प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री, कपिलदेव टाइड, अर्कज्योति टाइड नामक दो नवजात बच्चों के टीकाकरण और बानी पायेंग नामक गर्भवती महिला को टीडी टीका लगाने के दौरान उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी बच्चों के माता-पिता से कोरोना काल के दौरान नियमित टीकों से वंचित सभी बच्चों को इस अभियान के तहत टीके प्रदान करने के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर असम सरकार के मंत्री केशव महंत, अतुल बोरा, विधायक मानव डेका और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## अवैध शिकारी एनकांउटर में घायल

**दरंग (हि.स.)।** दलगांव पुलिस ने अवैध शिकारी अब्दुल मतीन उर्फ काला को पुलिस कस्टडी से भागने के दौरान गोली मार दी, जिसके चलते वह घायल हो गया। पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश के दौरान पुलिस ने रोकने के लिए अवैध शिकारी पर गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे पुन: गिरफ्तार कर इलाज के लिए मंगलदै सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। ज्ञात हो की गिरफ्तार शिकारी ने पुलिस को बताया था की ओरांग नेशनल पार्क के पास धनश्री नदी के किनारे एक थ्री नॉट थ्री राइफल जमीन के नीचे छिपकर रखा हुआ है और उसकी के बारामदगी के लिए गुरुवार रात पुलिस ने उसे लेकर थाने से लेकर रवाना हुई थी। इसी बीच मौका पाकर अवैध शिकारी पुलिस की कस्टडी से भागने की कोशिश की। उसे पकड़ने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी।

# कांग्रेस की असम इकाई की भारत जोड़ो यात्रा का समापन



**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई की भारत जोड़ो यात्रा 45 दिन में 835 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद राज्य के पूर्वी छोर सादिया में समाप्त हुई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव जितेंद्र सिंह ने चापाखोवा खेल के मैदान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भले ही यात्रा बृहस्पतिवार को समाप्त हो गई हो, लेकिन यह भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के अन्याय एवं अनैतिकता के खिलाफ क्रांति की मात्र एक शुरुआत है। कांग्रेस की राज्य इकाई की भारत जोड़ो यात्रा एक नवंबर को धुबड़ी जिले के गोलकगंज से शुरू हुई थी और यह 15 जिलों, नौ लोकसभा क्षेत्रों एवं 51 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी। सिंह ने कहा कि हमारी यात्रा में विभिन्न समुदायों, धर्मों, भाषाओं एवं जातियों के लोगों ने भाग लिया और कांग्रेस पार्टी के प्रति भरोसा जताया। कांग्रेस कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक की 3,570 किलोमीटर की मुख्य यात्रा के अलावा राज्य स्तर पर भी कई यात्राएं आयोजित कर रही है। ये यात्राएं उन राज्यों में आयोजित की जा रही हैं, जहां से मुख्य यात्रा नहीं गुजरेगी। सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व में राज्य में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार असम की भाषा और संस्कृति को नष्ट करने का खतरा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा कि निरंकुश शासन लाकर लोकतंत्र के शासन और संवैधानिक सिद्धांतों को तोड़ने-मरोड़ने के बाद, भाजपा और हिमंत विश्व शर्मा को इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिए। असम की कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि यात्रा के दौरान लोगों से मिली प्रतिक्रिया और उनका समर्थन वास्तव में अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कुशासन के कारण महंगाई, बेरोजगारी की समस्या और सांप्रदायिक राजनीति ने असमिया समाज के सौहार्द और सद्भाव को विनाश की ओर धकेल दिया है। लोग हर जगह भय और आतंक के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

# कामरूप (ग्रामीण) में नवनियुक्त उप-पंजीयकों की प्रशिक्षण कार्यशाला



**रंगिया/ अमिनगांव।** कामरूप जिले के एकीकृत उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आज जिले के नवनियुक्त 29 उप-पंजीयकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भाग लेते हुए जिला उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने कहा कि उप- पंजीयकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। इस मौके पर उपायुक्त कीर्ति जल्ली ने विशेष रूप से भूमि पंजीकरण के दौरान बहुत सावधानी बरतने और अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने नवनियुक्त उप- पंजीयकों से समानता के साथ कार्य करने और कार्यालय के कार्यों को तेजी से करने का आग्रह किया। उन्होंने कामना की कि कुशल अधिकारी के रूप में समाज को आगे बढ़ाने में सभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगें इसके लिए सभी को शुभकामनाएं दी । आज आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यशाला में कामरूप जिले के अतिरिक्त उपायुक्त ध्रुवज्योति दास, सहायक महा-पंजीयक-अरूपज्योति हजारिका, वरिष्ठ उप-पंजीयक, कामरूप मंजीत दास सहित इस अवसर पर प्रतिपंजीयक, बरपेटा, अपूर्ब नाथ और जिला प्रशासन के बहुत से अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## तीन ट्रकों में भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

**धुबड़ी (हि.स.)।** धुबड़ी जिला के बिलासीपारा में राष्ट्रीय राजमार्ग 17 पर शुक्रवार सुबह सिराकुट में एक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा घने कोहरे के कारण होना बताया गया है। घायलों को स्थानीय लोगों ने बिलासीपारा मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा उस समय हुआ जब धुबड़ी से गुवाहाटी जा रहा ट्रक विपरीत दिशा से आ रहे दो अन्य ट्रकों (एएस-17बी-9954, डब्ल्यूबी-57सी-8685 एवं एएस-01एनसी-2230) से टकरा गया। हादसे में मृत ट्रक चालक की पहचान चापर मोस्कागुड़ी निवासी अमीनुल इस्लाम के रूप में हुई है। घायल हुए अन्य ट्रक चालक और खलासी की पहचान मुस्तफा शेख , शाहनूर इस्लाम, अहिदुल शेख और जाहिदुल रहमान के रूप में हुई है। लोगों का आरोप है कि हादसे के काफी देर बाद तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची।

## 19 दिसंबर को दिल्ली में किसान संघ की रैली

# राज्य के 200 किसान लेंगे भाग




**गुवाहाटी (हि.स.)।** देश के किसानों की मांगों को उठाने के लिए 19 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में एक विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है। असम के लगभग 200 किसान भी इसमें भाग लेंगे। यह जानकारी भारतीय किसान संघ, असम के राज्य संगठन मंत्री कृष्ण कांत बोरा ने शुक्रवार को गुवाहाटी के आलोक भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। बोरा ने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव चल रहा है, जब देश में अन्न की कमी थी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री स्वयं जय जवान जय किसान का नारा दिया था, लेकिन आज आजादी के इतने वर्षों बाद भी किसानों को अपनी जरूरी चीजें एमआरपी में खरीदनी पड़ रही हैं लेकिन उनके उत्पादों को उनके उत्पाद बेचते समय न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचा जाना चाहिए। आज किसानों को यह देखने के लिए इंतजार करना होगा कि उन्हें उनका न्याय कब मिलेगा। कम से कम कृषि उपज का लाभकारी मूल्य उत्पादन लागत पर तो प्राप्त करें, मिलना तो दूर, सभी उत्पादकों को जीएसटी अधिनियम के तहत सभी उपभोग्य वस्तुओं में इनपुट क्रेडिट तो मिलता है लेकिन केवल किसान ही इन सुविधाओं से वंचित हैं। उनका कहना है कि, हालांकि किसान सम्मान निधि सरकार द्वारा एक न्यायसंगत कदम था, लेकिन राशि पर्याप्त नहीं थी, किसानों ने इस कदम का स्वागत किया। वर्ष 2019 से वर्ष में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि आज की तारीख में किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है, क्योंकि किसानों की कृषि में उपयोग होने वाली उपज की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, इसलिए इस राशि को बढ़ाया जाना चाहिए। बोरा ने कहा कि सरकार ने किसानों के हित में उर्वरकों के लिए रियायती मूल्य की व्यवस्था की है, लेकिन दुर्भाग्य से इस छूट से किसानों के हित से अधिक उर्वरक कंपनी को फायदा हुआ है। उधर, कृषि मंत्रालय ने जीएम सरसों की खेती की अनुमति दे दी है। कृष्णकांत बोरा ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री खुद प्राकृतिक खेती की बात कर रहे हैं, पर्यावरण मंत्रालय के विपरीत स्थिति किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन ने इसलिए मांग की कि किसानों को कृषि उपज की उत्पादन लागत से अधिक लाभकारी उचित बिक्री मूल्य मिलना चाहिए, कृषि में उपयोग होने वाले उत्पादों की मूल्य वृद्धि के सापेक्ष किसान सम्मान निधि की राशि में वृद्धि करना, कृषि में उपयोग होने वाले जीएसटी को जल्द से जल्द रद्द करना और जीएम फसलों की अनुमति को पूरी तरह से रोकना चाहिए। बोरा ने कहा कि इन मांगों के समर्थन में संगठन ने 19 दिसंबर को रामलीला मैदान में रैली का आयोजन किया है।

# गो क्रिसमस 2.0 कार्निवल के पोस्टर का अनावरण




**गुवाहाटी (नसं)।** महानगर में आगामी क्रिसमस की धूम दिखने लगी है। बाजारों में एक ओर जहां क्रिसमस ट्री, संता टोपी आदि की मांग बढ़ चुकी है। वहीं क्रिसमस को लेकर कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 24 और 25 को आयोजित होने वाले गो क्रिसमस कार्निवल के पोस्टर का अनावरण शुक्रवार को किया गया। तीन युवा महिला उद्यमी सोफिस्टिकाडोस की प्रमुख अदिति चौधरी, मेपल बियर कैनेडियन प्रीस्कूल की प्रमुख निधि गोयल व जयन्नकित की प्रमुख जयंती अग्रवाल ने पोस्टर का अनावरण किया। महानगर के जीएस रोड स्थित भांगागड़ फ्लाईओवर के पास सेलिब्रेशन ग्रैंड परिसर में कार्यक्रम का आयोजन 24 व 25 को किया जाएगा। इस मौके पर अदिति चौधरी ने बताया की गत वर्ष के आयोजन की शानदार सफलता के बाद इस बार भी क्रिसमस के मौके पर आगामी 24 दिसंबर से दो दिवसीय गो क्रिसमस 2.0 नामक कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्निवाल की आय का हिस्सा वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए वहन किया जाएगा। निधि गोयल ने बताया की कार्निवल के स्टार प्रायोजक वंद्या इंटरनेशनल स्कूल है, जबकि गोल्ड प्रायोजकों के रूप में फिटभीम एनर्जी ड्रिंक और मसल मंकी फिटनेस क्लब है। जयंती अग्रवाल ने कहा कि कार्निवल में 3 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए चित्रांकन-कलरिंग प्रतियोगिताएं, फैंसी ड्रेस, टैलेंट हंट, जूनियर शेफ, शो एंड टेल, कई तरह की प्रतियोगिताएं व मनोरंजन भरी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पॉटरी, ग्रो योर प्लांट, क्रिसमस क्राफ्ट्स, डेकोपेज, टेक्सचर आर्ट के साथ मैजिक शो, लाइव बैंड जैसी विभिन्न कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इस पारिवारिक कार्निवल में स्वादिष्ट भोजन, रोबोटिक्स, पेटू डेली, आइसक्रीम, गेम स्टॉल, बच्चों के सामान, सहायक उपकरण और कई अन्य के साथ रोमांचक स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आयोजकों ने महानगरवासियों से गो क्रिसमस 2.0 कार्निवाल में अपने पूरे परिवार के साथ हिस्सा लेने का आह्वान किया, जहां उनके बच्चे सबसे बड़े मंच पर एक छत तले विभिन्न आयोजनों में हिस्सा लेकर अपने भीतर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। इससे न केवल बच्चों का मनोबल बड़ेगा, बल्कि उन्हें भविष्य में अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

## सजल फाउंडेशन ने वितरित किया कंबल

**कोकराझार (हि.स.)।** सजल फाउंडेशन नामक एनजीओ द्वारा हिंदू, ईसाई और इस्लाम के साथ-साथ विभिन्न धर्मों के गरीब परिवारों को ईद, क्रिसमस और पूजा के अवसर पर नए कपड़े वितरित करता रहा है। इसी कड़ी में इस बार ईसाई धर्म के लोगों के बीच क्रिसमस पर नए कपड़े और कंबल वितरित करना भी शुरू किया है। क्रिसमस के मद्देनजर शुक्रवार को सजल फाउंडेशन के मुख्य निदेशक और श्रीरामपुर निर्वाचन क्षेत्र के पार्षद सजल सिंह ने निर्वाचन क्षेत्र के श्रीरामपुर 1 नंबर और श्रीरामपुर 2 नंबर वार्ड में कंबल वितरित किया। उन्होंने दोनों गांवों में गरीब और जरूरतमंद तीन सौ गरीब परिवारों के बीच कंबल वितरित किए। आज के इस कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान सजल फाउंडेशन के मुख्य निदेशक सजल सिंह ने कहा कि फाउंडेशन गरीब परिवारों, बीमार और गरीब छात्रों को सहायता प्रदान करने के अलावा सभी धर्मों के त्योहारों के दौरान गरीब परिवारों के बीच नए कपड़े वितरित करते आ रहा है और आगे भी करता रहेगा।

# मूल्य निर्धारकों की संस्था पूर्वोत्तर क्षेत्र में विस्तार करने का प्रयास




**गुवाहाटी (विभास)।** वैल्यूएशन के क्षेत्र में अग्रणी संस्था इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्यूअर्स ने ग्रीनवुड रिजॉर्ट में वैल्यूएशन और होम लोन के बारे में एक जागरूकता प्रेस बैठक का आयोजन किया हैं। आईवीसी ने प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए आपूर्ति-पक्ष की खाई को पाटने और भारत के सभी 766 जिलों को डिजिटल बनाने के लिए इवालो के सहयोग से एकता प्रक्रिया सामग्री की शुभारंभ किया हैं। यह पहल;कौशल भारत और डिजिटल भारत आंदोलनों के साथ मूल्यांकन बिरादरी के संरेखण की दिशा की और एक कदम हैं। 16 से 18 दिसंबर 2022 तक गुवाहाटी में इंडियन वैल्यूर्स कांग्रेस हो रही हैं। यह न केवल उस हिस्से तक पहुंचने की दृष्टि से है, बल्कि दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र के लिए प्रयास करने और द्वार खोलने के लिए भी जरूरी हैं। आईओवी के अध्यक्ष, पी के त्यागराजन और विनय गोयल, माननीय आईओवी के महासचिव और आईओवी- आरवीएफ के एमडी और सीईओ ने टीम आईओवी के साथ मुख्य अतिथि राजू तैंग, प्रधान मुख्य आयुक्त, आयकर विभाग, एनईआर; सम्मानित अतिथि अमित प्रधान, ईडी, आईबीबीआई; एस के बरुआ, ईडी, एनईडीएफआई और अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति जैसे डॉ आर नारायणस्वामी, अध्यक्ष, एनएफआरए सलाहकार समिति; एस सुमंत बत्रा, लगभग 50 में से कुछ के नाम हैं जिनको स्वागत किया हैं। इस सम्मेलन का आयोजन इंस्टीट्यूशन ऑफ वैल्यूअर्स द्वारा इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया और रजिस्टर्ड वैल्यूअर्स फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है।

# जातीय विद्यालय के पूर्व विद्यार्थी सम्मेलन 8 को

**होजाई (होसं)।** होजाई अंचल की मात्री भाषा माध्यम का शिक्षा अनुष्ठान, जातीय विद्यालय, होजाई ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और पिछले 17 जनवरी 2021 से पूरे वर्ष विद्यालय में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रजत जयंती धूमधाम के साथ मनाई जा रही है। रजत जयंती के दौरान ही नए वर्ष के 8 जनवरी (रविवार) को विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को लेकर एक समावेश का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले 25 वर्षों में उक्त विद्यालय से कई छात्र-छात्राओं ने यहां से शिक्षा ग्रहण की और आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अपनी प्रतिष्ठा व नाम स्थापित किया है। जाति विद्यालय स्कूल परिवार ने कामना की है कि पूर्व विद्यार्थी उक्त समावेश में शामिल होंगे और उसे ससफल बनाएंगे। गौरतलब है कि रजत जयंती के समापन के उपलक्ष में नए वर्ष के 7 से 17 जनवरी तक बौद्धिक, सांस्कृतिक और खेल कूद सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उक्त जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आज दी गई है।

## हैलाकांदी में बर्मा की सुपारी ले जा रहे दो ट्रक पकड़े गए

**हैलाकांदी (हि.स.)।** हैलाकांदी जिला में जमीरा पुलिस ने अवैध रूप से बर्मा (म्यांमार) की सुपारी ले जा रहे दो ट्रकों को जब्त किया गया है। जमीरा पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एक ट्रक से बर्मीज सुपारी की 40 बोरियां और दूसरे ट्रक से 100 बोरियां जब्त की गई हैं। एक ट्रक का ड्राइवर मौके से भाग गया जबकि दूसरे ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस का अनुमान है कि जब्त सुपारी का बाजार मूल्य 40 लाख रुपए है।

## अंतर्राष्ट्रीय अगर व्यापार केंद्र के निर्माण का उद्योग मंत्री ने किया निरीक्षण

**गोलाघाट (हि.स.)।** असम सरकार के उद्योग मंत्री बिमल बोरा ने शुक्रवार को गोलाघाट जिले के खुमटाई के डूबीडूबी में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय अगर व्यापार केंद्र के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मंत्री बिमल बोरा गोलाघाट जिले के डूबीडूबी में निर्माणाधीन व्यापार केंद्र पहुंचे और वहां के कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों तथा ठेकेदारों से काम के बारे में जानकारी ली। मंत्री बोरा ने उम्मीद जताई कि व्यापार केंद्र के पूरा होने से असम की अर्थव्यवस्था पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। माना जा रहा है कि इससे सांची के किसानों में उम्मीद जगाएगी। मंत्री ने सांची की खेती पर ध्यान केंद्रित करने का भी किसानों से आह्वान किया और निर्माण कार्य की धीमी गति पर अपनी नाराजगी भी व्यक्त की।

# घटते संपदाओं और लैंगिक समानताओं पर जागरूकता कार्यक्रम




**गुवाहाटी (विभास)।** रेवा विश्वविद्यालय अपना सफल नृत्य प्रस्तुतीकरण पंचवक्त्रम मंगलवार इस अनोखे नृत्य प्रस्तुतीकरण का आयोजन प्रागज्योति आईटीए कल्चरल कॉम्प्लेक्स, एमजी रोड, माचखोवा किया गया। स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड इंडिक स्टडीज द्वारा पंचवक्त्रम नृत्य उत्पादन का मूल उद्देश्य घटते संपदाओं और लैंगिक समानता के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह शिव-सदाशिव के पांच चेहरों पर प्रकाश डालते हुए भारतीय पौराणिक कथाओं की महत्वपूर्ण कहानियों के माध्यम से उनका विस्तार करता है। शिव के पांच मुख- सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान, प्रकृति के पांच तत्वों या पंचभूत के माध्यम से सन्निहित हैं। वे क्रमशः भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश हैं, जो दुनिया को लावण्य के साथ सृजन, संरक्षण के साथ विघटन, अनदेखी को अनुभव करने का एवं अनंत आकाश के आलिंगन को मेहसूस करने के विचारधारा को प्रस्तुत करती हैं। प्रस्तुतकर्ता दिखाते है कि कैसे पांच तत्व एक-दूसरे को अपने अस्तित्व और गति में आसानी से आरोपित करते हैं और प्रकृति में सद्भाव और संतुलन बनाए रखने का काम करते हैं। यह नृत्य नाटिका कीमती प्राकृतिक संपदाओं की क्षय को कम करने के विभिन्न तरीकों पर भी ध्यान केंद्रित करती है। रेवा विश्वविद्यालय ने नेशनल एजुकेशन पालिसी 2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय का रोडमैप प्रस्तुत किया है। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की इस आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए चार प्रमुख एसडीजी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उच्च शिक्षा में अग्रणी के रूप में तथा परिवर्तन लाने की क्षमता के साथ, रेवा विश्वविद्यालय ने नृत्य और कला रूपों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रति मानव के संवेदनशीलता की आवश्यकता की ओर संदेश देना चाहा है। साथ ही कैसे हमारे देश ने हमेशा स्त्रीत्व को पुरुषत्व से अधिक श्रेष्ठ माना है एवं यात्रा नार्यस्तु पूज्यन्ते, टाट्रा रमन्ते देवता (अर्थात भगवान उन स्थानों पर रहते हैं जहाँ महिलाओं की पूजा की जाती है)-इस विचारधारा का प्रसार करने का प्रण लिया है। पंचवक्त्रम प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए रेवा विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पी श्यामा राजू ने कहा कि जी20 / जी20 शीर्षक सम्मेलन को ध्यान में रखते हुए, जिसने हमारे देश को विश्व के मानचित्र पर और स्ष्ठजीह्य / एसडीजीओं और एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विषय के साथ संरेखित किया है, रेवा विश्वविद्यालय देश के विभिन्न हिस्सों में भारतीय ज्ञान प्रणाली और युवाओं के बीच इसे बढ़ावा देने में एचईआई की भूमिका का संदेश फैलाने के लिए पंचवक्त्रम का मंचन कर रहा है। रेवा यूनिवर्सिटी हमेशा साल दर साल अनोखे प्रदर्शन के साथ सामने आती रही है। इस बार स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स एंड इंडिक स्टडीज के छात्र-छात्रा पंचवक्त्रम द्वारा गुवाहाटी के युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहते हैं।

# परमाणु, जैविक,रासायनिक युद्ध में सक्षम 'मोरमुगाओ' जहाज 18 दिसंबर को नौसेना के बेड़े में शामिल होगा

**- प्रोजेक्ट 15 बी के तहत बनाया गया है स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का दूसरा जहाज**
**- इसी प्रोजेक्ट का पहला जहाज विशाखापत्तनम पिछले साल शामिल हो चुका है नौसेना में**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** परमाणु, जैविक और रासायनिक युद्ध में सक्षम 'मोरमुगाओ' जहाज को 18 दिसंबर को औपचारिक रूप से नौसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत बनाए गए स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक का यह दूसरा जहाज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के पहला जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम को पिछले साल भारतीय नौसेना में शामिल किया जा चुका है। नौसेना के बेड़े में शामिल करने का कार्यक्रम मुम्बई के नौसेना डॉकयार्ड में होगा। प्रोजेक्ट 15 बी के तहत चार जहाजों के लिए 28 जनवरी, 2011 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस परियोजना का पहला जहाज आईएनएस विशाखापत्तनम पिछले साल 21 नवंबर को भारतीय नौसेना में कमीशन किया जा चुका है। आईएनएस मोरमुगाओ प्रोजेक्ट-15बी श्रेणी का दूसरा स्वदेशी स्टील्थ विध्वंसक है। स्वदेशी तकनीक से बने युद्धपोत को पिछले साल 19 दिसंबर को परीक्षण के लिए समुद्र में उतारा गया था। इस जहाज की डिजाइन भारतीय नौसेना के स्वदेशी संगठन ने तैयार की है तथा निर्माण मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने किया है। इस शानदार पोत की लंबाई 163 मीटर, चौड़ाई 17 मीटर और वजन 7400 टन है। इसकी गिनती भारत में निर्मित सबसे घातक युद्धपोतों में होती है। पोत को शक्तिशाली चार गैस टर्बाइनों से गति मिलती है। इस वजह से यह पलक झपकते ही 30 समुद्री मील तक की गति पकड़ सकता है। रडार भी पोत को आसानी से नहीं पकड़ सकता। मोरमुगाओ उत्कृष्ट हथियारों और दूरसंवेदी उपकरणों से लैस है। इसमें जमीन से जमीन पर तथा जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं। पोत में आधुनिक निगरानी रडार लगा है, जो लक्ष्य के बारे में सीधे तोप प्रणाली को सूचित कर देता है। पोत की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को देश में ही विकसित किया गया है। पोत में रॉकेट लॉन्चर, तारपीडो लॉन्चर और एसएडब्लू हेलीकॉप्टर की व्यवस्था है। पोत आणविक, जैविक और रासायनिक युद्ध परिस्थितियों से लड़ने में सक्षम है। इस पोत की खासियत है कि इसमें लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा पूर्ण रूप से स्वदेशी है और इसे आत्मनिर्भर भारत के तहत निर्मित किया गया है। अनेक उपकरणों का स्वदेशीकरण किया गया है, जिनमें जमीन से जमीन व जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, तारपीडो ट्यूब्स और लॉन्चर, पनडुब्बी रोधी रॉकेट लॉन्चर, एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली, स्वचलित ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली, फोल्डेबल हैंगर डोर, हेलो ट्रैवर्सिंग प्रणाली, क्लोज-इन युद्धक प्रणाली तथा पोत के अग्र भाग पर लगी सोनार प्रणाली शामिल है। प्रमुख ओईएम के साथ बीईएल, एल-एंड-टी, गोदरेज, मैरीन इलेक्ट्रिकल ब्रह्मोस, टेक्नीको, काइनको, जीत-एंड-जीत, सुषमा मैरीन, टेक्नो प्रॉसेस आदि जैसे छोटे एमएसएमई ने भी इस विशाल मोरमुगाओ को बनाने में अपना योगदान दिया है। पश्चिमी तट पर स्थित ऐतिहासिक गोदी शहर गोआ के नाम पर मोरमुगाओ नाम रखा गया है। संयोग से यह पोत पहली बार 19 दिसंबर, 2021 को उस दिन समुद्र में उतरा था, जिस दिन पुर्तगाली शासन से गोआ की मुक्ति के 60 वर्ष पूरे हुए थे। गोआ मुक्ति दिवस की पूर्व संध्या पर 18 दिसंबर को पोत को नौसेना में शामिल किए जाने से भारतीय नौसेना हिंद महासागर व उसके आगे के समुद्री क्षेत्र में अपना दायित्व और भूमिका निभाने में सक्षम होगी। इस जहाज का नाम गोवा के समुद्री क्षेत्र मोरमुगाओ को समर्पित करने से न केवल भारतीय नौसेना और गोवा के लोगों के बीच संबंध में वृद्धि होगी, बल्कि जहाज की पहचान को स्थायी रूप से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका से भी जोड़ा जाएगा।

# दिल्ली विधानसभा नहीं केंद्र के प्रति जवाबदेह होगा नगर निगम

**राकेश शर्मा**



**नई दिल्ली।** एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी से हार का सामना करने वाली भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने कहा कि संशोधित दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम के अनुसार नगर निकाय अब केंद्र के अधीन आता है और दिल्ली सरकार के प्रति जवाबदेह नहीं है। आम आदमी पार्टी (आप) ने चार दिसंबर को हुए चुनावों में जीत हासिल कर नगर निगम में बीजेपी के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया है केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने 250 वार्डों में से 134 पर जीत हासिल की जबकि बीजेपी ने केवल 104 वार्ड में जीत दर्ज की। बीजेपी की दिल्ली इकाई के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की दिल्ली सरकार या विधानसभा के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। प्रवीण शंकर कपूर ने एक बयान में कहा दिल्ली नगर निगम अधिनियम में संशोधन के बाद एमसीडी अब केंद्र सरकार या उसके प्रतिनिधि उपराज्यपाल के अधीन है। नगर निगम दिल्ली सरकार या विधानसभा के प्रति जवाबदेह नहीं है। बता दें इसी साल 9 मार्च को केंद्र सरकार ने उपराज्यपाल को पत्र भेजकर दिल्ली के तीनों निगमों को एक करने की बात कही थी। फिर 9 मार्च 2022 को ही निगम चुनाव से पहले दिल्ली राज्य चुनाव आयोग ने इसकी जानकारी दी थी। जिसमें निगम का एकीकरण की बात कही गई और फिर 22 मार्च 2022 को पीएम मोदी की केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में निगम के एकीकरण को लेकर दिल्ली नगर निगम संशोधन विधेयक 2022 को मंजूरी दे दी थी। 30 मार्च को लोकसभा में इस बिल को पारित कर दिया गया और 5 अप्रैल को राज्यसभा से भी इसे पारित कर दिया और 18 अप्रैल को राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दे दी थी। फिर 18 मई को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर 22 मई से संशोधित एक्ट को लागू कर दिया और इसी तारीख से 11 साल बाद दिल्ली नगर निगम का एकीकरण हो गया था।

# कश्मीरी गेट बस अड्डे से हटाए जाएंगे भिखारी

**आशीष वर्मा**




**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने जी20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर कश्मीरी गेट बस अड्डे के निकट हनुमान मंदिर इलाके से भिखारियों को हटाकर दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के रैन बसेरों में भेजने का आदेश दिया है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। दिल्ली का प्रगति मैदान सितंबर 2023 में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन का मुख्य स्थल होगा। डीयूएसआईबी के मुख्य अभियंता के तहत चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जो संबंधित जिले के पुलिस उपायुक्त समेत सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इन भिखारियों को द्वारका और अन्य स्थानों पर स्थित रैन बसेरों में स्थानांतरित करने के लिए मंगलवार तक एक कार्य योजना तैयार करेगी। डीयूएसआईबी के सीईओ के महेश द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि आईएसबीटी के निकट हनुमान मंदिर के आसपास से भिखारियों को हटाकर डीयूएसआईबी के रैन बसेरों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। जी20 शिखर सम्मेलन की बैठकों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। भारत ने एक दिसंबर को जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। भारत की मेजबानी में जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल है। इसके सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# सुधर रही है दिल्ली की हवा! 150 से कम हुआ एक्यूआई का इंडेक्स

**अजय कुमार**



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में रहने वालों को पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण से लगातार राहत मिलने का सिलसिला जारी है। ऐसा दिल्ली एनसीआर में हवा की गुणवत्ता में सुधार होने से संभव हो पाया है। शुक्रवार को भी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 150 से कम दर्ज किया गया है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के मुताबिक दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 142 (मध्यम) श्रेणी में है। इसके बावजूद दिल्ली के कई इलाकों में हवा खराब श्रेणी में पहुंच गई है। सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च (सफर) के मुताबिक गुरुवार को दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 129 (मध्यम) श्रेणी में रिकॉर्ड किया गया था। बुधवार को भी हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही थी। एनसीआर के शहरों में भी पिछले कुछ दिनों से हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में है और लोगों को प्रदूषण से होने वाली समस्याओं से राहत मिली है। एलजी ने इसे दिल्ली सरकार की ओर से घोर लापरवाही माना है। इसके जवाब में दिल्ली सरकार ने कहा कि वह वायु प्रदूषण से निपटने को लेकर गंभीर है और इस संबंध में सक्रिय रूप से काम कर रही है। आरोपों पर पलटवार करते हुए दिल्ली सरकार ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने राजधानी में सर्दी के दौरान वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 15 सूत्रीय कार्य योजना शुरू की है। यही वजह है कि पिछले कई वर्षों की तुलना में इस बार दिल्ली में वायु प्रदूषण नियंत्रण में है।

# दिल्ली एम्स तंबाकू फ्री जोन घोषित




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है। अस्पताल परिसर में धूम्रपान या तंबाकू चबाने पाए जाने वाले चिकित्सकों स्थायी या संविदा कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास द्वारा जारी एक कार्यालय ज्ञापन के अनुसार यदि कोई अनुबंधित कर्मचारी या सुरक्षा कर्मचारी अस्पताल परिसर में सिगरेट या बीड़ी पीते हुए या किसी तंबाकू उत्पाद को चबाते हुए पाया जाता है तो उसकी सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा। ओएम के अनुसार यदि कोई स्थायी कर्मचारी या चिकित्सक अस्पताल परिसर में धूम्रपान या तंबाकू उत्पाद चबाता पाया जाता है तो एक ज्ञापन जारी किया जाएगा और उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। एम्स के परिसर में धूम्रपान और तंबाकू थूकना रोगियों परिचारकों और आगंतुकों के लिए 200 रुपए के जुर्माने के साथ दंडनीय अपराध होगा। सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को दिशानिदेशों का सख्ती से पालन करने के लिए कहें।

# दिल्ली में बदलेगी स्कूल कैब पालिसी

**अजय त्यागी**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए अब नई गाड़ी खरीदने की अनिवार्यता नहीं होगी। बल्कि पुराने और निजी कारों में कुछ बदलाव कर इस सेवा में इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके लिए दिल्ली सरकार जल्द ही एक पॉलिसी लेकर आ रही है। इस पॉलिसी के तहत निजी कारों को स्कूल कैब में बदलने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए निजी कार मालिकों को गाड़ी में कुछ बदलाव करना होगा। संबंधित विभागों की मंजूरी के बाद जल्द ही यह पॉलिसी पब्लिक डोमेन में आ जाएगी। दिल्ली सरकार के अधिकारियों के मुताबिक नई नीति के तहत निजी कार मालिकों को अपने वाहन वाणिज्यिक रूप से इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके लिए परिवहन विभाग की अनुमति से वाहनों में कुछ बदलाव करने होंगे। इसमें मुख्य रूप से स्पीड गवर्नर लगाना होगा वहीं गाड़ी की छतों पर कैरियर भी लगवाना होगा। सबकुछ ठीक होने पर परिवहन विभाग आधिकारिक तौर पर निजी वाहनों को स्कूल कैब के रूप में सूचीबद्ध कर लेंगे। इस व्यवस्था से बड़ी संख्या में निजी स्कूल संचालकों को लाभ मिलेगा। वहीं अभिभावकों को भी अपने बच्चों को स्कूल लाने जाने की झंझट से काफी हद तक मुक्ति मिल जाएगी। अभी तक किसी भी स्कूल को अपने छात्रों को लाने ले जाने के लिए स्कूल कैब संचालित करने के लिए सबसे पहले नई गाड़ी खरीदनी होती थी। फिर उसे परिवहन विभाग में बतौर स्कूल कैब पंजीकरण कराना होता था। लेकिन नई नीति में नए वाहन की बाध्यता को खत्म कर दिया गया है। इसमें व्यवस्था दी गई है कि कोई भी नई या पुरानी गाड़ी का वैध फिटनेस प्रमाण पत्र होने के साथ सीएनजी ईंधन के आधार पर कमर्शियल श्रेणी में पंजीकरण कराया जा सकेगा। इसके बाद स्कूली बच्चों को ले जाने के लिए परमिट जारी कर दी जाएगी।

# नए साल पर चमक उठेंगी राजधानी दिल्ली की सड़कें



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के कई क्षेत्रों में इन दिनों सड़कों की मरम्मत का काम किया जा रहा है। माना जा रहा है कि नए साल में राजधानी में लगभग 1 दर्जन से ज्यादा सड़कों के सौंदर्यकरण का कार्य पूरा हो जाएगा। इससे पहले राजधानी दिल्ली में अधिकतम व्यस्त रहने वाले सड़कों की हालत जर्जर बनी हुई थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी द्वारा अब इन सड़कों की मरम्मत का काम निर्धारित दिनों में पूरा किया जा रहा है। दिल्ली में दूसरे राज्यों और अन्य देशों से भी लोगों का आवागमन होता है। इस लिहाज से बेहतर सड़कें इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य आवश्यक सुविधाओं को यहां की प्राथमिकता में देखा जाता है।

## चीनी सेना ने हमारी सीमा में घुसने की हिमाकत की थी, इसीलिए हमने कड़ा जवाब दिया : पूर्वी सेना कमांडर

**-भारतीय सेना किसी भी तरह के हालात से निपटने को तैयार**



**कोलकाता, (हि.स.)।** हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के तवांग में चीनी सेना के साथ भारतीय सैनिकों के टकराव को लेकर पूर्वी सेना कमांडर आरपी कलिता ने महत्वपूर्ण बयान दिया है। शुक्रवार को 51वें विजय दिवस समारोह के तहत फोर्ट विलियम मुख्यालय में सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत की। कलिता ने कहा कि तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीनी सैनिकों ने भारतीय सीमा को पार करने की हिमाकत की थी, इसलिए हमने उन्हें कड़ा जवाब दिया गया। भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे चीनी सैनिकों को खदेड़ दिया गया। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने आगे कहा कि एक सैनिक के नाते हम हमेशा अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। शांति हो या संघर्ष, प्राथमिक कार्य बाहरी या आंतरिक खतरे के खिलाफ देश की क्षेत्रीय अखंडता को सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है। हम सभी परिस्थितियों लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि झड़प में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आईं हैं। आर्मी कमांडर के मुताबिक इस घटना में चीनी सैनिकों को ज्यादा नुकसान पहुंचा जबकि हमारे कुछ ही जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं। पूर्वी सेना कमांडर ने दावा किया कि घटना के बाद सीमा पर स्थिति नियंत्रण में है और शांतिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम के बाद बुमला में दोनों सेनाओं के एरिया कमांडरों की फ्लैग मीटिंग हुई और स्थानीय स्तर पर इसका समाधान हुआ। सीमा पर अभी हालात सामान्य व नियंत्रण में हैं। सेना कड़ी निगरानी रख रही है। इस अवसर पर पूर्वी आर्मी कमांडर ने फोर्ट विलियम स्थित विजय स्मारक पर 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में बलिदान होने वाले जांबाज योद्धाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुंबई में भारत की पहली जी-20 विकास कार्य समूह की बैठक, विकास के लिए डेटा पर चर्चा



**मुंबई, (हि.स.)।** मुंबई में भारत की पहली जी-20 विकास कार्य समूह की बैठक में विकास और जीवन के लिए डेटा (पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली) पर चर्चा संपन्न हुई। बैठक में विकास और जलवायु परिवर्तन कार्यवाही के लिए एकत्रित जानकारी और आंकड़ों के उपयोग पर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। विकास कार्य समूह की चार दिवसीय बैठक के दौरान आयोजित पांच रचनात्मक सत्र संपन्न हुए। संयुक्त सचिव नागराज नायडू और इनाम गंभीर की अध्यक्षता में तीसरे सत्र के तहत विकास बहस के लिए डेटा लॉन्च किया गया। इस मौके पर 2030 एजेंडा के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वैश्विक प्रयासों में तेजी लाने पर चर्चा हुई। संयुक्त सचिव नागराज नायडू ने बैठक में कहा, "2030 तक सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, जैसा कि सभी देश प्रयास करते हैं, अब ध्यान वैश्विक समाधान, डिजिटल समाधान और प्रणालियों पर है ताकि सामाजिक कल्याण कार्यों और सेवाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।" इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अतिरिक्त निदेशक (एमईआईटीवाई) और डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप (डीईडब्ल्यूजी) के प्रतिनिधि क्षितिज कुशाग्र ने इस मुद्दे की अंतर-हितधारक प्रकृति और जी-20 की दो धाराओं यानी पटरियों के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। फिर, प्रौद्योगिकी पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत, अमनदीप सिंह गिल ने उन वैश्विक अवसरों की रूपरेखा तैयार की जो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रभावी संग्रह, भंडारण, विश्लेषण और डेटा सेट के डिजिटल इंटेलिजेंस में परिवर्तन के माध्यम से सहयोग, विकास और सहयोग के लिए बनाए जा सकते हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और खाद्य सुरक्षा के रूप में। अंत में, जी-20 देशों के अपने विचार प्रस्तुत करने से पहले, व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के ट्रोबजॉर्न फ्रेडरिकसन ने अपना विश्लेषण प्रस्तुत किया कि कैसे और किस हद तक विकास के लिए डेटा का उपयोग करने की गुंजाइश है। चौथे सत्र में इको-फ्रेंडली लाइफस्टाइल पर फोकस किया गया। भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जलवायु परिवर्तन की समस्या के ठोस समाधान के रूप में इसे प्रमुख प्राथमिकता दी है। डीडब्ल्यूजी के सह-अध्यक्ष इनाम गंभीर ने कहा, "हम पर्यावरण का उपयोग कैसे करते हैं और हम इसे वास्तविक बनाने के लिए सिस्टम कैसे बना सकते हैं, इसकी फिर से कल्पना करना महत्वपूर्ण है।" भारत की प्राचीन स्थायी परंपराओं से प्रेरित, टिकाऊ जीवन के लिए एक साहसिक, परिवर्तनकारी दृष्टिकोण है जो उपभोग (मांग) और उत्पादन (आपूर्ति) प्रथाओं दोनों में वैश्विक बदलाव का प्रस्ताव करता है। जी 20 देशों के प्रतिनिधियों ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) 12: 'जिम्मेदार खपत और उत्पादन' पर भारत के फोकस का स्वागत किया।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर एक्सरे मशीनें लगाने से भीड़-भाड़ में आई कमी : सिंधिया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़भाड़ और अव्यवस्था से जुड़ी चिंताओं पर लोगों को अपडेट किया। उन्होंने बताया कि समस्या के बड़े कारण का निजात करने से अब भीड़-भाड़ में कमी है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट कर कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट में 9 दिनों के भीतर पांच एक्स-रे मशीनों को सिक्योरिटी सुरक्षा जांच के स्थानों पर लगाया गया है। इससे अब एटीआरएस व एक्स-रे मशीनों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। इससे टी3 टर्मिनल पर भीड़भाड़ में कमी आई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली एयरपोर्ट पर भीड़-भाड़ के चलते कुछ यात्री विमानन उड़ान सेवा प्रदाता कंपनियों ने यात्रियों को 3 घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी थी। साथ ही सिंधिया ने आज कुछ यात्रियों के ट्वीट भी साझा किए हैं, जिन्होंने एयरपोर्ट में अपने आसानी से यात्रा करने के अनुभव साझा किए हैं।

# भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर खड़गे ने दी बधाई



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने के मौके पर सभी भागीदारों को बधाई दी है। खड़गे ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने 100 दिन पूरे कर लिए हैं। सभी भारत यात्रियों और खासतौर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को वह बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा को लाखों लोगों का समर्थन, सहयोग व विश्वास मिला है। यह एक राष्ट्रीय जन-आंदोलन है। खड़गे ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं। इस यात्रा का देश में व्यापक स्तर पर असर हो रहा है। यात्रा के दौरान किसानों, नवजवानों सहित समाज के सभी वर्गों से संवाद किया जा रहा है। यह यात्रा बेजोरगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार के विरोध में चलाई जा रही है। खड़गे ने कहा कि बीते आठ वर्षों में नफरत फैलाने वाले लोगों ने देश के सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश की है। ऐसी ताकतों को रोकने के लिए यह यात्रा सहायक है। ऐसे में सभी यात्री बधाई के पात्र हैं। यह यात्रा अब राष्ट्रीय जन-आंदोलन बन चुका है।

# चुस्त-दुरुस्त हो गौ संरक्षण केंद्रों की व्यवस्था : योगी

**- पशुओं के चारे, पानी, सुरक्षा, साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था को भी किया जाए सुनिश्चित**
**-31 जनवरी 2023 तक समस्त गोआश्रय स्थलों को पूर्ण करने का आदेश**

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौ-संरक्षण केंद्रों की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के दिशा-निर्देश दिए हैं। इतना ही नहीं प्रदेश के गौ-संरक्षण केंद्रों में पशुओं के चारे, पानी, सुरक्षा, सफाई की पूरी व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गौशालाओं की व्यवस्था की गई है, जहां पशुओं की देखभाल की जाती है। इसके अलावा बेसहारा पशुओं को संरक्षण देने के लिए व्यक्तिगत तौर पर भी किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उनके लिए चारे से लेकर सभी तरह की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं और एक बार फिर उन्होंने व्यवस्था को चाक चौबंद करने के आदेश दिए हैं।



**चारे से लेकर चिकित्सा तक हों सारे प्रबंध** - मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गौशालाओं में पशुओं को ठंड से बचाने तथा स्वास्थ्य की देखभाल के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उनके लिए चारे का उपयुक्त प्रबंध हो और उनकी दवाएं व चिकित्सा के अन्य साधन उपलब्ध कराए जाएं। इसके साथ ही 31 जनवरी 2023 तक समस्त गोआश्रय स्थलों को पूर्ण कर लिया जाए और क्रियाशील कर 31 मार्च 2023 तक संरक्षित करना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा गो आश्रय पोर्टल पर डाटा दैनिक रूप से अपडेट किया जाए। डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट की स्थापना जिन जनपदों में नहीं हुई है, तत्काल स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। भरण-पोषण के लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि को यूसी प्रेषित करें। गोशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयास किया जाए। मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में 11,13,035 कुल निराश्रित गोवंश हैं, इनमें 9,05893 कुल संरक्षित गोवंश हैं। प्रदेश में 49 जनपदों में गोआश्रय स्थल बनाया गया है।

**पशुओं को सहारा देने वाले किसानों को किया जा रहा प्रोत्साहित** - राज्य सरकार द्वारा 2012 में की गई पशुगणना के अनुसार यूपी में 205.66 लाख गोवंश हैं जिनमें से 11 लाख से ज्यादा गोवंश बेसहारा या निराश्रित हैं। किसान अगर 10 पशुओं को सहारा देता है, तो प्रतिदिन के हिसाब से वह 300 रुपये कमा सकता है। और हर माह 09 हजार की अतिरिक्त आय किसान को मिलेगी। इस योजना से सामाजिक सहभागिता बढ़ेगी व निराश्रित व बेसहारा गोवंश की संख्या में कमी आएगी। यह योजना किसानों व पशुपालकों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी भी बना सकेगी।

# दिल्ली से चित्रकूट तक चलाया जाए वंदे भारत एक्सप्रेस : सांसद

**चित्रकूट, (हि.स.)।** बांदा-चित्रकूट सांसद आरके सिंह पटेल ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संसदीय क्षेत्र की रेलवे से सम्बंधित समस्याओं की जानकारी देते हुए यात्री सुविधाओं में विस्तार की मांग की। केंद्रीय रेलमंत्री से मिलकर सांसद पटेल ने झांसी-मानिकपुर रेल लाइन, बांदा-कानपुर रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने,संसदीय क्षेत्र के अतर्रा रेलवे स्टेशन में प्रयागराज-अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस का ठहराव किए जाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने बरगढ़ रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं सारनाथ एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने, खुरहंड रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एवं चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने, दिल्ली से झांसी होते हुए बांदा, चित्रकूट, मानिकपुर प्रयागराज तक वंन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाये जाने की मांग की। सांसद श्री पटेल ने कहा कि बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में है। उन्होने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे के चालू हो जाने के बाद जल्द ही चित्रकूट एयरपोर्ट की शुरूआत हो जायेगी। जिससे भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट को बेहतर रेल परिवहन सेवा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। केंद्रीय रेल मंत्री ने सांसद की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया है।



# भारतीय खेलों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए: दत्तात्रेय होसबाले

**लखनऊ, (हि.स.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारतीय मूल के जो खेल हैं उन खेलों को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। क्रीड़ा भारती का काम केवल मेडल व पुरस्कार दिलाना मात्र नहीं है। खेल के क्षेत्र को अच्छा व संस्कारवान बनाना है। मानवीय गुणों के जो संस्कार होते हैं उन गुणों को क्रीड़ा के क्षेत्र में बनाये रखने की जरूरत है। सरकार्यवाह ने आनंदी वाटर पार्क में क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सरकार्यवाह ने कहा कि शिक्षा का अविभाज्य अंग है क्रीड़ा। क्रीड़ा के बिना शिक्षा पूरी नहीं होती। मनुष्य निर्माण के लिए शरीर व मन का विकास होना जरूरी है। डिग्री केवल शिक्षा नहीं होती। नई शिक्षा नीति में क्रीड़ा पर विशेष ध्यान दिया गया है। आज देश में खेल का वातावरण बन रहा है। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि खिलाड़ियों का जीवन ठीक से चल सके, इसका दायित्व समाज को लेना चाहिए। देशभर में जितने भी विश्वविद्यालय हैं, सभी विश्वविद्यालय राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक-एक खिलाड़ी तैयार करें। खेल की प्रतिभाओं का चयन कर अगर उन्हें तैयार करें तो खेल में भी दुनिया से



टक्कर लेने वाले खिलाड़ी हम तैयार कर सकेंगे। सरकार्यवाह ने कहा कि खेल के क्षेत्र में नफरत, द्वेष और राजनीति नहीं होनी चाहिए। हनुमान जी में जितने गुण हैं, वह गुण हमारे खिलाड़ियों में आने चाहिए। हनुमान जी चारित्र्य व स्वामिभक्त के साथ ही बुद्धिमान भी थे। राष्ट्रभक्ति व रामभक्ति दोनों समान हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल मेडल पाने के लिए ही नहीं खेलना चाहिए। खेल आनंद के लिए खेलना चाहिए। पुरस्कार व मेडल मेहनत व परिश्रम के बल पर मिलना चाहिए। क्रीडा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी ने कहा कि हम ऐसा खिलाड़ी बनाना चाहते हैं जो समाज व देश के लिए सोचें। उन्होंने कहा कि जिसमें कठिन परिश्रम करने की क्षमता होती है वही खिलाड़ी बनता है। खेल के अभाव में बच्चों का मानसिक विकास तो हो रहा है लेकिन शारीरिक विकास नहीं हो रहा है। गोपाल सैनी ने कहा कि आज केन्द्र सरकार खिलाड़ियों को अच्छी सुविधा उपलब्ध करा रही है। पहले खिलाड़ियों को सुविधा नहीं मिलती थी। क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय महामंत्री राज चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को मैदान पर लाकर खेल जरूर खिलाना चाहिए। राज चौधरी ने बताया कि क्रीड़ा भारती के देशभर में 1269 क्रीडा केन्द्र संचालित हो रहे हैं। इन्हें और विस्तार दिया जायेगा। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों ने क्रीड़ा भारती के संस्थापक लक्ष्मण राव पार्डीकर के जीवन पर आधारित श्रेष्ठ पथ के पथिक पुस्तक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख जगदीश, क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रसाद महानकर, खेल व युवा कल्याण मंत्री गिरीश यादव, कुश्ती खिलाड़ी युवराज सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक अनिल, अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक कौशल, इतिहास संकलन समिति के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री संजय, अवध प्रान्त के प्रचार प्रमुख डॉ. अशोक दुबे, विश्व संवाद केन्द्र के प्रमुख डा. उमेश, क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह और विराज सागर दास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधान के हत्यारों के घर पर चला प्रशासन का बुलडोजर

**कन्नौज, (हि.स.)।** छिबरामऊ तहसील के तालग्राम थाना क्षेत्र के नरूंइया गांव के पूर्व प्रधान और एवं भाजपा नेता अरुण शाक्य की बीते 14 दिसम्बर बुधवार की देर शाम वर्तमान ग्राम प्रधान सरोजिनी देवी यादव के परिजनों और समर्थकों ने मिलकर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी । इस मामले में तालग्राम थाना पुलिस ने 17 आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर धरपकड़ शुरू कर दी थी । गुरुवार की शाम तक छह लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन मुख्य आरोपित अभी भी पुलिस के पहुंच से काफी दूर है। शुक्रवार की सुबह सीओ और एसडीएम छिबरामऊ भारी फोर्स के साथ जेसीबी लेकर नरूंइया गांव पहुंच गए और आरोपितों के घर



पर बुलडोजर चलाने का आदेश दे दिया। देखते ही देखते आरोपितों के घर पर बुलडोजर गरजने लगा। घटना के महज 36 घंटे में ही आरोपितों के घर तोड़े जाने लगे। जिला प्रशासन ने हत्या आरोपित के तीन मकानों को चिन्हित किया है, जिसमें ग्राम प्रधान सरोजिनी देवी के पति विजय बहादुर यादव जितेंद्र व एक अन्य का मकान शामिल है। यह चारों मकान तालाब के किनारे अवैध जगह पर बने हुए हैं, जिन्हें चिन्हित कर ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई।

# पुलिस अधिकारियों ने किया 3-13, ममता को हाई कोर्ट से मिलेगा न्याय : बन्ना गुप्ता

**रामगढ़, (हि.स.)।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रामगढ़ पहुंचे तो रामगढ़ विधायक ममता देवी पर भी उन्होंने चर्चा की। उन्होंने कहा कि ममता देवी ने कोई व्यक्तिगत लड़ाई नहीं लड़ी थी। इनलैंड पावर लिमिटेड प्लांट के बाहर उन्होंने जनता के लिए आंदोलन किया था। जिस तरीके का पूरा मामला था, उस पर उन्हें न्याय की पूरी उम्मीद भी है। बन्ना ने कहा कि पुलिस पदाधिकारियों ने उस प्रकरण में ममता देवी के खिलाफ काफी 3-13 किया गया है। लोअर कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई है लेकिन विधायक ममता देवी को हाई कोर्ट



और सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि रामगढ़ की जनता को यह पता है कि ममता देवी धरातल से जुड़ी हुई विधायक हैं। सामाजिक जीवन में नेताओं को काफी कुछ झेलना पड़ता है लेकिन अंत में सच्चाई की जीत होती है।

# जीआरपी हवालात में बंद आरोपी ने खुद को लगाई आग

**शाहजहांपुर, (हि.स.)।** जीआरपी हवालात में शुक्रवार को बंद एक आरोपित ने जेल जाने की डर से खुद को आग लगा ली। उसे गंभीर हालत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में जीआरपी प्रभारी निरीक्षक एवं संतरी निलंबित कर दिए गए। जनपद लखीमपुर खीरी के ग्राम नीमगांव निवासी नितिन कुमार बीते बुधवार को सदभावना एक्सप्रेस से मुरादाबाद से शाहजहांपुर आए थे। रात अधिक हो जाने के कारण नितिन स्टेशन परिसर में बने टिकट घर के पास ही सो गए थे। इस दौरान किसी समय अज्ञात चोर ने उनका मोबाइल फोन और पर्स चोरी कर लिया। गुरुवार सुबह नींद खुलने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। नितिन ने अज्ञात चोर के खिलाफ जीआरपी में प्राथमिकी दर्ज कराई। जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज चेक की, जिसमे मोबाइल चोर की घटना कैद थी। जीआरपी



ने फुटेज के आधार पर थाना सदर बाजार क्षेत्र निवासी रहमान (21) नाम के युवक को बीती रात गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का मोबाइल बरामद कर लिया। रहमान को जीआरपी स्टेशन पर बने हवालात में बंद कर दिया गया। शुक्रवार को आरोपित रहमान ने हवालात के अंदर खुद को आग लगा ली।घटना से जीआरपी व रेलवे स्टेशन पर हड़कम्प मच गया। जीआरपी ने गंभीर रूप से झुलसे आरोपित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं घटना की जानकारी होने पर पुलिस अधीक्षक रेलवे पूजा यादव शाहजहांपुर पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया। अपने बयान में आरोपी रहमान ने बताया कि वो मुंबई जाने के लिए टिकट बुक कराने आया था। उसे मोबाइल फोन पड़ा मिला, जिसे वह घर ले आया था। इसके बाद जीआरपी ने उसे मोबाइल चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का कहना है कि उसे माचिस हवालात के अंदर बेग में रखी मिली थी, जिससे आग लगा ली। पुलिस अधीक्षक रेलवे पूजा यादव ने बताया की सीसीटीवी में आरोपी मोबाइल चोरी करते हुए दिख रहा है। जिसके आधार पर उसको गिरफ्तार किया गया। सुबह करीब साढ़े बजे संतरी, आरोपी को लघुशंका के लिए गया, वहां से आने के बाद आरोपी ने जेल जाने की डर से खुद को आग लगा ली। इस मामले में जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह व संतरी को निलंबित कर दिया गया है।

# गुरु नानक स्कूल पहुंचे बन्ना गुप्ता, बच्चों में बांटा अबाकस का पुरस्कार

**रामगढ़, (हि.स.)।** रामगढ़ के नए सदर अस्पताल भवन का उद्घाटन करने के बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ खूब मस्ती की। बच्चों ने भी स्वास्थ्य मंत्री के साथ तस्वीरें खिंचवाई। इस दौरान छात्रों ने स्वास्थ्य मंत्री के स्वागत में मनोहर गीत प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत स्कूल मैनेजमेंट कमिटी के सदस्य और गुरुद्वारा प्रधान के द्वारा भी किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने बच्चों के बीच अबाकस का पुरस्कार भी वितरित किया। साथ ही कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जो बच्चों का भविष्य समा सकता है। उन्होंने बच्चों को काफी प्रोत्साहित किया और कहा कि अगर आप



होनहार बनेंगे तो यह पूरा प्रदेश खुद को गौरवान्वित महसूस करेगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीहरजाप सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी , स्कूल अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोरा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल और सरदार कुलजीत सिंह कालरा, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार परमजीत सिंह चमन, सरदार हरदीप सिंह, सरदारपुश्विंदर सिंह छाबड़ा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार इंद्रपाल सिंह, सरदार ब्रह्म भसीन, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार हरमीत कालरा तथा मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी भी उपस्थित थे।

# बाबा बैद्यनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की पूजा-अर्चना

**देवघर , (हि. स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कामनालिंग बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ राजमहल सांसद विजय हांसदा, महगामा विधायक दीपिका पांडे उपस्थित थी। बाबा मंदिर में तीर्थ पुरोहितों द्वारा पूरे वैदिक रीति रिवाज और मंत्रोच्चारण के संकल्प कराया गया। इसके बाद में मुख्यमंत्री ने मंदिर के गर्भ गृह पहुंचकर पवित्र द्वादस ज्यातिर्लिंग का जलाभिषेक किया और मत्था टेककर



मंगलकामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और राज्य के लिए सुख-शान्ति और यहां के लोगों के खुशहाली की कामना बाबा बैद्यनाथ से की। बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उपायुक्त ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

# डाक संबंधी संसदीय समिति की बैठक में सांसद संजय सेठ ने दिए सुझाव

**रांची, (हि.स.)।** लोकसभा के अधीनस्थ डाक संबंधी संसदीय समिति की बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में रांची के सांसद संजय सेठ भी शामिल हुए। बैठक में सांसद ने सुझाव दिया कि पोस्ट ऑफिस कैसे उपयोगी बने, इस दिशा में अधिकारियों को योजना बनानी चाहिए और कार्य करना चाहिए ताकि पोस्ट ऑफिस की सेवाएं अधिक से अधिक लोगों को उपलब्ध हों। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने डाक विभाग के कार्यों और इस विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। यह बताया गया कि डाक विभाग के प्रति नागरिकों विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का रुझान और झुकाव बढ़ा है। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय डाक दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क है, जिसके पास 25110 डिपार्टमेंटल पोस्ट ऑफिस हैं।




134141 ऐसे पोस्ट ऑफिस हैं, जिनका संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में होता है। 90 प्रतिशत पोस्ट ऑफिस ग्रामीण क्षेत्रों में ही खोले गए हैं। कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 2.7 करोड़ खाते अब तक खोले गए हैं। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से छह करोड़ खाते खोले गए हैं। इन खातों में 4883 करोड रुपए जमा किए गए हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पोस्ट ऑफिस अब नागरिक सेवा केंद्र के नाम से भी कई कार्यक्रम चला रहा है, जिसमें पासपोर्ट सेवा केंद्र, आधार सेवा केंद्र, सहित अन्य कई कार्यक्रम शामिल है। वर्तमान समय में 429 पोस्ट ऑफिस में पासपोर्ट सेवा केंद्र चलाया जा रहा है। 13352 पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# दारू पीने वालों से कोई हमदर्दी नहीं, नहीं देंगे मुआवजा : नीतीश

**पटना, (हि.स.)।** बिहार विधानमंडल में शीतकालीन सत्र के चौथे दिन शुक्रवार को विधानसभा में शराब से मौतों पर जोरदार हंगामा हुआ। कुर्सियां पटकीं गईं। विपक्ष सरकार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर राजभवन पहुंच गया। नेता प्रतिपक्ष ने सरकार से मृतकों के परिवार को 10-10 लाख का मुआवजा देने की मांग की। मुख्यमंत्री ने इस मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि इन लोगों से हमें कोई हमदर्दी नहीं है। सभी ने दारु पी थी। कोई मुआवजा हम नहीं देंगे। विधानसभा में हंगामे के बाद भाजपा विधायक राजभवन के लिए निकले। भाजपा ने राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। भाजपा मुख्यमंत्री से उनके व्यवहार के लिए माफी मांगने पर अड़ी है। भाजपा विधायक वेल में पहुंचकर हंगामा करते रहे। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने शराबकांड के लिए सरकार और प्रशासन को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने मृतकों के परिवार के लिए 10-10 लाख के मुआवजे की मांग की है। इसके साथ कहा कि मुख्यमंत्री मौतों की जिम्मेदारी लें और अस्पताल में भर्ती लोगों का बेहतर इलाज करवाएं। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि गुरुवार शाम भाजपा विधायकों का एक दल इन गावों में गया था। हमने पीड़ित परवारों से मुलाकात की। आंकड़े छिपाने के लिए जबरदस्ती शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। लोगों को ना इलाज मिला और ना अभी मिल रहा है। विजय सिन्हा ने कहा कि



मुख्यमंत्री का ये बयान कि जो पिएगा वो मरेगा ये गैर जिम्मेदाराना है। मुख्यमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। कुर्सी की लालच में तेजस्वी भी उनकी हां में हां कर रहे हैं। 2021 में तेजस्वी ने नीतीश को शराब माफिया बताया था। तेजस्वी गिरगिट की तरह रंग बदल रहे हैं। विजय कुमार सिन्हा ने विधानसभा अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज जनता को लेकर उठ रही है उसे दबाने की कोशिश की जा रही है। एसआईटी की जांच सिर्फ दिखावे के लिए की जा रही है। हाई कोर्ट के जज के माध्यम से इस घटना की जांच हो। गुरुवार को ही भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जहरीली शराब कांड में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने छपरा गया था। वहां से आने के बाद भाजपा के विधायक ज्यादा उग्र होंगे। उल्लेखनीय है कि छपरा में मंगलवार रात से लेकर शुक्रवार शाम तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। इसे लेकर भाजपा महागठबंधन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रही है। भाजपा नीतीश के इस्तीफे पर अड़ी हुई है। इसके साथ मुख्यमंत्री पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग कर रही है।

# महिला कॉलेज में हो स्नातकोत्तर एवं इंटर और स्नातक में वाणिज्य की पढ़ाई : अभाविप

**बेगूसराय, (हि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) महिला कॉलेज इकाई की बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया। बैठक के बाद विभिन्न मांगों को लेकर नव गठित इकाई के द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक सोनू कुमार ने कहा कि अभाविप लगातार महिला कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई तथा स्नातक एवं इंटर में वाणिज्य संकाय की पढ़ाई शुरू करवाने के लिए प्रयासरत है। हमारी प्रमुख मांग है कि जल्द से जल्द स्नातकोत्तर सहित जिन विषयों की पढ़ाई महिला कॉलेज में शुरू हो। लगातार मांगपत्र सौंपा जा रहा है, कॉलेज के द्वारा भी लनामिवि को पत्र लिखा जा रहा है। लेकिन अब तक आश्वासन के अतिरिक्त कुछ नहीं मिल रहा है। अगर जल्द से जल्द स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू नहीं होती है तो अभाविप चरणबद्ध तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगी, जिसका जिम्मेदार विश्वविद्यालय प्रशासन होगा। प्रान्त छात्रा सह प्रमुख स्वेत निशा एवं छात्र संघ अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि सभी महाविद्यालय में नियमित वर्ग संचालन एक चुनौती है, नामांकन हजारों



में और उपस्थिति दहाई में होता है। महाविद्यालय प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन भी इस ओर कोई पहल नहीं कर रही है। आखिर ऐसी डिग्री छात्र-छात्रा हासिल कर भी ले तो क्या फायदा होगा, बिना ज्ञान के डिग्री बोझ समान है। सभी महाविद्यालय अपने स्तर से पहल करें ताकि नियमित रूप से छात्र-छात्रा पढ़ें। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अभिगत कुमार एवं कॉलेज अध्यक्ष अनुप्रिया राय ने कहा की आज नव गठित इकाई के द्वारा प्राचार्य को पहला ज्ञापन सौंपा गया है। प्राचार्य के द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को पत्र लिखा गया है।

## संपादकीय

# 'कांग्रेसी मन' के कारण था मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का विरोध


**राजनीतिक** विचार रखना और किसी एक राजनीतिक दल के प्रति समर्थन का भाव रखना, यह स्वाभाविक ही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों के साथ ही नामचीन लोग इस बात के लिए स्वतंत्र हैं कि वे किसी राजनीतिक दल की नीतियों एवं उसके विचारों का समर्थन करें। परंतु, विडम्बना तब खड़ी होती है जब प्रख्यात एवं विषय विशेषज्ञ लोग स्वयं को निष्पक्ष साबित करते हुए किसी एक राजनीतिक दल पर लगातार हमलावर रहते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नन रघुराम राजन ने यह काम खूब किया है। भीतर से वामपंथी/कांग्रेसी होकर भी बाहर से निष्पक्ष होने का दिखावा करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जमकर आलोचना की है। उनकी आलोचनाओं के स्वर में कहीं न कहीं वामपंथिय/कांग्रेस के सुर शामिल रहते थे इसलिए ही देश के आम नागरिकों ने भी कभी उनकी आलोचनाओं को गंभीरता से नहीं लिया अपितु उन्हें ही कठघरे में खड़ा किया। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही तथाकथित भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर उन्होंने अपने सच से पर्दा हटा दिया है। अब किसी को यह कहने में संकोच नहीं होगा कि वे विपक्षी खेमे के समर्थक हैं। इस बात में किसी को कोई संदेह नहीं है कि वे विश्व के जाने-माने अर्थशास्त्री हैं। यही कारण है कि उनकी मेधा का सम्मान करते हुए भाजपा सरकार ने कांग्रेसनीत सरकार द्वारा नियुक्त रघुराम राजन की सेवाओं को बरकरार रखा। राजन ने ही 2016 में अपने पद से त्याग-पत्र दिया था। उसके बाद से उन्होंने कभी विमुद्रीकरण (नोटबंदी) तो कभी मजबूत सरकार की तुलना हिटलर से करके मोदी सरकार की आलोचना की। उन गैर-जरूरी और बनावटी मुद्दों पर भी अपने विचार व्यक्त किए जो झूठों के समूह द्वारा समय-समय पर उठाए गए। ऐसे मौकों पर वे एक अर्थशास्त्री की भाँति नहीं अपितु विपक्षी राजनीतिक दल के नेता की तरह नजर आए। उस समय सामान्य लोगों को यह समझना मुश्किल होता था कि दुनियाभर की प्रतिष्ठित आर्थिक संस्थाएं भारत सरकार की आर्थिक नीतियों की प्रशंसा कर रही हैं लेकिन राजन क्यों विरोध का राग आलाप रहे हैं? अब सब साफ है कि उनकी एकतरफा आलोचनाओं के पीछे क्या कारण था। राजन के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने एवं राहुल गांधी से घनिष्ठता प्रकट करने पर राजनीतिक क्षेत्र में यह चर्चा तेजी से चल पड़ी है कि वे कांग्रेस में शामिल होकर सीधे राजनीतिक मैदान में कूद सकते हैं। पूर्व में भी वे राहुल गांधी को आर्थिक मामलों में परामर्श दे चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने देश के प्रत्येक नागरिक को न्यूनतम वेतन देने का जो वायदा किया था, उसके पीछे रघुराम राजन का ही विचार था। हालाँकि देश के जागरूक मतदाताओं ने इस वायदे पर भरोसा नहीं किया। भारत के संदर्भ में यह बहुत खतरनाक विचार साबित हो सकता था। बिना काम के वेतन से भारत की अर्थव्यव्स्था पर ही नहीं अपितु उद्योग-धंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। महँगाई भी आसमान छू सकती थी। बहरहाल, भारत जोड़ो यात्रा ने अनेक चेहरों पर पड़े पर्दों को हटा दिया है। अब उनकी वैचारिक एवं राजनीतिक स्थिति समाज के सामने स्पष्ट है। अर्थशास्त्री रघुराम राजन को भी बिना किसी संकोच अब सीधेतौर पर कांग्रेस का हाथ थाम लेना चाहिए। कांग्रेस की यात्रा में शामिल होकर उन्होंने एक संकोच तो छोड़ ही दिया है।

> भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नन रघुराम राजन ने यह काम खूब किया है। भीतर से वामपंथी/कांग्रेसी होकर भी बाहर से निष्पक्ष होने का दिखावा करते हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जमकर आलोचना की है। उनकी आलोचनाओं के स्वर में कहीं न कहीं वामपंथिय/कांग्रेस के सुर शामिल रहते थे इसलिए ही देश के आम नागरिकों ने भी कभी उनकी आलोचनाओं को गंभीरता से नहीं लिया अपितु उन्हें ही कठघरे में खड़ा किया। राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही तथाकथित भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर उन्होंने अपने सच से पर्दा हटा दिया है। अब किसी को यह कहने में संकोच नहीं होगा कि वे विपक्षी खेमे के समर्थक हैं। इस बात में किसी को कोई संदेह नहीं है कि वे विश्व के जाने-माने अर्थशास्त्री हैं। यही कारण है कि उनकी मेधा का सम्मान करते हुए भाजपा सरकार ने कांग्रेसनीत सरकार द्वारा नियुक्त रघुराम राजन की सेवाओं को बरकरार रखा। राजन ने ही 2016 में अपने पद से त्याग-पत्र दिया था।

## कुछ अलग

# कूड़े के पहाड़ से निपटने की चुनौती

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री और आप नेता अरविंद केजरीवाल ने एलान किया था कि इस बार एमसीडी चुनाव कूड़े के मुददे पर ही लड़ा जाएगा। तब उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि पहले तीन नगर निगमों में बंटी दिल्ली में सत्तधारियों ने 15 सालों में तीन कचरे के पहाड़ खड़े कर पूरे महानगर को कूड़े-कचरे से भर दिया है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों के लिए यदि जनता आम आदमी पार्टी को को महानगर निगम में जिताएगी, तो उनकी पार्टी इसे साफ कर देगी। और उनके वादे पर भरोसा करके दिल्ली की जनता ने एमसीडी चुनाव में उनकी पार्टी को जिता भी दिया। विगत नवंबर में उपग्रहीय तस्वीरों में भारत के लैंडफिल्स के ऊपर मीथेन गैस का बहुतायत में होना दिखा है। इसी वर्ष अप्रैल में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी अपने बयान में कहा था कि दिल्ली व अन्य शहरों में कूड़े के ढेर, जहां से मीथेन गैस का निरंतर रिसाव होता है,



टाइम बम हैं। इन्हें गंभीरता से लिए जाने की आवश्यकता है। मीथेन गैस से वायुमंडल तापक्रम में बढ़ोतरी होती है और धरा के बढ़ते वायुमंडलीय तापक्रम पर लगाम लगाने में बाधा आती है। चुनावी गहमा-गहमी में राजनीतिक दल भले ही यह कह दे कि वह दसियों वर्षों के लाखों टन के कूड़े के पहाड़ों को तीन या पांच साल में हटा देगा, किंतु लाखों टन कूड़े को हटाने, छानने व जैविक-अजैविक कचरों को अलग-अलग कर आगे की कार्रवाई करने या नई जगह पर स्थानांतरित करने में हर महानगर को सैकड़ों करोड़ों रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। दूर स्थित डंपिंग साइटों तक कूड़ा पहुंचाने का खर्चा व कचरा ढुलाई से प्रदूषण भी बढ़ता है। बढ़ती जनसंख्या के साथ कचरे की मात्रा तो बढ़ेगी ही। डंपिंग के लिए नई जमीन मिलती नहीं, क्योंकि लोग अपने आसपास कचरे का ढेर नहीं चाहते हैं, इसलिए वे ऐसी परियोजना का विरोध करते हैं। नतीजतन कूड़े के ढेर पहाड़ बनने लगते हैं। कूड़ा डंपिंग ग्राउंड से भूजल व सतही जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ग्रीनहाऊस गैस उत्सर्जन, आग लगने की घटनाएं, ढलावों में अस्थिरता, मच्छर, मक्खी, चूहों की बाढ़ आदि की समस्याएं भी जुड़ी हुई हैं। कूड़े के ढेरों से निकलती घातक गैसें मानव स्वास्थ्य के अलावा घरों के सामान को भी नुकसान पहुंचाती हैं। दिल्ली में लैंडफिलों में कचरा तीन करोड़ टन के करीब पहुंचने वाला है। अतः फिलहाल उपलब्ध लैंडफिल्स व डंपिंग ग्राउंडों में आग पकड़ने के जोखिमों को कम करने की कोशिश करनी चाहिए एवं वहां नए कूड़े का जमावड़ा कम करना चाहिए। यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि बायेडिग्रेडेबल जैविक कूड़ा और नन-बायोडिग्रेडेबल कचरा एक साथ न जमा हों, क्योंकि ज्वलनशील गैसें मुख्यतः जैविक कूड़े के सड़न व विघटन से पैदा होती हैं। प्लास्टिक को तो लैंडफिलों में जाने ही नहीं देना चाहिए।

> लाखों टन कूड़े को हटाने, छानने व जैविक-अजैविक कचरों को अलग-अलग कर आगे की कार्रवाई करने या नई जगह पर स्थानांतरित करने में हर महानगर को सैकड़ों करोड़ों रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी।

## केंद्र सरकार को आदिवासियों की उन्नत आर्थिक स्थिति एवं विकसित जीवन स्तर के सार्थक प्रयत्न करने होंगे

# गुजरात में आदिवासियों का वोट लेने में कामयाब रही भाजपा को उनका दिल भी जीतना होगा

ललित गर्ग

> गुजरात में आदिवासी मदताता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज रहा, लेकिन भाजपा ने सीटों के बंटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन को उन्नत बनाये। इस दृष्टि से भाजपा ने सूझबूझ एवं परिवक्व राजनीतिक कौशल का परिचय दिया। इन चुनावों में आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा थी लेकिन उम्मीदवार न बनकर वे एक कार्यकर्ता के रूप में सामने आये।

**इन** दिनों गुजरात में विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को लेकर चर्चा एवं समीक्षा का बाजार गर्माया हुआ है। इस ऐतिहासिक जीत में आदिवासी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आदिवासी समुदाय को कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक माना जाता रहा था, उसमें भाजपा सेंध लगाने में सफल हुई है तो इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आदिवासी क्षेत्रों में हुई चुनावी-सभाएं एवं भाजपा की चुनावी रणनीति कारगर मानी जायेगी। भाजपा ने आदिवासी इलाके की 27 सीटों में से 23 सीटें कर कांग्रेस के इस गढ़ को ध्वस्त कर दिया हैं। जबकि 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने आदिवासी इलाके की 17 सीटें जीती थीं। इस बार वह उनमें ने 3 ही बरकरार रख पाई। यह आदिवासी समुदाय का भाजपा से जुड़ने का स्पष्ट संकेत भविष्य की राजनीति को नयी दिशा एवं दृष्टि देता रहेगा। गुजरात में आदिवासी मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, आदिवासी समुदाय के मुद्दों की उपेक्षा एवं आदिवासी नेताओं की उदासीनता के कारण इस बार भी यह समुदाय नाराज रहा, लेकिन भाजपा ने सीटों के बंटवारे के समय उचित एवं प्रभावी उम्मीदवारों का चयन करके इस नाराजगी को दूर किया। आदिवासी समुदाय ऐसा उम्मीदवार चाहता है जो उनके हितों की रक्षा करें एवं आदिवासी जीवन को उन्नत बनाये। इस दृष्टि से भाजपा ने सूझबूझ एवं परिवक्व राजनीतिक कौशल का परिचय दिया। इन चुनावों में आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी का नाम भी उम्मीदवारों की सूची में होने की चर्चा थी लेकिन उम्मीदवार न बनकर वे एक कार्यकर्ता के रूप में सामने आये। उन्होंने अपने आदिवासी समुदाय को नरेन्द्र मोदी के द्वारा आदिवासी समुदाय की उन्नति के लिये किये गये कार्यों की प्रभावी प्रस्तुति दी, जिससे उनकी नाराजगी दूर हुई। उनके लगातार किये गये चुनाव प्रचार ने आदिवासी समुदाय के वोटों को व्यापक स्तर पर प्रभावित किया। गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में वर्ष 2007 में छोटा उदयपुर के कवांट में भव्य आदिवासी सभा हुई, जिसमें करीब डेढ़ लाख आदिवासी सम्मिलित हुए। इसी सभा ने मोदी के राजनीतिक जीवन को एक नयी दिशा दी, वहीं इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में अनेक आर्थिक उन्नति, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदिवासी-कल्याण



की योजनाएं एवं रोजगार की उस समय मोदी द्वारा शुरुआत करने से यह क्षेत्र विकास की नयी इबारत लिखने में कामयाब रहा। इसी क्षेत्र में मोदी ने सुखी परिवार फाउण्डेशन को एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय संचालित करने की जिम्मेदारी दी, जिससे इस क्षेत्र में शिक्षा की अभिनव क्रांति घटित हुई। तभी से मोदी न केवल इस बल्कि समूचे गुजरात के आदिवासी समाज के कल्याण एवं उन्नति के लिये ध्यान दे रहे हैं। इन्हीं कारणों से गुजरात के आदिवासी समाज ने वहां की भाजपा सरकार से लगातार नाखुश होते हुए भी इस बार भाजपा का साथ दिया। गुजरात में आदिवासियों के चुनावी मुद्दों पर गौर करें तो बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा रहा है, इसके साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध ना हो पाना, पैसा अधिनियम आदि जैसे अहम मुद्दे हैं जिन पर चुनाव होते रहे हैं। ऐसे में भाजपा आदिवासी समाज को रोजगार देने के मुद्दे पर काम करती आयी है। साल 2018 में भाजपा सरकार ने केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण कराया, जिसे आदिवासी विकास के मॉडल के रूप में पेश किया गया। आदिवासी समुदाय का भाजपा से जुड़ना एक चमत्कार से कम नहीं है, इस चमत्कार को घटित करने में नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच एवं इस समुदाय के प्रति आत्मीयता एवं संवेदना अधिक कारगर रही। बोडेली की चुनावी सभा में मोदी ने जिस विशेष अन्दाज में कहा कि मैं वोट के लिये आपके बीच नहीं आया हूं, बल्कि आप सभी एवं आपके घरों में बैठे बुजुर्गों की कुशल क्षेम पूछने आया हूं। मैं आपके लिये प्रधानमंत्री नहीं हूं, बल्कि आपका बेटा हूं। प्रधानमंत्री तो मैं दिल्ली में हूं। ऐसे ही भावनात्मक विचारों से मोदी ने आदिवासी लोगों के बीच जगह बनायी है। इसी से कांग्रेस के मजबूत वोट बैंक में सेंध लगाने में कामयाबी मिली है। इसके अलावा भाजपा ने एक काम और किया कि उसने कांग्रेस के कई बड़े आदिवासी नेताओं को अपने पाले में कर लिया था। इसमें सबसे बड़ा नाम कांग्रेस से 10 बार विधायक रहे मोहन सिंह राठवा का था जो छोटा उदयपुर से जीते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटा उदयपुर से लेकर भरूच, दक्षिण गुजरात दाहोद जैसे आदिवासी जिले में खुद जाकर रैलियां की थीं, यही वह खास वजह 27 में से 23 सीटें जीत लेने की बनी है। आदिवासियों के बड़े नेता छोटु वसावा भरूच जिले की जगड़िया विधानसभा सीट से 7 बार लगातार जीतते आ रहे थे। बीजेपी ने इस बार उनको भी हरा दिया है। इस बीच कांग्रेस आदिवासी क्षेत्र की केवल तीन सीट ही जीत पाई है जिसमें बनासकांठा की दाता सीट पर कांति खराडी, खेड़ब्रह्मा से तुषार चौधरी और वासादा से अनंत पटेल जीते हैं। दरअसल, भाजपा ने इस बार चुनाव प्रचार आदिवासी सीटों को काफी ध्यान में रखकर किया था। भाजपा की इस जीत के अंदर आम आदमी पार्टी की भी अहम भूमिका रही है क्योंकि छोटा उदयपुर जिले में पवि जेतपुर सीट से गुजरात विधानसभा के विपक्ष के नेता सुखाराम राठवा चुनाव लड़े, उनके सामने बीजेपी के जयंती राठवा थे। लेकिन इसके अलावा वहां आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार राधिका राठवा थीं जो कांग्रेस के पूर्व सांसद की लड़की हैं। ऐसे में उन्होंने अच्छे खासे कांग्रेस के वोट ले लिए जिसकी वजह से विपक्ष के नेता रहे सुखराम राठवा की हार हुई है। भाजपा ने आदिवासी क्षेत्रों में एक ही मंत्र अपनाया था कि जिनके सामने जीत न सको उनको अपने साथ शामिल कर लो जिससे अपनी ताकत बढ़ जाती है। इसी तरह बीजेपी ने गुजरात के अंदर सालों से बने कांग्रेस के वोट बैंक की मजबूती को तोड़ा। गुजरात में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खास वजह मध्य प्रदेश से सटी गुजरात की वे सभी आदिवासी बहुल सीटें हैं, जिनका जीतना भाजपा के भविष्य की दृष्टि से शुभ है। पार्टी की तरफ से आदिवासी वर्ग को अपने पक्ष में करने वाला दांव सफल होना भविष्य की भाजपा की राजनीति को सुगम बनायेगी। राजनीतिक जानकारों का भी यही कहना है कि गुजरात के आदिवासियों के मन में भाजपा बस गयी है।

# खाड़ी देशों में प्रवासी मजदूरों की पीड़ा, अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना



> दिसंबर 2017 में, नेपाली प्रवासी श्रमिक अनिल चौधरी को कतर के एक नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी सजा की बीस साल की अवधि से पहले मई, 2020 में फायरिंग द स्ते द्वारा उसे मार दिया गया। हमें पता चला है कि नेपाली दूतावास को केवल एक दिन पहले उसकी निर्धारित फांसी के बारे में सूचित किया गया था, जिससे उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के इस अंतिम चरण में सार्थक समर्थन प्रदान करने के लिए अपर्याप्त समय मिला। हालांकि हमें अपराध की परिस्थितियों के सभी विवरण मालूम नहीं हैं, लेकिन हर आरोपी को उसके कथित अपराध की गंभीरता की परवाह किए बिना कानूनी बचाव का अधिकार मिलना चाहिए, जो चौधरी को नहीं दिया गया। कतर फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए सुर्खियों में है, लेकिन उसे मानवाधिकार रिकॉर्ड के लिए भी सुर्खियों में रहना चाहिए। चौधरी उन अदृश्य कार्यबल में से एक था, जिन्हें नियत न्याय प्रक्रिया से वंचित किया जाता है।

**कतर** के अधिकारी प्रवासी श्रमिकों को गिरफ्तार करने, हिरासत में लेने या मौत की सजा के लंबित मुकदमों की स्थिति में संबंधित दूतावासों को सूचित न करके अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना कर रहे हैं। हमारे नए आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2016 और 2021 के बीच कम से कम 21 लोगों को कतर में मौत की सजा दी गई थी। इन 21 मामलों में से केवल तीन मामलों में कतर के नागरिक शामिल थे। शेष 18 विदेशी नागरिक थेः जिसमें सात भारत से, दो नेपाल से, पांच बांग्लादेश से, एक ट्यूनीशियाई और अज्ञात राष्ट्रीयता के तीन एशियाई शामिल थे। दिसंबर 2017 में, नेपाली प्रवासी श्रमिक अनिल चौधरी को कतर के एक नागरिक की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी सजा की बीस साल की अवधि से पहले मई, 2020 में फायरिंग दस्ते द्वारा उसे मार दिया गया। हमें पता चला है कि नेपाली दूतावास को केवल एक दिन पहले उसकी निर्धारित फांसी के बारे में सूचित किया गया था, जिससे उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के इस अंतिम चरण में सार्थक समर्थन प्रदान करने के लिए अपर्याप्त समय मिला। हालांकि हमें अपराध की परिस्थितियों के सभी विवरण मालूम नहीं हैं, लेकिन हर आरोपी को उसके कथित अपराध की गंभीरता की परवाह किए बिना कानूनी बचाव का अधिकार मिलना चाहिए, जो चौधरी को नहीं दिया गया। कतर फीफा विश्व कप की मेजबानी के लिए सुर्खियों में है, लेकिन उसे मानवाधिकार रिकॉर्ड के लिए भी सुर्खियों में रहना चाहिए। चौधरी उन अदृश्य कार्यबल में से एक था, जिन्हें नियत न्याय प्रक्रिया से वंचित किया जाता है। कतर ने भी 1998 में विएना संधि को स्वीकार किया था, जिसके तहत यदि किसी विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया जाता है, या हिरासत में लिया जाता है या किसी दूसरे देश में उस पर मुकदमा चलाया जाता है, तो मेजबान देश के अधिकारियों को बिना किसी देरी के उस व्यक्ति को सूचित करना चाहिए कि वे अपने दूतावास को सूचित करने के हकदार हैं और यदि वह व्यक्ति अनुरोध करता है, तो संबंधित देश के वाणिज्य दूतावास को तुरंत सूचित करना चाहिए। लेकिन हमने अपने शोध में पाया कि कतर के अधिकारी व्यवहार में इस समझौते का सम्मान नहीं करते हैं। हमने पाया कि पूरे खाड़ी क्षेत्र में प्रवासी श्रमिकों को अपनी भाषा बोलने वाले वकीलों तक पहुंच के बिना अपराधों का दोषी ठहराया गया और उचित सजा के बाद की समीक्षा प्रक्रियाओं या सहायता के बिना फांसी दे दी गई। आश्चर्यजनक रूप से, कतर में आबादी के अनुपात में दुनिया के सबसे ज्यादा प्रवासी नागरिक रहते हैं। वहां प्रवासी श्रमिक देश के कुल कार्यबल का 94 फीसदी हैं और देश की कुल आबादी के 86 फीसदी। दरअसल, 2010 में फीफा विश्व कप की घोषणा के बाद से कतर की जनसंख्या में 40 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिसमें बड़े पैमाने पर अकुशल प्रवासी श्रमिक हैं। फिर भी वे प्रवासी श्रमिक, जिसमें ज्यादातर नेपाल, भारत और बांग्लादेश के हैं, बेहद अस्थायी और शोषित हैं। हमारे नए सबूत यह भी दर्शाते हैं कि जिन बड़े अपराधों के लिए पूरे खाड़ी क्षेत्र में प्रवासी श्रमिकों को दोषी ठहराया जाता है, वे उनके अनिश्चित प्रवास और आर्थिक स्थितियों से जटिल रूप से जुड़े हुए हैं। प्रवासी श्रमिकों, विशेष रूप से विश्व कप के बुनियादी ढांचे पर काम करने वाले लोगों के दुर्व्यवहार के बारे में भयानक सबूत सामने आए हैं, जिनकी आमतौर पर गर्मी, थकावट, अपर्याप्त भोजन और पानी, अपर्याप्त चिकित्सा प्रावधान और खराब सुरक्षा नियमों के कारण मृत्यु हो गई है। विदेशों में मौत की सजा का सामना करने पर विदेशी नागरिक विशेष रूप से कमजोर होते हैं। उदाहरण के लिए, कतर के कानून के तहत, केवल कतर के वकील ही आरोपियों का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं, और इस प्रकार विदेशी आरोपी अपने देश का वकील नियुक्त नहीं कर सकता है, जो उनकी भाषा जानता हो और उनकी स्थिति से बेहतर परिचित हो। 1950 के दशक के बाद से अल्पकालिक प्रवास की सुविधा के लिए काफला प्रणाली शुरू हुई, जिसमें प्रवासियों के नागरिकता प्राप्त करने की कोई संभावना नहीं थी। इस व्यवस्था के तहत एक प्रवासी श्रमिक को किसी खाड़ी नागरिक (जो उसका कफील बन जाता है) द्वारा प्रायोजित होना चाहिए। मेजबान देश में एक श्रमिक की कानूनी स्थिति उसके रोजगार और कफील के साथ उसके संबंधों पर निर्भर करती है। यह निर्भरता अकुशल श्रमिकों को कठोर काम करने और विकट स्थिति में रहने के लिए मजबूर करती है। कुछ प्रवासी श्रमिक दूसरों की तुलना में अधिक असुरक्षित होते हैं-विशेष रूप से घरेलू कामगार, जो अनियमित घरेलू क्षेत्र में काम करते हैं, और श्रम कानूनों के दायरे में नहीं आते हैं। प्रवासी श्रमिक ट्रेड यूनियनों या हड़ताल में शामिल नहीं हो पाते हैं। यदि वे नियोक्ता की अनुमति के बिना रोजगार छोड़ते हैं, या अपने अस्थायी वीजा की अवधि के बाद देश में रहते हैं, तो उन्हें जुर्माना, हिरासत, निर्वासन और पुनः प्रवेश पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ता है। कफाला व्यवस्था पूरे क्षेत्र में संचालित होती है और पूरे खाड़ी क्षेत्र में मौत की सजा में प्रमुख भूमिका निभाती है। मृत्युदंड के अन्य मामलों में से अधिकांश सऊदी अरब में थे, जहां विदेशी लोगों को नशीले पदार्थों के अपराध 60 फीसदी (385 में से 221 मामले) मौत की सजा के लिए जिम्मेदार थे। हमने यह भी पाया कि इस अवधि के दौरान सऊदी अरब में 130 विदेशी नागरिकों को मौत की सजा दी गई। संयुक्त अरब अमीरात में हमने पाया कि 114 विदेशी नागरिकों हत्या के आरोप में मौत की सजा का सामना कर रहे थे। इनमें से ज्यादातर भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के थे। हमें कम से कम 27 भारतीय पुरुषों का पता चला, जिन्हें शराब की तस्करी से संबंधित हिंसक अपराधों के लिए मौत की सजा सुनाई गई थी। हमने पाया कि पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान, भारत, ओमान और सऊदी अरब के 31 विदेशी नागरिकों को मादक पदार्थों की तस्करी के लिए मौत की सजा सुनाई गई। फीफा विश्व कप के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में शामिल श्रमिकों को टूर्नामेंट शुरू होने से कुछ महीने पहले घर भेज दिया गया। फीफा ने कहा है कि उसे मेजबान देश की ऐसी किसी नीति की जानकारी नहीं है।

## देश दुनीया से

# हमारी प्रौद्योगिकी पर चीन की नजर, दुनिया के लिए भी खतरा

**दिल्ली** पुलिस के स्पेशल सेल की इंटेलिजेंस फ्यूजन स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) की जांच में हुए खुलासे के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के सर्वर पर हुए साइबर हमले में चीन की भूमिका सामने आई है। जांच में यह पता लगा कि दो मेल आईडी से एम्स के सर्वर पर साइबर हमला किया गया। विगत 23 नवंबर को देश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एम्स में हुए उस साइबर हमले में एम्स के चार सर्वर, दो एप्लीकेशन सर्वर, एक डाटाबेस और एक बैकअप सर्वर प्रभावित हुए थे और वहां के सभी कंप्यूटरों के एंटी वायरस का लाइसेंस खत्म हो गया था। जांच में पता चला कि जिन दो मेल आईडी से हमला हुआ, उनका उद्गम चीन में है। एक प्रमुख मेल आईडी का पता ग्लोबल नेटवर्क, फ्रांसिट लिमिटेड रोड डी/3 एफ ब्लॉक-2, 62 युआन रोड हांगकांग-00852 है। आईएफएसओ की जांच इस साइबर हमले में कहां तक पहुंचेगी, यह देखना तो अभी शेष है, लेकिन चीन पर नजर रखने वालों के अनुसार इस तरह के हमले चीन की मूलभूत फितरत में शामिल हैं। कोई बहुत ज्यादा वक्त नहीं हुआ है, लेकिन भारत सहित कई देशों की खुफिया एजेंसियों के कर्ता-धर्ता आज भी इस घटना से सिहरे हुए हैं। हाल ही में भारत समेत 103 देशों की सरकारें एक मालवेयर (बदनीयती से छोड़ा गया सॉफ्टवेयर) के हमले के असर का अंदाजा लगाने के लिए इकट्ठा हुई थीं। कनाडा स्थित इन्फॉर्मेशन वारफेयर मॉनिटर (आईडब्ल्यूएम) नामक एक रिसर्च संगठन के 10 महीनों के शोध व अनुसंधान के बाद तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, चीन में स्थित चार सर्वरों से छोड़ा गया एक मालवेयर 103 देशों के उन 1,295 कंप्यूटरों में प्रवेश कर गया था, जिनमें सरकारी गोपनीय जानकारियां थीं। घोस्ट रैट नामक यह मालवेयर प्रभावित कंप्यूटरों में न सिर्फ टेक्स्ट फाइलें, बल्कि की-स्ट्रोक्स की जानकारी हासिल करने के साथ वीडियो और ऑडियो रिकॉर्ड कर और भी काफी कुछ कर सकता था। चीन की सरकार ने इस बात से इनकार किया कि उनका इस हमले से कुछ भी लेना-देना है। लेकिन साइबर वारफेयर के अधिकांश विश्लेषक उक्त रिपोर्ट की मूलभूत खोजों से काफी भयभीत हैं। पहली खोज तो यह है कि मालवेयर का पता दो साल तक नहीं चला और अनेक कंप्यूटर तभी से रोगग्रस्त थे। दूसरा यह कि इस मालवेयर का पता और भी कई वर्षों तक नहीं चलता, अगर इन्फॉर्मेशन वारफेयर मॉनिटर (आईडब्ल्यूएम) इसका पता नहीं लगाता। दरअसल चीन की इन गतिविधियों से खतरा सिर्फ भारत को नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को है। जहां तक राज्य प्रायोजित घुसपैठ की बात है, तो क्राउडस्ट्राइक के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2020 और 2021 के बीच 67 फीसदी हमलों के पीछे चीन था। साइबर सुरक्षा मुहैया करवाने वाली एक अन्य एजेंसी सेंटिनल वन के सीनियर थ्रेट रिसर्चर टॉम हेगेल के अनुसार, इसमें कोई संदेह नहीं है कि खतरे की प्रासंगिकता के मामले में चीन अग्रणी देश के रूप में खड़ा है। इसी साल जुलाई में फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (एफबीआई) और ब्रिटिश खुफिया एजेंसी एमआई5 ने चीन द्वारा इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) की चोरी के खतरे के बारे में एक अभूतपूर्व संयुक्त चेतावनी जारी की। लंदन में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए एफबीआई के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा कि चीन का हैकिंग कार्यक्रम 'हर दूसरे बड़े देश की तुलना में बड़ा है और चीन की सरकार आपकी प्रौद्योगिकी चुराने के लिए तैयार है।' उनका कहना था कि चीनी सरकार पश्चिमी व्यवसायों के लिए उससे भी गंभीर खतरा है, जितना कि कुछ व्यवसायी महसूस करते हैं। तमाम शहर हैं दो चार दस की बात नहीं-ये पंक्तियां चीन के मामले में पूरी तरह मौजूं साबित होती हैं।




> जांच में यह पता लगा कि दो मेल आईडी से एम्स के सर्वर पर साइबर हमला किया गया। विगत 23 नवंबर को देश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एम्स में हुए उस साइबर हमले में एम्स के चार सर्वर, दो एप्लीकेशन सर्वर, एक डाटाबेस और एक बैकअप सर्वर प्रभावित हुए थे और वहां के सभी कंप्यूटरों के एंटी वायरस का लाइसेंस खत्म हो गया था। जांच में पता चला कि जिन दो मेल आईडी से हमला हुआ, उनका उद्गम चीन में है।


## नागरिक बोध

# वसुधैव कुटुम्बकम ही भारतीय राष्ट्रवाद

**राष्ट्र** वाद की अवधारणा यूरोप का द्वारा दिया हुआ है। यूरोपीय कसौटी पर देखा जाए तो भारत कोई राष्ट्र नही बल्कि कई राज्यों का समूह है। जिस प्रकार से भूमंडलीकरण पूंजीवाद के एक तर्क है। उसी तरह राष्ट्रवाद भी पूंजीवाद का एक राजनीतिक तर्क है, और आधुनिकता पूंजीवाद का एक सांस्कृतिक तर्क है। भारत अनादिकाल से सांस्कृतिक इकाई के रूप में संगठित रहा है। भाषा, व्यवहार, आचार आदि भिन्न होते हुए लोक संस्कृति, उतर संस्कृति, दक्षिण पूरब और उत्तर संस्कृति में समानता है। राष्ट्रबोध के नाम से अंग्रेजों ने बड़ी चतुराई से गुटबंदी को बढ़ावा दिया गया। जिसमें हमारे सांस्कृतिक राष्ट्र और राष्ट्रवाद दोनों कमजोर हुए। अंग्रेजों में सबसे पहले धर्म मे फुट डालने का काम किया। एक दूसरे धर्म में विभाजनकारी नीतियो पर जोर देना शुरू किया। दो सौ वर्ष की गुलामी के बाद भारत मे रहने वाले धर्मनिरपेक्ष को मानने वाले की संख्या बढ़ने लगी। उन्हें आभास हुआ है । भारत में राष्ट्र से बड़ा आदमी था। वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा दिन प्रतिदिन मजबूत होती गई। यूरोपीय अवधारणा से भारतीय राष्ट्रवाद को नहीं समझा जा सकता है। ब्रिटिश शासन के पहले भी भारत मे सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से जूडा हुआ था। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंम्बकम की है जो एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति में नहीं बंध सकती है। राष्ट्र के लिए भाषा एकरूपता भी जरूरी है जो भारत मे संभव हो ही नही सकता है। भारत तो भाषाओं का देश है। संस्कृति दुनिया से पुरानी है तो यहां के रीति रिवाज भिन्न है। भारत भाषओं का देश है, एक भाषा का नहीं। स्वतंत्रता आंदोलन से अब तक भारतीय सिनेमा में राष्ट्रीय चेतना को रेखांकित किया गया है। राष्ट्र एक नैसर्गिक प्रक्रिया है और समय समय पर बनता बिगड़ता है। राष्ट्र को समझने के लिए भारतीय लोक को समझना जरूरी है। भारत के लिए जब तक समृद्ध नही होगा, जब तक भारतीय लोक के नींव तक खड़ा नही होगा। अर्थिक सामाज्यवाद को तोड़ने पर ही भारत मजबूत होगा। भारत समृद्धिशाली राष्ट्र था।कभी सोने की चिड़िया कहलाने वाला भारत आज देश के लुटेरों ने भारत को कमजोर बना लिया है। अंग्रेजों ने भारत से ऊंट भर भर कर सोना लेकर गए थे। 1947 का विभाजन और भारत पर समय की मार ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। आपसी भाईचारे में दाग लग गया। विभाजन की त्रासदी ही लोगों के जेहन में पीड़ादायक रही है। उस समय देश मजबूत था। अंग्रेजों और मुगलों ने सबसे पहले हमला भारतीय समाज को बांटने का ही काम किया था। गांधीवाद ही भारतीय राष्ट्रवाद का उपयुक्त विकल्प हो सकता है। गांधीवाद में सबका समावेश है। सुख की छाया धर्म देता है। संबन्ध कोई भी सुख नहीं देता है, जो धर्म समझता है। उसके मन में वसुधैव कुटुंम्बकम की भावना कूट-कूट कर भरी होती है। अधर्मी निष्ठुर और पाप कर्म का बोझ लेकर चलने वाला होता है। हम तब तक अनाथ है, जब तक धर्म की शरण में नही जाते है। गृहस्थ में रहकर भी धर्म की शरण में जा सकते है। भरत चक्रवर्ती और माता मरुदेवी भी तो गृहस्थ थे। धर्म ही तो सबको समान रूप से छाया देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### लियॉन शहर स्थित रिहायशी इमारत में लगी भीषण आग, पांच बच्चों समेत 10 लोगों की दर्दनाक मौत



**लियॉन।** फ्रांस के लियॉन शहर के पास वाउलक्स-एन-वेलिन में एक रिहायशी इमारत में शुक्रवार सुबह आग लगने से पांच बच्चों समेत दस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी देते हुए लियॉन और रोन क्षेत्र के स्थानीय प्राधिकरण ने कहा कि इस समय आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल पर करीब 170 दमकलकर्मी मौजूद हैं। आग शुक्रवार की सुबह वाउल्क्स-एन-वेलिन में एक सात मंजिला आवासीय इमारत में लगी। स्थानीय प्रशासन ने कहा कि आग लगने वाली जगह पर सुरक्षा घेरा बना दिया गया है।

### 850 अरब डॉलर का अमेरिकी रक्षा विधेयक मंजूर, चीन से निपटने के लिए भारत की मदद की जाएगी




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने वर्ष 2023 के लिए 850 अरब डॉलर के भारी भरकम रक्षा विधेयक को मंजूरी दे दी। इसमें ताइवान को 10 अरब डॉलर और यूक्रेन को 80 करोड़ डॉलर की सुरक्षा सहायता का प्रावधान किया गया है। सूत्रोंम के अनुसार सीनेटरों ने गुरुवार को राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम (एनडीएए) जबर्दस्त समर्थन से पारित कर दिया। इसके पक्ष में 84 वोट पड़े, जबकि विरोध में 10। हालांकि, कुछेक वोटों की गिनती बाकी थी। पारित विधेयक को राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। सीनेट ने इस विधेयक के साथ ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट को भी पारित किया है। इसमें ताइवान की सुरक्षा क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए 10 अरब डॉलर की सुरक्षा सहायता की व्यवस्था की गई है। ताइवान की तरह ही यूक्रेन की सुरक्षा के लिए भी 80 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया गया है। बाइडन ने यूक्रेन के लिए 50 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया था, जबकि स्वीकृत राशि उससे ज्यादा है। अमेरिकी रक्षा विधेयक में सेना के लिए कोविड-19 वैक्सीन आदेश को निरस्त करने, सैन्य वेतन बढ़ाने और रूस पर प्रतिबंध जैसे कई अन्य कदम भी शामिल हैं।

### पेरू के पूर्व राष्ट्रपति कैस्टिलो को 18 माह के लिए जेल भेजा, विद्रोह भड़काने के आरोप में चलेगा केस



**लीमा।** पेरू की सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को 18 माह के लिए जेल भेज दिया। उन पर देश में विद्रोह भड़काने व साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। उन्हें 8 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के जज कार्लोस चेकले ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जेल भेजने का आदेश जारी किया। उन्हें 18 माह तक मुकदमे की सुनवाई तक हिरासत में रखा जाएगा। पेरू की समाचार एजेंसी एंडिना ने यह जानकारी दी। लीमा स्थित अभियोजन कार्यालय ने कोर्ट से मुकदमे के दौरान पेड्रो कैस्टिलो और पूर्व प्रधानमंत्री एनीबल टोरेस को 18 महीने तक हिरासत में रखने का अनुरोध किया था। कैस्टिलो की गिरफ्तारी के बाद दक्षिण अमेरिकी देश पेरू में अशांति फैल गई थी। उनके समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे। इसे देखते हुए कैस्टिलो के स्थान पर राष्ट्रपति बनीं डिना बोलुआर्ते ने बुधवार को देश में 30 दिन के लिए आपातकाल लगा दिया।

### मलेशिया में भूस्खलन से दो की मौत, 50 से अधिक लोगों के फंसे होने की आशंका



**कुआलालंपुर।** मलेशिया में शुक्रवार सुबह भूस्खलन की खबर आई। भूस्खलन की वजह से दो लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान 50 से अधिक लोगों के फंसे होने की भी आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, कुआलालंपुर के बाहरी इलाके के सेलांगोर राज्य में भूस्खलन हुआ। राहत और बचाव कार्य शुरु कर दिया गया है। अग्निशमन और बचाव विभाग ने बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से तीन लोग घायल हैं और 50 से ज्यादा लापता हैं। बचाव अभियान युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। तेजी से लोगों को बाहर निकालने का काम भी जारी है। अग्निशमन विभाग के निदेशक नोराजम खमीस ने बताया कि अब तक 31 लोगों को शिविर स्थल से बचाया जा चुका है। भूस्खलन कैंपसाइट के ऊपर करीब 30 मीटर की ऊंचाई से हुआ। इससे करीब एक एकड़ का इलाका प्रभावित हुआ।

# अमेरिका में लॉन्ग कोविड से हुई मौतों की पुष्टि, फिर आई कोरोना की नई लहर

**वाशिंगटन।** अमेरिका को लॉन्ग कोविड के मामलों से अभी निजात नहीं मिली है, इसी बीच कोरोना संक्रमण की नई लहर यहां आ गई है। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से हो रही बढ़ोतरी के कारण एक बार फिर से कोविड-19 संबंधी नियम लागू कर दिए गए हैं। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने ऐसे कई नियमों का एलान किया। इसके तहत सरकार ने हर परिवार को कोरोना वायरस जांच के चार किट मुफ्त उपलब्ध कराए जाएंगे, टीकाकरण अभियान तेज किया जाएगा, मास्क, ग्लव्स, गाउन आदि की सप्लाई तेजी की जाएगी, और अस्पतालों को इलाज के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी।

व्हाइट हाउस ने कोविड-19 संबंधी सहायता जारी रखने के लिए कांग्रेस (संसद) से और अधिक धन मंजूर करने की गुजारिश की है। जो बाइडन प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि फिलहाल 2021 की राहत योजना के बजट से सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं, लेकिन आगे ऐसा तभी हो पाएगा, जब संसद नया बजट मंजूर करेगी।

हाल के हफ्तों में अमेरिका में कोरोना संक्रमण के मामलों में 90 फीसदी तक की वृद्धि हुई है। सात दिसंबर को खत्म हुए सप्ताह में नए संक्रमण के चार लाख 59 हजार से अधिक मामले सामने आए। विशेषज्ञों ने कहा है कि सर्दियां बढ़ने के साथ संक्रमण की नई लहर आई है, लेकिन संभव है कि जल्द ही यह काबू में आ जाए।



इस बीच लॉन्ग कोविड के कारण भी अमेरिका में मौतें होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की तरफ से इस बुधवार को जारी की गई एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी आने के बाद पहले ढाई साल में 3,544 लोगों की जान लॉन्ग कोविड की वजह से गई। कोरोना संक्रमण से उबरने के बाद भी उसके कई लक्षणों से पीड़ित रहने वाले व्यक्तियों को लॉन्ग कोविड का मरीज माना जाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में कोविड-19 के कारण दस लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। लॉन्ग कोविड से मरे लोगों की संख्या उसका 0.3 फीसदी बैठती है। सीडीसी से जुड़ी स्वास्थ्य वैज्ञानिक फरीदा अहमद ने कहा- नई रिपोर्ट यह बताती है कि लॉन्ग कोविड का संबंध लंबे समय तक बीमार रहने से है और ये बीमारी मृत्यु का कारण भी बन सकती है।

माउंट सिनाई हेल्थ सिस्टम से जुड़े विशेषज्ञ डेविड पुट्रिनो ने टीवी चैनल सीएनएन से कहा कि ये अध्ययन एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने कहा- 'यह उन लोगों के बारे में सूचना है, जो गंभीर रूप से बीमार हुए और जिन्हें अंग क्षतिग्रस्त होने के कारण अस्पताल जाना पड़ा। लेकिन इसमें लॉन्ग कोविड के वैसे मरीजों को शामिल नहीं किया गया है, जो जारी लक्षणों के साथ रोजमर्रा के कामकाज कर रहे हैं।'पुट्रिनो ने कहा- 'हम रोज ही ऐसी खबरें पढ़ते हैं, जिनमें उन लोगों के बारे में बताया जाता है, जो पहले बिल्कुल स्वस्थ थे, लेकिन जब वे कोविड का शिकार हुए, उसके बाद उन्हें दिल का दौरा पड़ने, पक्षाघात होने या फेफड़े की बीमारी जैसी समस्या हो गई। आत्म हत्या की ऐसी घटनाएं भी हुई हैं।

### शहबाज शरीफ सरकार की मुश्किलें बढ़ रहीं

# एक साथ कई नावों पर सवार होकर आखिर कहां पहुंचेगा पाकिस्तान?

**इस्लामाबाद।** हफ्ते भर पहले पाकिस्तान सरकार ने एलान किया था कि उसका रूस से रियायती दर पर कच्चा तेल खरीदने को लेकर करार हो गया है। ये घोषणा पाकिस्तान के पेट्रोलियम मंत्री मुसादिक मलिक ने रूस यात्रा से लौटने के बाद यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में की थी। लेकिन अब अमेरिका यात्रा पर गए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने खंडन किया है कि पाकिस्तान रूस से रियायती दर पर ऊर्जा 'खरीद रहा है या खरीदने की कोशिश कर रहा है।

भुट्टो जरदारी के इस बयान यहां हैरत जताई जा रही है। यह बयान देने के पीछे पाकिस्तानी विदेश मंत्री का क्या मकसद है, इसको लेकर यहां कयास लगाए जा रहे हैं। मुसादिक मलिक ने बताया था कि रियायती दरों पर पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी के बारे में बनी सहमति को रूसी ऊर्जा मंत्री की इस्लामाबाद यात्रा के दौरान अंतिम रूप दिया जाएगा। रूसी ऊर्जा मंत्री जनवरी के मध्य में यहां आने वाले हैं। मलिक ने संभावना जताई थी कि पाकिस्तान को रूस से पेट्रोलियम पदार्थ दूसरे देशों की तुलना में अधिक सस्ती दर पर मिल सकते हैं।

अब भुट्टो जरदारी ने एक अमेरिकी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में मलिक के बयान का सिरे से खंडन कर दिया है। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान स्वीकार किया कि पाकिस्तान को ऊर्जा असुरक्षा



का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कहा- 'जहां तक रूस का संबंध है, हम ना तो उससे रियायती दर पर ऊर्जा खरीद रहे हैं और न ही ऐसा करने की कोशिश में हैं।

समझा जाता है कि भुट्टो जरदारी ने अमेरिका सरकार को खुश करने के मकसद से ये बयान दिया है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक पाकिस्तान के एस्टैब्लिशमेंट (सेना और खुफिया तंत्र) में अमेरिका का गहरा प्रभाव है। जिस समय आर्थिक चुनौतियों और राजनीतिक अस्थिरता के कारण शहबाज शरीफ सरकार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं, यह उसकी तरफ से चली गई एक चाल हो सकती है। संभव है कि इसके जरिए सत्ताधारी गठबंधन ने एस्टैब्लिशमेंट को और मजबूती से अपनी तरफ करने की कोशिश की हो।

टीवी इंटरव्यू के दौरान पूछा गया कि क्या पाकिस्तान अमेरिका से जुड़ेगा और साथ ही अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी चीन के साथ भी कारोबार करता रहेगा, तो इस पर भुट्टो जरदारी ने कहा- 'चीन हमारा पड़ोसी है। हमारा उनके साथ लंबा इतिहास है। हम दोनों देशों के बीच व्यापक सहयोग है- खास कर आर्थिक मोर्चे पर। साथ ही हमारा अमेरिका के साथ एतिहासिक रिश्ता है।' इस तरह लगे हाथ भुट्टो जरदारी ने अमेरिका और चीन को भी खुश रखने की कोशिश की है। पर्यवेक्षकों के मुताबिक मुसादिक मलिक की रूस यात्रा से यह साफ है कि पाकिस्तान रूस से भी फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है।

लेकिन यहां कूटनीतिक विशेषज्ञों के एक हलके में यह राय जताई गई है कि पश्चिमी देशों और चीन-रूस की धुरियों के बीच बढ़ती होड़ के बीच पाकिस्तान की ये रणनीति जोखिम भरी है। इससे देश की अंदरूनी राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप की संभावनाएं बढ़ रही हैं, वहीं यह आशंका भी है कि आखिर में पाकिस्तान के हाथ कुछ भी ना आए।

# एक गैर-नागरिक की पार्टी ने नेपाल के चुनाव में सारा उलटफेर कर दिया?

**काठमांडो।** नेपाल के आम चुनाव में विदेशी हस्तक्षेप का आरोप लगने के बाद अब नई उभरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लमिछाने के खिलाफ एक याचिका दायर कर दी गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि लमिछाने नेपाल के नागरिक नहीं हैं। इसके पहले कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल ने आरोप लगाया था कि हाल में हुए आम चुनाव में विदेशी शक्तियों का हस्तक्षेप देखने को मिला। उनकी ही पार्टी के नेता देव गुरुंग ने कहा था कि बिना विदेशी हाथ के कोई नई पार्टी अचानक नहीं उभर जाती।

बीते 20 नवंबर को हुए आम चुनाव में दो नई पार्टियों की सफलता ने यहां सबको चौंकाया है। उनमें एक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) भी है। विश्लेषकों के मुताबिक इस पार्टी की अप्रत्याशित सफलता ने कई प्रमुख दलों की चुनावी गणनाओं को गड़बड़ा दिया। सुप्रीम कोर्ट में याचिका युवराज पौडेल नाम के एक वकील ने दी है। इसमें गुराजिश की गई है कि लमिछाने को आरएसपी के अध्यक्ष पद से तुरंत हटाया जाए। याचिका में इस ओर ध्यान दिलाया गया है कि नेपाल के संविधान के तहत सिर्फ नेपाल का नागरिक ही मतदान कर सकता है, चुनाव लड़ सकता है, और राजनीतिक पार्टी बना सकता है। याचिका में दावा किया गया है कि लमिछाने का संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचन और उनका आरएसपी का अध्यक्ष बनना अवैध



है।

सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता विमल पौडेल ने बताया है कि इस याचिका पर सुनवाई 21 दिसंबर को शुरू होगी। याचिका में कहा गया है कि लमिछाने ने नेपाल की नागरिकता त्याग दी थी और अब वे अमेरिका के नागरिक हैं। उन्होंने चितवन-2 चुनाव क्षेत्र से अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल करते समय अपनी पुरानी नागरिकता के दस्तावेज पेश किए थे। लमिछाने का दावा है कि उन्होंने अपनी अमेरिकी नागरिकता का त्याग कर दिया है और इसका सबूत वे आव्रजन विभाग के सामने पेश कर चुके हैं। उनका दावा है कि उन्होंने नेपाल की अपनी पुरानी नागरिकता को फिर से हासिल कर लिया है। लेकिन इस बारे में उन्होंने चुप्पी साध रखी है कि क्या उन्होंने नेपाल की नागरिकता का प्रमाण-पत्र नए सिरे से प्राप्त किया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक लमिछाने के खिलाफ इस आरोप में एक शिकायत निर्वाचन आयोग के सामने भी दायर कराई गई है। लेकिन निर्वाचन आयोग ने यह कहते हुए उस पर कोई कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है कि लमिछाने अब प्रतिनिधि सभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं।

# रूसी सेना हुई और अधिक आक्रामक, यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल से हमले, बेलारूस जाएंगे पुतिन

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के नौ महीने से अधिक हो जाने के बाद भी पुतिन की सेना अपने हमले कम नहीं कर रही । ताजा रिपोर्ट के अनुसार रूसी सेना ने एक बार फिर से यूक्रेन के तीन बड़े शहरों पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले कर दिए हैं। राजधानी कीव के मेयर ने शहर के मध्य जिलों में धमाकों की सूचना दी है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने कहा कि डेसन्यान जिले में विस्फोटों की आवाज सुनी गई और निवासियों को शेल्टर का सहारा लेने की चेतावनी दी। वहीं, पूर्वी खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि रूसी हमलों के बाद मुख्य शहर में बिजली नहीं है।



### क्रिसमस के दौरान भी हमले नहीं रुकेंगेः रूस

रूस ने बुधवार को जानकारी दी है कि वह यूक्रेन में मौजूद अधिकारी पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की कोशिश करेगा। रूसी सेना के अधिकारियों के मुताबिक क्रिसमस के दौरान भी हमले नहीं रुकेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सप्ताहांत तक अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देगा। इसे भेजने के लिए वह योजना को अंतिम रूप दे रहा है।

### रूसी राष्ट्रपति जाएंगे बेलारूस

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने समकक्ष और सहयोगी अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ वार्ता के लिए सोमवार को बेलारूस जाएंगे। बेलारूस प्रेसीडेंसी ने शुक्रवार को कहा कि यह बैठक मिन्स्क में इंडिपेंडेंस पैलेस, लुकाशेंको के कार्यालय में होगी। यह दौरा यूक्रेन में रूस के हमले के 10 महीने बाद आया है, जिसे बेलारूसी क्षेत्र सहित कई दिशाओं से शुरू किया गया था।

# राष्ट्रपति शी की जीरो-कोविड नीति बुरी तरह फेल, चीन के लोगों के बीच बढ़ा असंतोष

**बीजिंग।** चीन में कोविड महामारी का कहर जारी है। कोरोना संक्रमण के रोजाना 1000 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं। इस बीच एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग की %जीरो-कोविड% नीति ने चीन के लोगों को हिलाकर रख दिया है, जो बुरी तरह बिफल होती दिख रही है। क्योंकि चीन आज भी कोरोना संक्रमण के मामलों को रोकने के लिए संघर्ष कर रहा है। चीन की कम्युनिस्ट सरकार ने कोरोना संक्रमण के मामलों को रोकने के लिए 'जीरो-कोविड' नीति पेश की गई थी। इस नीति के तहत बार-बार लॉकडाउन लगाने के कारण चीनी नागरिकों के बीच असंतोष पैदा हो गया है. कोविड को रोकने के लिए वर्तमान में चीन के लिए 31 शहरों में लॉकडाउन में है, जिससे देश के करोड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं।



### लॉकडाउन से आजीविका का संकट

लॉकडाउन के कारण लोगों की आजीविका पर संकट पैदा हो गया है। बहुत से लोगों की नौकरी चली गई। साथ ही लोगों की आय में भारी कम आई है। लॉकडाउन से चीन की अर्थव्यवस्था को भी झटका लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के बीच संतुलन बिगड़ा है और यह 2020 के बाद से सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। यूरोपीय संघ के चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुताबिक, चीन में करीब 60 प्रतिशत यूरोपीय कंपनियों ने कोविड प्रतिबंधों के चलते इस वर्ष राजस्व अनुमानों में कटौती की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन में बेरोजगारी रिकॉर्ड 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है। वहीं, पहले से कर्ज में डूबीं प्रांतीय सरकारें बड़े पैमाने पर चल रही कोविड टेस्टिंग पर खर्च करने को मजबूर हैं।

### ग्वांगझाऊ में विरोध प्रदर्शन जारी

चीनी सरकार की कोविड-विरोधी नीति के विरोध में ग्वांगझाऊ में लोगों का प्रदर्शन जारी है। सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो में लोगों को सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करते हुए देखा जा सकता है। यहां स्थानीय लोगों ने क्वारंटाइन केंद्रों में भर्ती होने से मना कर दिया है। चीन के बड़े शहरों में भोजन, आपातकालीन चिकित्सा सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं की कमी हो गई है, जिससे लोगों में गुस्सा है।

# इस बार नेपाल में भी कोई जनजातीय नेता बन सकता है राष्ट्रपति?

**काठमांडो।** नेपाल में निर्वाचन आयोग की तरफ से आम चुनाव के नतीजों की प्रामाणिक कॉपी राष्ट्रपति को सौंपे जाने के बाद नई सरकार बनाने की गतिविधियां तेज हो गई हैं। आयोग ने गुरुवार को चुनाव नतीजों की कॉपी राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी को सौंपी। इस बीच मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक विभिन्न दलों में नए राष्ट्रपति के नाम को लेकर भी सहमति बनाने की कोशिश तेज हो गई है। इसके अलावा उप राष्ट्रपति, संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर, और नेशनल असेंबली के उपाध्यक्ष पदों के लिए भी विचार-विमर्श जोर पकड़ गया है।

नेपाल को 2008 में गणराज्य घोषित किया गया था। तब अल्पसंख्यक मधेशी समुदाय से आए राम बरन यादव को राष्ट्रपति बनाया गया था। वे अक्तूबर 2015 तक इस पद पर रहे। उसके बाद विद्या देवी भंडारी राष्ट्रपति बनीं। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि मधेशी समुदाय और एक महिला को राष्ट्रपति बना नेपाल के राजनेताओं ने बेहतर मिसाल कायम की थी। अब उन्हें इस परंपरा को आगे बढ़ाना चाहिए।

काठमांडू यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ लॉ के पूर्व डीन विपिन अधिकारी ने कहा है कि अब समय है, जबकि किसी जनजाति समुदाय के नेता को यह पद दिया जाए। नस्लीय रूप से विभिन्नता भरे नेपाल में अल्पसंख्यक या पिछड़े समुदाय के नेता को राष्ट्रपति



बनाने से प्रतीकात्मक रूप से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है।

संविधान विशेषज्ञ राजू चापागैन ने कहा है कि समावेशन के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय रूप से स्वीकार्य किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा- 'सिर्फ राजनीतिक लेन-देन के आधार पर राष्ट्रपति पद तय नहीं होना चाहिए। अगर अगला राष्ट्रपति भी अल्पसंख्यक समुदाय से आता है, तो उससे राष्ट्रीय एकता का संदेश जाएगा।

इस सिलसिले में भारत में द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाए जाने के उदाहरण की भी चर्चा हो रही है। कुछ टीकाकारों ने कहा है कि जैसे भारत में पहले दलित समुदाय से आए रामनाथ कोविंद और फिर आदिवासी समुदाय से आई द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया गया, वैसा ही उदाहरण नेपाल में भी आगे बढ़ाया जाना चाहिए। खास कर उस स्थिति में अगर प्रधानमंत्री कोई बहुसंख्यक खास-आर्य समुदाय का नेता बनता है, तो ऐसा अवश्य किया जाना चाहिए।

खबरों के मुताबिक राजनीतिक दलों के बीच नए राष्ट्रपति के लिए कई नामों पर विचार हो रहा है। कुछ खबरों में बताया गया है कि कुछ नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस कल्याण श्रेष्ठ का नाम आगे बढ़ाया है। बताया जाता है कि जो नेता श्रेष्ठ को राष्ट्रपति बनाने की वकालत कर रहे हैं, उनमें कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओइस्ट सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल भी हैं। हालांकि इस बारे में पत्रकारों के पूछने पर दहल के निकट सहयोगी रमेश मल्ला ने उन्हें ऐसी कोई सूचना होने से इनकार किया। उधर एक दूसरे पूर्व चीफ जस्टिस खिल राज रेग्मी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की थी। उसके बाद से यह चर्चा भी है कि रेग्मी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हो सकते हैं। लेकिन रेग्मी के एक निकट सहयोगी ने इस मुलाकात को एक सामान्य मुलाकात बताया है।

# चीन कर रहा युद्ध की तैयारी सरकार सोई हुई है : राहुल गांधी



**जयपुर ( हिंस )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चीन को लेकर केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा है कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है और सरकार सो रही है। चीन की धमकी साफ तौर पर नजर आ रही है, लेकिन सरकार चुप है। सरकार छुपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान की सरकार इवेंट बेस काम करती है, जबकि चीन रणनीतिक रूप से काम कर रहा है। यह कोई साधारण घुसपैठ का मामला नहीं है, लेकिन केंद्र सरकार सुनना नहीं चाहती है। राहुल गांधी शुक्रवार को भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर जयपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि चीन लगातार युद्ध की तैयारी कर रहा है। सरकार सोई हुई है। हमारी सरकार चीन की तैयारी को छिपाती है। हिंदुस्तान की सरकार रणनीतिक रूप से काम नहीं करती, इवेंट बेस काम करती है। जहां जिओ पॉलिटिक्स की बात आती है, वहां इवेंट काम नहीं आते, वहां ताकत काम आती है। विदेश मंत्री के बयान आते रहते हैं, उन्हें अपनी समझ गहरी करने की जरूरत है। उन्होंने राजस्थान कांग्रेस में किसी भी तरह के मतभेदों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस व सरकार में किसी भी तरह के अनिर्णय की स्थिति नहीं है। हम लोकतांत्रिक पार्टी चला रहे हैं और पार्टी के लोग बोलना चाहें, तो डरा कर चुप नहीं करा सकते। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा और आरएसएस का काम बदनाम करने का है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में तानाशाही नहीं है। कांग्रेस में बयानबाजी और थोड़ी चर्चा होती है, जो अच्छी बात है। सिर्फ राजस्थान में ही नहीं, दूसरे राज्यों में भी यह चलता है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के चुनाव जीतने के कई कारण हैं। उनके पास भारी पैसा है, वे लोगों को धमकाते हैं। हम ऐसा नहीं करते और वे संसाधन हमारे पास नहीं हैं। हमारे पास उतना पैसा नहीं है। उनके सत्ता में आने का दूसरा कारण है कि वह नफरत फैलाते हैं, वे देश को बांटते हैं। जिस दिन कांग्रेस को यह समझ आ गया कि वह क्या है, उस दिन कांग्रेस हर चुनाव जीतेगी और एक दिन भाजपा को हम ही हराएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से मुझे पर्सनली बहुत फायदा हुआ है। बहुत सीखने को मिला है। मेरी भी जनता से थोड़ी दूरी थी, वह खत्म हो गई। जो सड़क पर चलने से दिखता है, वह बिल्कुल अलग होता है। जब सड़कों पर चलते हैं तो थोड़ी थकान और दर्द होता है, हम लाखों लोगों से मिलते हैं, बात करते हैं। हम किसान से मिलते हैं तो वह इस बात को समझ लेता है कि यह जो व्यक्ति आया है, यह दर्द सहकर आया है, फालतू में नहीं आया। फिर वह दिमाग से नहीं, दिल से बोलता है। हिंदुस्तान की जनता दिल से बोलती है, तो बात अलग होती है। राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं की जनता से एक दूरी सी पैदा हो गई है। अंहकार पैदा हो गया है। मैंने सोचा कि जनता और नेता की दूरी को खत्म करना है। यह दर्द की दूरी है। यात्रा का लक्ष्य यह भी था कि जनता के बीच के दर्द को समझा जाए। जनता का बहुत प्यार मिला है, आपको मैं समझा नहीं सकता। हमारी यात्रा राजनीति करने का दूसरा तरीका है। ये गांधीजी का तरीका है, राजस्थान में सबसे अच्छा रिस्पोंस है। राहुल ने कहा कि कन्याकुमारी से लेकर राजस्थान तक जमीन से एक बात समझ आई कि हमारे कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है, लाखों लोग कांग्रेस पार्टी से प्यार करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि यात्रा शुरू होने पर मीडिया ने कहा था कि दक्षिण भारत में सफल यात्रा उत्तर भारत में कामयाब नहीं होगी। उसके बाद जब यात्रा मध्यप्रदेश में आई, तो लोगों ने कहा कि यहां तो कामयाब हो गई लेकिन आगे राह कठिन है, लेकिन जैसे-जैसे ये यात्रा आगे बढ़ रही है, लोगों का समर्थन और मिलता जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान में लाखों लोग यात्रा का हिस्सा बने। कांग्रेस संगठन ने शानदार काम किया। हम भाजपा की हिंसा के खिलाफ खड़े हो रहे है और उसमें जनता का शानदार साथ मिल रहा है।

## ग्राम पंचायतों के पास होगी अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं की सूची

**चंडीगढ़( हिंस )।** हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में तैनात डाक्टरों द्वारा ब्रांडेड दवाइयां लिखने की सूचना के बाद स्वास्थ्य निदेशालय अलर्ट हो गया है। महानिदेशक ने गुरुवार को प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को निर्देश जारी किए हैं कि अस्पतालों में उपलब्ध दवाओं की सूची न केवल मुख्य काउंटरों पर चस्पा की जाए बल्कि ग्राम पंचायतों को भी भिजवाई जाए। डीजी हेल्थ ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में काम करने वाले डॉक्टरों और विशेषज्ञों को निर्देश दिए हैं कि वह अस्पताल में आने वाले मरीजों को जेनेरिक नेम पॉलिसी के तहत ही दवाएं लिखेंगे। इस संबंध में पहले भी कई बार निर्देश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन निर्देशों का सही तरीके से पालन न होने के चलते दोबारा निर्देश जारी किए गए हैं। ऐसे में अगर अब कोई सरकारी अस्पताल का डॉक्टर या विशेषज्ञ जेनेरिक मेडिसिन के अलावा मेडिसिन लिखेगा तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। निदेशक के अनुसार अक्सर देखने में आया है कि जिला स्तर पर अस्पतालों को जो दवाइयां जारी की जाती हैं, उसमें से कई दवाइयां इधर-उधर हो जाती हैं।

## 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत का विजय दिवस संपन्न



**जम्मू।** विधान शौर्य स्तंभ जम्मू में भारतीय सेना द्वारा 1971 भारत पाक युद्ध में शौर्य पराक्रम दिखा कर भारत का ध्वज फहराया, युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए भाजपा नेता राजीव चाढक ने कहा कि आज हम 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत का विजय दिवस मना रहें है उन्होंने कहा कि इस युद्ध के अंत तक हमारी सेना के पराक्रमी योद्धाओं द्वारा 93, 000 पाकिस्तानी सैनिकों सहित पूर्वी पाकिस्तान मे पाकिस्तानी बलों के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी को भारतीय सेना के पूर्वी भारत के सैन्य कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण करवाने में विजय प्राप्त की और पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र करवाया, जो आज बांग्लादेश के नाम से प्रख्यात है। चाढ़क ने कहा कि यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के उत्साहवर्धक साबित हुआ। चाढ़क ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि 1948, 1962, 1965, 1971 के युद्धों में भारतीय सैना के अदम्य साहस एवं पराक्रम से युद्ध मैदान मे हम विजय हुए परंतु देश में कमजोर नेतृत्व होने के कारण हम टेबल पर हार गए और पाकिस्तान द्वारा हथियाई हुई भारत की भूमि वापस नहीं ले पाए बहुत जीता हुआ पाकिस्तान भूभाग भी युद्ध बंधक सैनिकों सहित वापस कर दिया। इस उपलक्ष पर सेवानिवृत्त कैप्टन मोतीलाल, जम्मू कश्मीर गोरखा सभा की अध्यक्षा श्रीमती करूणा छेत्री, भाजयुमो नेता सन्नी संगोत्रा, दर्शन कुमार, भाजपा वार्ड नं. 48, के अध्यक्ष अजय शर्मा, हरदेश खोखर, मुख्तियार सिंह, सुमित नगोत्रा, अक्षय सगोत्रा, साजन गुप्ता, पाल, सुरिंदर पतियाल, हंस राज, शमशेर कुमार, मोहिंदर सिंह द्वारा पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## सास रूपी प्रदेश की कांग्रेस सरकार के सौ दिन पूरे , अब जनता बहू के रूप में : पूनियां

**जोधपुर ( हिंस )।** भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां शुक्रवार सुबह जोधपुर पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत की और राजस्थान में भारत जोडों यात्रा कर रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बारहवां सवाल पूछा। जोधपुर सर्किट हाउस में पूनियां ने राहुल गांधी को संबोधित करते हुए पूछा कि गत दिनों सामने आई लंपी डिजीज में कांग्रेस सरकार ने लापरवाही की ओर शिथिलता बरती गई है, क्या उसके लिए सरकार से बात करेंगे ? किसानों को लंपी के चलते पशुधन का नुकसान हुआ है उस नुकसान की भरपाई के लिए क्या सरकार मुआजवा देगी या नहीं ? इसका जवाब उनको देना होगा। पूनियां ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली के चलते प्रदेश में कानून व्यवस्था के बिगड़े हालात को लेकर भी चिंता व्यक्त की। पूनिया ने कहा कि आज राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा के सौ दिन पूरे हो रहे हैं। सौ दिन का जुड़ाव सास से हैं। यानि की सौ दिन सास के होते हैं तो एक दिन बहु का भी आता है। सास रूपी प्रदेश की कांग्रेस सरकार के सौ दिन पूरे हो गए हैं अब जनता बहू के रूप में अपना काम करेगी और 2023 में इस अनाचारी सरकार से मुक्ति मिलेगी। पूनियां ने कहा कि हादसे के पीड़ितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता देनी चाहिए थी। इस पर राज्य सरकार को काम करना चाहिए। क्योंकि गया हुआ व्यक्ति तो वापस नहीं आ सकता लेकिन उसके परिवार को संबंल देना जरूरी है। केंद्र सरकार से भी आर्थिक सहायता मिले इसके लिए हम सब प्रयासरत हैं। केंद्र की अपनी इसके लिए प्रक्रिया है जिस पर काम चल रहा है।

## सात साल बाद झारखंड में शुरू हुई पंजाब की कोयला खदान

**चंडीगढ़( हिंस )।** झारखंड के पछवाड़ा में करीब सात साल से बंद पड़ी पंजाब की कोयला खदान दोबारा चालू हो गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को पछवाड़ा खदान से कोयला लेकर पहुंची पहली ट्रेन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब देश का एकमात्र अतिरिक्त बिजली वाला राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि धान के पिछले सीजन के दौरान पंजाब ने पिछले साल के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक बिजली का उत्पादन किया। भगवंत मान ने उम्मीद जताई कि पछवाड़ा खदानों से कोयले की सप्लाई शुरू होने से बिजली का उत्पादन कई गुना बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पछवाड़ा कोयला खदाने राज्य को आवंटित हुई थीं।

## आतंकी लंडा ने रची थी हमले की साजिश, हैंड ग्रेनेड, पिस्तौल व मोटरसाइकिल बरामद

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने विदेश से चलाए जा रहे आतंकवादी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए तरनतारन रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमला मामले को एक सप्ताह से भी कम समय में सुलझा लिया है। इस मामले में दो नाबालिगों, जिन्होंने तरनतारन के पुलिस स्टेशन सरहाली की इमारत पर 9 दिसंबर को आतंकवादी हमला किया था, समेत छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को पंजाब पुलिस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इस आतंकी हमले की साजिश विदेश में रहने वाले वांछित आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लंडा हरीके, सतबीर सिंह उर्फ सत्ता और गुरदेव उर्फ जैसल द्वारा गोइन्दवाल साहिब जेल में बंद अजमीत सिंह की मदद से रची गई थी। दो नाबालिगों की गिरफ्तारी के अलावा गिरफ्तार किए गए मॉड्यूल के बाकी चार सदस्यों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नंबरदार निवासी नौशहरा पन्नुआ, गुरलाल सिंह उर्फ गहला निवासी चोहला साहिब, सुरलालपाल सिंह उर्फ गुरलाल उर्फ लाली निवासी गांव ठठिया महंत और जोबनप्रीत सिंह उर्फ जोबन निवासी नौशहरा पन्नुआ के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गोपी नंबरदार, जो किसी अन्य केस में गिरफ्तार था, उसे नाबालिग होने के कारण जमानत दे दी गई थी। 22 नवंबर को अपनी रिहाई से एक दिन बाद वह 18 साल का हो गया और फिर विदेश-आधारित हैंडलरों के संपर्क में आ गया। विदेश-आधारित हैंडलरों ने खेप की प्राप्ति और संपर्क स्थापित करने के लिए कटआउट और डैड पत्र बॉक्स (डीएलबी) तकनीकों का प्रयोग किया, जिससे मॉड्यूल के सदस्यों को हैंडलरों द्वारा सीधे तौर पर काम सौंपे जा सकें। यहां तक कि सब-मॉड्यूलों की पहचान भी अन्य सब-मॉड्यूलों से छिपी रही। पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किए गए आरोपितों से गोली-बारूद समेत दो .32 बोर और एक .30 बोर पिस्तौल, एक हैंड ग्रेनेड पी-86 और अपराध में इस्तेमाल की गई बाइक भी बरामद की है। गौरतलब है कि हमले को अंजाम देने के लिए सोवियत युग के 70 एमएम बोर के आरपीजी-26 हथियार का प्रयोग किया गया, जिसको 10 दिसंबर को पहले ही बरामद कर लिया गया था। यह आरपीजी-26 हथियार, जिसका प्रयोग अफगानिस्तान में मुजाहिदीन द्वारा किया जाता था, उसे सरहद पार से मंगवाया गया था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गोपी नंबरदार और गुरलाल गहला दोनों को गुरुवार को पट्टी मोड़ सरहाली से गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से एक .32 बोर पिस्तौल समेत 15 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों ने गोपी नंबरदार के खुलासे पर एक हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया है। डीजीपी ने बताया कि जांच के मुताबिक गोपी को शुरू में लंडा और सत्ता से 8.5 लाख रुपए की फंडिंग और 200 जिंदा कारतूस समेत .30 बोर का पिस्तौल मिला था। 1 दिसंबर, 2022 को गोपी ने गुरलाल गहला और जोबनप्रीत जोबन के साथ तरनतारन के गांव झंडेर से आरपीजी वाली एक अन्य खेप प्राप्त की और इसको तरनतारन के गांव मरहाना के नजदीक एक जगह पर छिपा दिया। डीजीपी यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान गोपी नंबरदार और गुरलाल गहला ने खुलासा किया कि लंडा और सत्ता ने दो नाबालिग सदस्यों को पुलिस थाना सरहाली पर हमले को अंजाम देने का जिम्मा सौंपा था, जिसका उद्देश्य सरहदी राज्य में दहशत पैदा करना था। दोनों ने खुलासा किया कि एक अन्य आरोपी गुरलाल लाली ने पुलिस स्टेशन की इमारत पर हमले से कुछ घंटे पहले गांव मरहाना में रुके हुए दोनों नाबालिग सदस्यों को लॉजिस्टिक सहायता और एक लाख रुपए मुहैया करवाए। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी जोबन ने आरपीजी हासिल करने सम्बन्धी गोपी के खुलासे की पुष्टि की और यह भी खुलासा किया कि लंडा और सत्ता के निर्देशों पर उसने गांव शाहबाजपुर से एक नाबालिग को साथ लेकर गुरदेव उर्फ जैसल के कहने के अनुसार गांव मरहाना में छोड़ दिया था। डीजीपी के अनुसार पुलिस कई पहलुओं के आधार पर जांच कर रही है।

## किसानों ने कृषि अधिकारियों को बंधक बनाया

**यमुनानगर( हिंस )।** भारतीय किसान यूनियन की टीम ने शुक्रवार को कस्बा बिलासपुर मे गन्ना क्रेशरों की जांच करने पहुंचे कृषि विभाग के अधिकारियों को बंधक बना लिया। भाकियू के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने चेतावनी देते हुए कहा कि कृषि विभाग के अधिकारी सुधर जाएं अन्यथा किसानों के साथ दुर्व्यवहार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि बिलासपुर क्षेत्र में लगभग 15 वर्ष पहले की किसानों ने ढाई सौ के करीब गन्ना पिराई की चरखिया लगाई हुई है। जिससे वह पंजाब, उत्तर प्रदेश हरियाणा किसानों का गन्ना खरीदते हैं। और तुरंत भुगतान करते हैं। इससे किसानों को फायदा मिलता है। समय पर गेहूं बिजाई हो जाती है और आर्थिक स्थिति भी मजबूत रहती है। और सभी गन्ना क्रेशर वाले गुड़ के रेट को देखते हुए गन्ना की खरीद करते हैं। वहीं कृषि विभाग के अधिकारी उनको नजायज तंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज सुबह जिला गन्ना अधिकारी डॉ. सूरजभान और कृषि विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ बिलासपुर में चल रहे गन्ना क्रेशर को सील करने बिलासपुर आए थे।

## शेरगढ़ गैस कांड : मृतकों की संख्या बढ़कर 32 हुई

**जोधपुर ( हिंस )।** जिले शेरगढ़ तहसील के भूंगरा गांव में नौ दिन पहले गुरुवार को हुई गैस त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 32 हो गई है। अब भी कुछ गंभीर लोग अस्पताल में भर्ती है। देर रात इसमें से एक और ने दम तोड़ दिया। मौतों का सिलसिला जारी है। महात्मा गांधी अस्पताल की मोर्चरी पर परिजन, रिश्तेदारों और ग्रामीणों का धरना शुक्रवार दूसरे दिन भी जारी रहा। यह लोग केंद्र व राज्य सरकार से मुआवजा की मांग पर अड़े है, जो मुआवजा दिया गया है वो अपर्याप्त बताया गया है। साथ ही सरकारी नौकरी दरकार की गई है। इधर प्रतिपक्ष नेता राजेंद्रसिंह राठौड ने गुरुवार रात को जहां एमजी अस्पताल पहुंच परिजनों से मुलाकात की वहीं वे आज सुबह भूंगर गांव के लिए रवाना हो गए। दोपहर में राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष जीके व्यास भी एमजी अस्पताल पहुंचे और मृतकों एवं घायलों के परिजन से कुशलक्षेम पूछी। उन्होंने डॉक्टर्स से मुलाकात कर इसमें फीडबैक लिया। प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्रसिंह राठौड़ सुबह शेरगढ़ के भूंगरा गांव गैस त्रासदी वाले स्थल पर पहुंचने के साथ लोगों से मिले। राज्य मानवाधिका आयोग अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास भी दोपहर में जोधपुर आए और सीधे महात्मा गांधी अस्पताल के बर्न यूनिट में घायलों का हाल जाना। परिजनों से मुलाकात की और सांत्वना दी। इधर आज दूसरे दिन भी एमजीएच की मोर्चरी पर परिजन, रिश्तेदारों एवं ग्रामीणों का धरना प्रदर्शन जारी है। राजपूत समाज के कई लोग आज सुबह एमजीएच पर जुट गए है। मामला तूल नहीं पकड़े इसके लिए पुलिस बल को भी बढ़ाया गया है।

## फिल्म पठान का सर्व समाज ने किया विरोध

### हिंदू संस्कृति के खिलाफ बता पोस्टर जलाएं



**अलवर ( हिंस )।** देश के विभिन्न शहरों में फिल पठान का विरोध हो रहा है। अलवर में भी अभिनेता शाहरुख खान और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की फिल्म पठान का शुक्रवार को सर्व समाज की ओर से शहर के नंगली सर्किल पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ब्रजभूमि कल्याण परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंकज गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। जहां पर फिल्म में भगवा वस्त्र के अपमान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए फिल्म के बॉय काट करने का निश्चय लिया। पंकज गुप्ता ने बताया कि जिस तरह से भगवा को गलत तरीके से प्रदर्शित किया गया है। वहीं अभिनेत्री द्वारा जो अश्लीलता भगवा के साथ की गई है उसे कतई सर्व समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। दोनों अभिनेता अभिनेत्री के फोटो भी इस दौरान जलाएं गए। इस दौरान संजय पंडित, नरेश धनावत, जीतू चौधरी, अश्विनी जावली सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अध्यापकों की कमी से नाराज छात्रों ने राजौंद में लगाया जाम



**कैथल ( हिंस )।** शुक्रवार को अध्यापकों की कमी से नाराज राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय के छात्रों ने राजौंद के चौराहे पर जाम लगा दिया। नाराज छात्रों ने कैथल असंध रोड और राजौंद पुंडरी रोड को लगभग 2 घंटे तक जाम रखा। सूचना पाकर राजौंद के बीईओ सुरेश कैंदल मौका पर पहुंचे। उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया कि जल्द ही स्कूल में अध्यापकों की व्यवस्था करवा दी जाएगी। इसके बाद कैथल के जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिरोही मौका पर पहुंचे और अध्यापकों की तुरंत व्यवस्था करने के आश्वासन दिया। इसके बाद नाराज छात्रों ने जाम खोल दिया है। शुक्रवार सुबह राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने अजीत पाल की अगुवाई में कैथल असंध रोड पर महाराणा चौक पर जाम लगा दिया। छात्रों का कहना था कि स्कूल में 950 से अधिक छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। जिनके लिए केवल 4 अध्यापक हैं और 2 गेस्ट टीचर भी हैं। अध्यापकों की कमी के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। परीक्षाएं सिर पर आ रही हैं इसलिए बच्चों में अपने भविष्य को लेकर चिंता है जाम के दौरान छात्रों के अभिभावकों ने भी उनका साथ दिया और जाम में शामिल हुए। जाम की सूचना पाकर पहले खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंडल मौके पर पहुंचे और छात्रों से बात की इसके बाद कैथल से जिला शिक्षा अधिकारी एवं शमशेर सिंह सिरोही मौका पर पहुंचे और छात्रों से बात की। उन्होंने कहा कि आसपास के कल छात्र संख्या वाले स्कूलों से अध्यापकों को सरप्लस कर राजौंद के संस्कृति मॉडर्न स्कूल में लगाया गया है। जल्द ही स्थाई अध्यापकों की नियुक्ति भी हो जाएगी। डीईओ ने बताया कि संस्कृति मॉडल स्कूल में अध्यापकों की तैनाती दूसरे स्कूलों से अलग प्रणाली से होती है। संस्कृति मॉडल स्कूल में अध्यापकों के चयन के लिए सेंटा का शुक्रवार को एग्जाम है और जल्द ही इसका रिजल्ट भी आ जाएगा।

## टोल बंद करने पर भाजपा ने सीएम को घेरा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा होशियारपुर में टोल बंद करवाने के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने घेर लिया है। भाजपा पंजाब के प्रदेश महासचिव जीवन गुप्ता ने कहा कि पंजाब में नेशनल हाईवे पर स्थित लगभग सभी टोल प्लाजा की समय अवधि के एग्रीमेंट में तय समय सीमा समाप्त हो रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री भगवंत मान किसी एक टोल प्लाजा पर पहुंच कर उसे बंद करवाने का झूठा ड्रामा रच कर प्रदेश की जनता की सहानुभूति हासिल कर उन्हें फिर से मूर्ख बनाने का कार्य कर रहे हैं।

## ग्रीन कैमिस्ट्री पर होगा तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सिंपोजियम



**बीकानेर ( हिंस )।** डूंगर महाविद्यालय, रायल सोसाइटी आफ कैमिस्ट्री लंदन एवं ग्रीन कैमिस्ट्री नेटवर्क सेंटर दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 22 से 24 दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय सिम्पोजियम व वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीपी सिंह, सिम्पोजियम समन्वयक डॉ. नरेंद्र भोजक, मीडिया प्रभारी डॉ. राजेंद्र पुरोहित ने संयुक्त रूप से पत्रकार सम्मेलन में बताया कि तीन दिनों में कुल 9 सत्र आयोजित किए जाएगें। इसके अतिरिक्त पोस्टर सत्र, ई.पोस्टर सत्र एवं साइंस विडियो सत्र के साथ-साथ प्रथम बार एआर वीआर सत्र का आयोजन भी होगा। तीन दिन की कार्यशाला में 200 से अधिक वैज्ञानिक डेलीगेट भाग लेगें एवं इसमे देश-विदेश के 40 से अधिक ख्यातिनाम वैज्ञानिक मिलकर भोजन, जल, दवाई एवं उत्प्रेरक के संगम व अनुप्रयोग का तीन दिनों तक विश्लेषण करेगें। बीकानेर की फूड एवं सेरेमिक्स इंडस्ट्री को भी शोध का लाभ मिलने की बात कही गयी। संयोजक डॉ. एचएस भंडारी के अनुसार हैंडस ऑन सेशन के दौरान एफटीआईआर यूवी विसिबल स्पेक्टोफोटोमीटर, क्रोमैटोग्राफी एवं जीएमबीआर के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। सह संयोजक डॉ. एस के वर्मा के अनुसार स्मार्ट साइंस लैब में वर्चअुल प्रयोग के बारे में डेलीगेट्स को ना केवल बताया जाएगा वरन उन्हें इन पर काम करने व सीखने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ. राजा राम व डॉ. एस.एन जाटोलिया के अनुसार बाहर से आने वाले 150 से अधिक प्रतिभागियों के रहने आदि एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय एवं एनआरसीसी, गर्ल्स हास्टल सहित कई होटलों में भी व्यवस्था की गई है। आयोजन सचिव डॉ. उमा राठौड़ के अनुसार लगभग 50 पोस्टर डेलीगेट्स द्वारा प्रदर्शित किए जाएगें इनमें से युवा वैज्ञानिक पुरस्कार सहित बेस्ट पोस्टर पुरस्कार भी विभिन्न कैटेगरी में दिए जाएंगे। सिम्पोजियम में रायल सोसाइटी के एशिया सचिव प्रोफेसर आर.के. शर्मा, लदाख विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसके मेहता, अमेरिका के प्रोफेसर बीसीदास, जापान के प्रोफेसर टाकोसिरा एकटिप्सु, हंगरी के प्रोफेसर जार्ज केजिलवीच, अर्जेन्टीना के प्रोफेसर इगनिसिया रिंगटोल, अल्जिरिया के प्रोफेसर नाररूदीन हासिनी, मैक्डोनिया के प्रोफेसर हेडविज बाल्सिकर, लंदन (इंग्लैड) के डॉ. कृष्णा, अमेरिका से डॉ. क्रिस्टीना एडम, डीएवी विश्वविद्यालय के पूर्व कूलपति प्रो आर के महाजन, कश्मीर विश्वविद्यालय के प्रो अल्ताफ हुसैन पंडित, आईआईटी मुंबई से प्रो नंद किशोर एवं प्रो संदीप कार, आईआईटी गांधीनगर से डॉ. भास्कर दता, टांटिया विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एम एम सक्सैना, कोचीन विश्वविद्यालय से प्रो एम आरपी कुरूप, अहमदाबाद विश्वविद्यालय से प्रो वीके जैन, पंजाब से से प्रो एस रविचंद्रन, कोकाराझार आसाम से डॉ. मानसी बुजर बरहुआ जोधपुर विश्वविद्यालय से प्रो पीके शर्मा, अजमेर विश्वविद्यालय से प्रो रीटा मेहरा, फीनिक्स अमेरिका से डॉ. परिधि, आसाम से डॉ. प्रांजल कलिता से विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याख्यान देगें। इसके अतिरिक्त हैड्स ऑन ट्रेनिंग कार्यक्रम में अर्न्तराष्ट्रीय उपकरण कम्पनी पर्किन एल्मर एवं एआर वीआर कम्पनी कैम्फ राल तथा ग्रीन कैमेस्ट्री नेटवर्क सेंटर दिल्ली द्वारा प्रयोगों का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहेगा।


No.CAD (K)CS/02/2020-21/693

**RE-TENDER NOTICE**

In continuation to the earlier tender notice published vide SNIT No. CAD(K)T-10/Pt-IV/605 date 13-01-2021 for the works of **Installation of Solar MDTW Scheme at Uttar-Pubthoria GP (2 Pts)**, sealed tenders in prescribed form affixing non-refundable court fee stamp of Rs.8.25 (Rupees eight and twenty five paisa) only are re-invited from the eligible registered contractors of Irrigation Department, Assam for the non-executed works mentioned below and the same will be received by the undersigned up to **2.00 pm of 23-12-2022** and opened on the same day at the same place at **3.00 pm** in presence of willing contractors or their authorised representatives if any. If for any reason, the last date of receiving and opening of tenders happens to be a declared holiday, the same will be received and opened in the next working day.

The detailed Re-tender Notice, particulars of work, specification of work, terms and conditions etc. may be seen in the office of the undersigned during the office hour on any working days up to **1.00 pm on 23-12-2022.**

The tender papers are to be collected from the office of the undersigned on payment of Rs.100.00 (Rupees one hundred) only in the form of IPO duly pledged to the Executive Engineer, Kaliabor-Samaguri Division (Irrigation), Jakhalabandha.

| Group No. | Name of Scheme | Name of work | Approx. value of work |
|---|---|---|---|
| 1 | Installation of Solar MDTW Scheme at Uttar-Pubthoria GP (2 Pts) under SOPD 2020-21 | Construction of 5 Nos. of Spout Chambers (S2 to S7) with PVC Distribution System of Point No.1. | Rs. 7, 58,400.00 |

Earnest Money: 2% for general caste and 1% for OBC, MOBC, ST, SC etc. of the value of the work.

Time of Completion: 60 (sixty) days from the date of issue of formal work order.

Sd/-
Executive Engineer,
Kaliabor-Samaguri Division (Irrigation)
Jakhalabandha, Nagaon

*-- Janasanyog /C/16159/22*




# रिलायंस रिटेल ने एफएमसीजी मार्केट में रखा बड़ा कदम: नया ब्रांड इंडिपेंडेंस गुजरात में किया लॉन्च, दाल-चावल से लेकर तेल जैसे कई पैकेज्ड प्रोडक्ट्स मिलेंगे

**नई दिल्ली।**

रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी देश के फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स मार्केट में अपना एक नया ब्रांड लेकर आए हैं। एफएमसीजी मार्केट पहले से ही दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। अब इस मार्केट में अंबानी की रिलायंस रिटेल ने इंडिपेंडेंस नाम का अपना एक नया ब्रांड लॉन्च किया है।

**इंडिपेंडेंस ब्रांड दाल-चावल से लेकर तेल जैसे कई पैकेज्ड प्रोडक्ट्स बेचेगा** – रिलायंस रिटेल अपने इन-हाउस इंडिपेंडेंस ब्रांड के तहत गेहूं का आटा, क्रिस्टल शुगर, बेसन, तूअर दाल से लेकर ब्रांडेड चावल, बिस्कुट, तेल और मिनरल वाटर जैसे कई पैकेज्ड फूड्स यानी ग्रॉसरी प्रोडक्ट्स मिलेंगे। रिलायंस रिटेल ने गुजरात के मार्केट से इंडिपेंडेंस ब्रांड की शुरुआत की है और कई सारे प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं। रिलायंस के इस कदम में लगभग सभी प्रमुख कैटेगरीज शामिल हैं। गुजरात के बाद जल्द ही इस ब्रांड को देश के अन्य राज्यों में भी लॉन्च किया जाएगा। रिलायंस अपने इस ब्रांड से एफएमसीजी मार्केट में टाटा ग्रुप, अडाणी विल्मर, पतंजलि फूड्स और ब्रिटानिया जैसी देश की बड़ी कंपनियों को टक्कर देगी।

**अपने एफएमसीजी ब्रांड इंडिपेंडेंस को लॉन्च कर बहुत खुशी हो रही है: ईशा अंबानी** – रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने इंडिपेंडेंस ब्रांड की लॉन्चिंग के दौरान कहा, मुझे अपने एफएमसीजी ब्रांड इंडिपेंडेंस के लॉन्च की अनाउंसमेंट करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो तेल, दाल, अनाज, पैकेज्ड फूड्स और अन्य डेली नीड्स प्रोडक्ट्स में हाई क्वालिटी और किफायती प्रोडक्ट्स की एक बड़ी च्वाइस पेश करता है। ईशा अंबानी ने कहा, यह ब्रांड वास्तविक भारतीय समस्याओं के लिए सही मायने में भारतीय समाधान के तौर पर खड़ा है, जिसे कण-कण में भारत के रूप में पेश किया गया है, जिससे भावनात्मक लगाव पैदा होता है और भारतीयों में समावेश की भावना आती है।

**आरआरवीएल भारत में अब तक का सबसे बड़ा रिटेलर** – पैकेज्ड ब्रांड इंडिपेंडेंस का स्वामित्व रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के पास है, जो अंबानी के कंज्यूमर बिजनेस रिलायंस रिटेल वेंचर्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। नए लॉन्च किए गए एफएमसीजी बिजनेस के अलावा आरआरवीएल ग्रुप रिटेल बिजनेस का भी संचालन करता है। 16,500 से ज्यादा आउटलेट्स, 2 मिलियन व्यापारियों और 200,000 करोड़ रुपए के सालाना टर्नओवर के साथ आरआरवीएल भारत में अब तक का सबसे बड़ा रिटेलर है।

## न्यूज ब्रीफ

### लागत में कटौती के प्रयासों के बीच अमेजन ने कुछ स्नातकों की ज्वाइनिंग तिथि में देरी की




**सैन फ्रांसिस्को।** अमेजन ने लागत में कटौती के प्रयासों के तहत मई में कंपनी में शामिल होने वाले कुछ विश्वविद्यालय स्नातकों के लिए शामिल होने की तारीखों में देरी की है। प्रभावित लोगों को 13,000 डॉलर के एकमुश्त भुगतान की पेशकश की गई है, चाहे वे अभी भी कंपनी में शामिल होने का फैसला करें या नहीं। अमेजन के प्रवक्ता ब्रैड ग्लासर के हवाले से कहा गया, चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के आलोक में, हम अपने कॉलेज के कुछ कर्मचारियों के लिए छह महीने तक की शुरुआत की तारीखों में देरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम किसी भी वित्तीय प्रभाव को दूर करने में मदद करने के लिए सहायता की पेशकश कर रहे हैं। अमेजन अगली पीढ़ी के लीडर्स और बिल्डरों को खोजने के लिए महत्वपूर्ण रास्ते के रूप में विश्वविद्यालय की भर्ती और हमारे इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि, कंपनी ने यह खुलासा करने से इनकार कर दिया कि रिपोर्ट के अनुसार, उसके कितने स्नातक काम प्रभावित होंगे। इसके अलावा, अमेजन कथित तौर पर लागत में कटौती के लिए आने वाले दिनों में 20,000 से अधिक कर्मचारियों की छंटनी करने के लिए तैयार है। पिछले महीने, टेक दिग्गज ने लगभग 10,000 कर्मचारियों या अपने कार्यबल के 3 प्रतिशत को बंद कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार, बड़े पैमाने पर नौकरी में कटौती ने कई डिवीजनों को प्रभावित किया है, विशेष रूप से एलेक्सा वर्चुअल असिस्टेंट बिजनेस और लूना क्लाउड गेमिंग यूनिट, और कॉरपोरेट कर्मचारियों को जाने के बारे में सूचित किया जा रहा है।

### आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा- नएसाल में 5 प्रतिशत रही जीडीपी की रफ्तार तो भी हम भाग्यशाली



**नई दिल्ली।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि युद्ध एवं अन्य वैश्विक हालातों की वजह से नया साल दुनिया के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए और कठिन होगा। महंगाई, प्रमुख ब्याज दरें उच्च स्तर पर पहुंचने और निर्यात धीमा होने के बीच भारतीय जीडीपी अगले साल 5 फीसदी की रफ्तार से आगे बढ़ती है तो भी हम भाग्यशाली होंगे। राजन ने कहा, वैश्विक स्तर पर कमोडिटी की उच्च कीमतें भारत में महंगाई बढ़ा रही हैं। इसका आर्थिक वृद्धि दर पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ बातचीत में पूर्व गवर्नर कहा कि धीमा निर्यात और विकास दर में गिरावट देश के लिए बड़ी समस्या है। इससे निपटने के लिए तकनीक समर्थन और कर्ज की जरूरत है। नीतियों को लेकर भी निश्चितता होनी चाहिए। पूर्व गवर्नर ने कहा, वृद्धि के आंकड़ों के साथ बड़ी समस्या है।

### एसबीआई का कर्ज 0.25 प्रतिशत महंगा, 781 रुपये बढ़ेगी किस्त




**नई दिल्ली।** एसबीआई ने सभी अवधि के कर्ज पर 0.25प्रतिशत ब्याज बढ़ा दिया है। नई दर 15 दिसंबर से लागू है। इससे 781 रुपये किस्त बढ़ जाएगी। बैंक ने कहा, एक साल का मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड बेस्ड लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) 8.05 के बजाय 8.30प्रतिशत, दो साल का 8.25 से 8.50 और तीन साल की दर 8.35 से 8.60 फीसदी हो गई है। इसके साथ ही इसने बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट (बीपीएलआर) को भी सालाना 14.15 फीसदी कर दिया है। इससे होम लोन, ऑटो, पर्सनल सहित सभी तरह के कर्ज महंगे हो जाएंगे। 800 या इससे ऊपर सिबिल स्कोर वालों को होम लोन 8.90प्रतिशत पर मिलेगा। 750 से 799 वालों को 9प्रतिशत पर जबकि 700 से 750 वालों को 9.10प्रतिशत पर कर्ज मिलेगा। 650 से 699 सिबिल स्कोर पर 9.20प्रतिशत ब्याज लगेगा। जानकारों का कहना है कि किस्त का भुगतान ज्यादा करने के बजाय ग्राहकों को लोन की अवधि को घटाने का फैसला करना चाहिए। इससे आगे चलकर उनकी बचत हो सकती है। एक्सिस बैंक ने दो करोड़ से कम के फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) पर ब्याज अब बढ़ाकर सात फीसदी तक कर दिया है। नई दर 15 दिसंबर से लागू है।

# बायजू के लिए वर्ष 2023 भी खराब रहने का अनुमान, कम नहीं हो रही समस्याएं

**नई दिल्ली।**

जैसे-जैसे नया साल करीब आ रहा है, एडटेक प्लेटफॉर्म समस्याओं के कारणों से सुर्खियां बटोर रहे हैं- भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में छंटनी से लेकर कई वर्टिकल को बंद करने तक- और सूची में सबसे ऊपर बायजू है, चाहे वह कर्मचारियों को बर्खास्त करना हो या कथित तौर पर काम करने का कठोर और अपमानजनक कल्चर और अब कार्यशील पूंजी संकट, इसके अलावा उधारदाताओं ने एडटेक यूनिकॉर्न से 1.2 बिलियन डॉलर ऋण चुकाने के लिए भी कहा है।




नई रिपोर्टें सामने आई हैं कि बायजू ने अपने पिछले बाजार मूल्य में 22 बिलियन डॉलर की गिरावट देखी है, बायजू ने अपने कई वेंडरों (विक्रेताओं) को महीनों से भुगतान नहीं किया है। मॉर्निंग कॉन्टेक्स्ट के अनुसार, कुछ भुगतान मार्च से बकाया हैं और उनकी निकासी में समस्या है। आठ महीनों से अक्टूबर 2022 तक, विक्रेताओं का संचयी बकाया 90 करोड़ रुपये को पार कर गया है। संपर्क करने पर बायजू ने इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की। एडटेक प्रमुख के कुछ कर्मचारियों ने कथित तौर पर कंपनी में प्रबंधकों द्वारा काम की परिस्थितियों और दुर्व्यवहार के बारे में शिकायत की, इसके अलावा माता-पिता और ग्राहकों की कई शिकायतें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन मंचों पर इसकी बिक्री टीमों द्वारा शोषण और धोखा दिए जाने के बारे में भी हैं। बायजू के खिलाफ ऐसी शिकायतें अतीत में भी रही हैं, भारत हाइब्रिड नॉर्मल के बीच फिर से खुल गया और स्कूल और कॉलेज इस साल की शुरूआत में सामान्य तौर पर चलने लगे जिससे एडटेक प्लेटफॉर्म ऑनलाइन सीखने की मांग में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बायजू ने मार्च 2023 तक 2,500 कर्मचारियों यानी अपने कर्मचारियों के 5 प्रतिशत को नौकरी से निकालने का फैसला लिया है।

अनुमान बताते हैं कि एडटेक क्षेत्र में बायजू समेत अनएकेडमी, वेदांतु, लीडो लर्निंग, फ्रंटरो, ब्रेनली और अन्य कंपनियों में 7,000 से अधिक छंटनी देखी गई है। बायजू के लिए नई मुसीबत में, कुछ उधारदाताओं ने एडटेक यूनिकॉर्न से 1.2 बिलियन डॉलर के ऋण का हिस्सा चुकाने के लिए कहा है। सूत्रों ने बताया कि ऋण की शर्तों पर फिर से बातचीत करना, तेजी से पुनर्भुगतान सहित स्वीकार किए जाने की संभावना नहीं है, क्योंकि यह ऋणदाता अल्पमत बनाते हैं और पहले से सहमत शर्तों को प्रभावित नहीं कर सकते। लेनदारों की मांग ऐसे समय में आई है जब बायजू बढ़ते घाटे के बीच ऋण के पुनर्गठन की प्रक्रिया में है। सूत्रों ने बताया कि कम से कम 51 फीसदी कर्जदाताओं को कर्ज चुकाने सहित कर्ज के नए नियमों और शर्तों से सहमत होना होगा।

यदि यह शर्त पूरी नहीं होती है, तो इतना बड़ा ऋण जारी नहीं किया जा सकता है और यह किसी भी सावधि ऋण मुद्दे में मानक खंड है। एडटेक प्रमुख के करीबी एक व्यक्ति के अनुसार, इसके अलावा मूल रूप से सहमत ऋण चुकौती शर्तों को पूरा किया जाएगा। एडटेक यूनिकॉर्न ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 4,588 करोड़ रुपये के नुकसान की सूचना दी। 2020-21 के वित्तीय वर्ष में घाटा 2019-20 में 231.69 करोड़ रुपये से बढ़ गया, जबकि वित्त वर्ष 21 के दौरान राजस्व वित्त वर्ष 2020 में 2,511 करोड़ रुपये से घटकर 2,428 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के अनुसार, मुख्य रूप से व्हाइटहैट जूनियर से होने वाले कुछ राजस्व और नुकसान को टालने के कारण वित्त वर्ष 2021 में घाटा बढ़ गया। पिछले महीने, वैश्विक निवेश समूह प्रोसस ने बायजू में अपनी 9.67 प्रतिशत हिस्सेदारी का उचित मूल्य 578 मिलियन डॉलर रखा, जो तकनीकी रूप से एडटेक प्रमुख का वर्तमान मूल्यांकन लगभग 6 बिलियन डॉलर रखता है- अंतिम मूल्य 22 बिलियन डॉलर। अपने सितंबर तिमाही के नतीजों में, प्रॉसस ने बायजू को एक सहयोगी के बजाय एक गैर-नियंत्रित वित्तीय निवेश के रूप में वर्गीकृत किया, क्योंकि इसकी शेयरधारिता 10 प्रतिशत से नीचे गिर गई थी।

छह तनावपूर्ण और कठिन महीनों के बाद, इसने लगभग 18 महीनों के लिए वित्त वर्ष 21 की वित्तीय रिपोर्ट में देरी की, सरकार की जांच और जनता से गंभीर सवालों को आमंत्रित करते किया, बायजू रवींद्रन ने आखिरकार सितंबर में बताया कि बुरा समय बीत चुका है और कंपनी के वित्त वर्ष 22 वित्तीय परिणामों में आगे विकास देखा जा रहा है। एडटेक प्रमुख ने वित्त वर्ष 22 में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का सकल राजस्व देखा। पिछले साल, वह अधिग्रहण की होड़ में चला गया। एडटेक यूनिकॉर्न ने लगभग 2.5 बिलियन डॉलर के संचयी लेनदेन मूल्य के लिए कम से कम 10 अधिग्रहण किए - जिसमें दिल्ली स्थित ऑफलाइन परीक्षण तैयारी सेवा प्रदाता आकाश शामिल है, जो 950 मिलियन डॉलर से अधिक का है। रवींद्रन ने कहा कि संकटग्रस्त कोडिंग प्लेटफॉर्म बायजू द्वारा 300 मिलियन डॉलर में अधिग्रहित व्हाइटहैट जूनियर जैसे घाटे वाले अधिग्रहण को अब समेकित किया जा रहा है। हालांकि, अगर हम बड़ी तस्वीर देखें, तो बायजू को 2023 में एक और लिटमस टेस्ट का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि देश में एडटेक का बुलबुला लगता है फट गया है। ऑनलाइन शिक्षा के क्षेत्र में बायजू सुपर-मजबूत हेडविंड से कितनी दूर तक बच सकता है हमें समय शीघ्र ही बताएगा।

## नीरव मोदी की मुश्किलें बढ़ीं

# प्रत्यर्पण के खिलाफ ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा, लंदन हाईकोर्ट ने कहा- अब अपील की जरूरत नहीं



**लंदन।**

भारत प्रत्यर्पण को लेकर भगोड़ा हीरा व्यापारी नीरव मोदी ब्रिटेन की सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकेगा। गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील की राहत देने से इनकार कर दिया। प्रत्यर्पण का आदेश भी लंदन हाईकोर्ट ने ही दिया था। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाना चाहता था। अब अर्जी खारिज होने के बाद नीरव को भारत लाना आसान हो गया।

**2 अपील, 2 जज और एक ही फैसला** – गुरुवार को लंदन हाईकोर्ट के जस्टिस जेरेमी स्टुअर्ट स्मिथ और जस्टिस रॉबर्ट जे की बेंच ने नीरव को सुप्रीम कोर्ट में अपील से रोक दिया। खास बात यह है कि इन्हीं दो जजों ने 51 साल के नीरव की पिछली याचिका पर भी सुनवाई की थी। तब नीरव ने कहा था कि वो मानसिक तौर पर बीमार है और उसे भारत के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। तब भी इन्हीं दो जजों ने उसकी याचिका खारिज करते हुए उसके प्रत्यर्पण के आदेश दिए थे। नीरव के लिए कानूनी तौर पर रास्ते करीब-करीब बंद हो चुके हैं। इसके मायने ये हुए कि वो प्रत्यर्पण के मामले को अब कम से कम ब्रिटेन की किसी अदालत में तो चुनौती नहीं दे सकता। हां, मानवाधिकारों को लेकर कुछ पेंच फंस सकते हैं। अब ब्रिटिश सरकार (होम मिनिस्ट्री) उसके प्रत्यर्पण को रोक सकती हैं, लेकिन अगर वो ऐसा करती है तो इसे भी वहां के सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार चैलेंज कर सकती है। कुल मिलाकर नीरव का भारत आना तय है। हालांकि, इसमें कुछ महीने और लग सकते हैं। दूसरी तरफ, इस बात की पूरी संभावना है कि भारत से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को बेकरार ब्रिटिश सरकार प्रत्यर्पण रोककर भारत की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहेगी। लिहाजा, नीरव को भारत लाने में अब डिप्लोमैटिक बैरियर भी कम होंगे। एक संभावना यह भी है कि नीरव ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार से पॉलिटिकल असाइलम यानी राजनीतिक शरण मांगे। हालांकि इकोनॉमिक ऑफेंडर (आर्थिक अपराधी) होने के चलते यहां भी राहत करीब-करीब नामुमकिन है। इसकी वजह यह है कि ब्रिटेन में भी आर्थिक अपराधियों को सख्त सजा दी जाती है। नीरव के पास एक ऑप्शन यूरोपीय कमीशन ऑफ ह्यूमन राइट्स में अपील का भी है। एक ब्रिटिश लीगल एक्सपर्ट के मुताबिक- यह कहना मुश्किल है कि उसे भारत के हवाले कब तक किया जा सकेगा, क्योंकि वो अमीर है।

# रुपये में व्यापार का निपटारा करने में बढ़ी दूसरे देशों की रुचि, इन चार देशों ने सरकार से शुरू की बात

**नई दिल्ली।**

भारतीय रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का निपटारा करने के तंत्र में अब दूसरे देश भी दिलचस्पी लेने लगे हैं। ताजाकिस्तान, क्यूबा, लक्जमबर्ग और सूडान ने तंत्र का उपयोग करने के लिए भारत से बात करना शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स में आधिकारिक दस्तावेजों के हवाले से इस बात का दावा किया जा रहा है। यूक्रेन से युद्ध के बाद मास्को पर प्रतिबंध लगने के बाद रूस ने इस तंत्र का इस्तेमाल पहले ही शुरू कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई में डॉलर की जगह रुपये में अंतरराष्ट्रीय व्यापार का निपटारा करने के तंत्र की स्थापना की थी। एक सरकारी अधिकारी और घटनाक्रम से वाकिफ एक सूत्र ने कहा है कि सरकार उन देशों को तंत्र में लाने की कोशिश कर रही है जिनके पास डॉलर की कमी है। सूत्रों ने नाम बताने से इनकार कर दिया, क्योंकि यह मामला अत्यंत गोपनीय है। दस्तावेजों के आधार पर मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि चार देशों ने विशेष रुपया खाता खोलने में दिलचस्पी दिखाई है, इन्हें वोस्ट्रो खाते कहा जाता है। हालांकि, भारत में



भागीदार बैंकों ने अभी तक ये सुविधाएं प्रदान नहीं की हैं। इन खातों को खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन की आवश्यकता होती है। दस्तावेजों से पता चलता है कि मॉरीशस और श्रीलंका ने भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार का निपटारा भारतीय रुपये में करने में रुचि दिखाई है और आरबीआई की आरे से अनुमोदित उनके विशेष वोस्ट्रो खातों को देखा है। दस्तावेज के अनुसार, भारत के केंद्रीय बैंक ने बैंकों को रूस के साथ रुपये में व्यापार के लिए 12 वोस्ट्रो खाते खोलने की मंजूरी दे दी है। दस्तावेजों के अनुसार श्रीलंका के साथ व्यापार के लिए पांच और मॉरीशस के साथ व्यापार के लिए एक सहित छह अन्य खातों को अधिकृत किया गया है।

### हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बड़ी गिरावट के साथ बाजार बंद, सेसेंक्स 461 अंक लुढ़का

**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन घरेलू शेयर बाजार में बड़ी गिरावट दिखी। शुक्रवार को सेंसेक्स 461 अंक फिसलकर 61500 के नीचे पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी 18300 के नीचे पहुंच गया। शुक्रवार को बैंक निफ्टी 43300 के नीचे पहुंच कर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन बाजार में सुबह से ही उठापटक दिखी। गिरावट के साथ खुलने के बाद बाजार हरे निशान पर लौटा पर फिर मुनाफावसूली हावी हो गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 461 अंकों की गिरावट के साथ 61,337 अंकों पर जबकि निफ्टी 146 अंक फिसलकर 18269 अंकों पर बंद हुआ। बाजार में सभी सेक्टर लाल निशान में कारोबार करते दिखे।

# तेलंगाना बिजनेसमैन की हेलिकॉप्टर पूजा: हैदराबाद से 100 किमी. दूर मंदिर पहुंचे, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

**हैदराबाद।**

भारत में नए खरीदे वाहनों की पूजा कराने की परंपरा है। लोगों का अपने दोपहिया या चारपहिया वाहन को खरीदने के बाद मंदिर लेकर आना आम है, लेकिन तेलंगाना के एक बिजनेसमैन हेलिकॉप्टर खरीदने के बाद इसकी पूजा कराने के लिए मंदिर पहुंचे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हैदराबाद से करीब 100 किलोमीटर दूर एक मंदिर में तीन पुजारियों ने इसकी पूजा की।



**यदाद्री मंदिर में पूजा** – करीब 47 करोड़ कीमत के इस हेलिकॉप्टर को प्रतिमा ग्रुप के मालिक बोइनपल्ली श्रीनिवास राव ने खरीदा है। वो इसे श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी को समर्पित यदाद्री मंदिर में पूजा के लिए ले गए थे। वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया था। प्रतिमा ग्रुप की मौजूदगी इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, टेलिकॉम सेक्टर, हेल्थ और एजुकेशन समेत अन्य क्षेत्रों में है।

**एच135 लगभग हर जगह लैंड होने में सक्षम** – एयरबस के सबसे सफल हल्के रोटरक्राफ्ट में से एक के रूप में, एच135 अपने कॉम्पैक्ट बिल्ड, लो साउंड लेवल, रिलायबिलिटी के लिए जाना जाता है। ट्विन-इंजन कैटेगरी में इस हेलीकॉप्टर की ऑपरेटिंग और मेंटेनेंस कॉस्ट भी सबसे कम है। यह अपनी कैटेगरी के अन्य हेलीकाप्टरों की तुलना में लंबी दूरी पर अधिक पेलोड के साथ कई तरह के मिशन परफॉर्म कर सकता है और लगभग हर जगह लैंड कर सकता है।

**क्यों कराई जाती है वाहन पूजा** – हिंदू धर्म में वाहन को भगवान गरुड़ का स्वरूप माना गया है। कहा जाता है कि गरुड़ भगवान की कृपा से ही व्यक्ति यात्राएं करता है। इसीलिए मान्यता प्रचलित है कि नया वाहन खरीदने पर इसकी पूजा जरूर करनी चाहिए। माना जाता है कि इससे व्यक्ति यात्रा के दौरान सुरक्षित रहता है।

## 300 फीट गहरी खाई में गिरी कार

# आईफोन -14 के क्रैश डिटेक्शन फीचर से बची 2 लोगों की जान

### नोटिफिकेशन से समय पर पहुंची थी रेस्क्यू टीम

**नई दिल्ली।**

आईफोन 14 के क्रैश डिटेक्शन फीचर की वजह से 300 फीट गहरी खाई में गिरने के बाद 2 लोगों की जान बचा ली गई। इस फीचर ने हादसे के बाद इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट कर दिया था, जिससे समय रहते रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों को समय पर अस्पताल पहुंचा दिया गया।

**क्रैश डिटेक्शन फीचर से इस तरह बची जान** – दरअसल, बुधवार को कैलिफोर्निया के एंजेल्स फॉरेस्ट हाईवे पर एक कार हादसे का शिकार हो गई और करीब 300 फीट गहरी खाई में जा गिरी। कार में दो लोग सवार थे। जिस वक्त यह एक्सीडेंट हुआ, उस वक्त कार ड्राइव कर रही महिला अपने पति से फोन पर बात कर रही थी।

इस दौरान पति ने अपनी पत्नी के चीखने की आवाज सुनी और तभी कॉल लाइन डेड हो गई। कुछ ही सेकंड में पति को पत्नी के आईफोन 14 से क्रैश डिटेक्शन फीचर की मदद से नोटिफिकेशन आया और एक्सीडेंट की जानकारी कन्फर्म हुई।

इस नोटिफिकेशन में हादसे की सटीक लोकेशन भी भेजी गई थी। इतना ही नहीं, उनकी पत्नी के आईफोन में मौजूद इमरजेंसी फीचर ने पास के पैरामेडिक सर्विस को भी कॉल करके हादसे की खबर दे दी थी। इससे समय रहते रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और हादसे में शिकार दोनों लोगों की जान बच गई। दोनों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।



**महिला के पति ने शेयर किया रेस्क्यू वीडियो** – इस घटना की पूरी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर पति ने शेयर की है। जिसका रेस्क्यू वीडियो वायरल हो रहा है। पति ने अपनी पोस्ट में लिखा कि जानकारी मिलते ही वे समय से हादसे वाली जगह पर पहुंचे। तब तक वहां एंबुलेंस नहीं पहुंची थी। वहां जाने पर पता चला कि सामने से आ रही एक कार ने डिवाइडर को क्रॉस करके उनकी पत्नी की कार को सामने से टक्कर मार दी थी। अपनी इस पोस्ट के अंत में पति ने लिखा कि मैं आईफोन 14 के क्रैश डिटेक्शन फीचर की जितनी भी तारीफ करूं कम है।

**क्या है क्रैश डिटेक्शन फीचर** – एपल का यह फीचर है। इसके अलावा एपल वॉच की सीरीज 8, (सेकंड जनरेशन) नए वर्जन में भी यह फीचर है। यह फीचर फ्रंट इंपैक्ट, साइड इंपैक्ट, रियर-एंड रोल ओवर कोलिजन की पहचान कर सकता है। एक्सीडेंट होने पर क्रैश डिटेक्शन फीचर के माध्यम से डिवाइज इसे डिटेक्ट कर लेगा और ऑटोमैटिकली इमरजेंसी सर्विस को हादसे की जानकारी लोकेशन के साथ 20 सेकंड के बाद भेज देगा। इसकी मदद से अगर यूजर्स होश में नहीं है तो भी इसकी जानकारी किसी ऑथोरिटी को मिल जाएगी। इसके अलावा फैमिली मैंबर्स को भी इसकी जानकारी भेज दी जाएगी।

**कैसे एक्टिवेट करें क्रैश डिटेक्शन फीचर** – एपल के डिवाइसेस में यह फीचर डिफॉल्ट के रूप में एक्टिव रहता है। यूजर्स को बस हेल्थ एप में मेडिकल आईडी और इमरजेंसी कॉन्टेक्ट्स फीड करना होगा। यूजर्स को अपनी लोकेशन और इमरजेंसी कॉन्टेक्ट्स शेयर करने के लिए लोकेशन सर्विसेस फॉर इमरजेंसी एसओएस को ऑन करना होगा। इसके लिए अपने आईफोन की सेटिंग्स पर जाएं, यहां प्राइवेसी एंड सिक्योरिटी पर क्लिक करें। इसके बाद लोकेशन सर्विसेस पर टेप करें।

### सरकार ने डीजल व एटीएफ पर विंडफॉल टैक्स घटाया, घरेलू क्रूड ऑयल के निर्यात कर में भी कटौती

**नई दिल्ली।** सरकार ने डीजल व एटीएफ पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स घटा दिया है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार, घरेलू कच्चे तेल के निर्यात पर कर मौजूदा 4,900 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,700 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। एटीएफ पर टैक्स 5 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। सरकार की ओर से 15 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर इस बात की घोषणा की गई है। नई दरें लागू होंगी। सरकार ने डीजल पर लगने वाले निर्यात टैक्स को 8 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 5 रुपये प्रति लीटर कर दिया है। इसके अलावा एयर टरबाइन फ्लूल यानी एटीएफ निर्यात 1.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, यह पहले 5 रुपये प्रति लीटर था। उधर, तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं।

## मिर्गी के दौरे के कारण मैंने फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी : शेफाली



**मुंबई (ईएमएस)।** साल 2002 में आई हिंदी एल्बम गीत कांटा लगा से मशहूर हुई अभिनेत्री शेफाली जरीवाला 2000 के दशक में सेंसेशन बन चुकी थीं। 24 नवंबर 1982 को गुजरात में जन्मी शेफाली ने रातों रात स्टारडम को महसूस कर लिया थालेकिन वह बहुत जल्द स्टारडम से अलग हो गई थीं। उनके दूर होने उनका हेल्थ इश्यू रहा है। बता दें कि शेफाली जरीवाला ने खुद इंडस्ट्री छोड़ने की बात की थी। उन्होंने कहा था कि मुझे 15 साल की उम्र में मिर्गी का दौरा पड़ा था। मुझे याद है कि उस समय मुझ पर अपनी पढ़ाई में अच्छा करने का काफी दबाव था। तनाव और चिंता की वजह से दौरे पड़ सकते हैं। यह म्युचल तौर पर जुड़े हुए हैं। आपको अवसाद के कारण दौरे पड़ सकते हैं और इसके से मुरी क्लास में मंच के पीछे सड़कों पर और कहीं न कहीं मेरे आत्म-सम्मान में कमी आई। अब मैं कह सकती हूं कि मिर्गी के दौरे के कारण मैं ज्यादा काम नहीं कर सकी। मुझे नहीं पता था कि मुझे अगला दौरा कब पड़ेगा। यह 15 साल तक चला। आज मैं इससे आजाद हूं। मुझे अपने आप पर गर्व है क्योंकि मैंने अपने अवसाद पैनिक अटैक और चिंता को स्वाभाविक रूप से और एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम की मदद से मैनेज किया।


## नई फिल्म का टाइटल तू झूठी मैं मक्कार सामने आया

**-प्रमुख भूमिका में है रणबीर और श्रद्धा कपूर**




**मुंबई (ईएमएस)।** नई फिल्म का टाइटल तू झूठी मैं मक्कार सामने आ गया है। रणबीर कपूर और एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की इस फिल्म का अपबीट टाइट ट्रेक प्रीतम से कंपोज किया है और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्या ने दी है। फिल्म के टाइटल के साथ जो वीडियो सामने आया है उसमें रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की बेहतरीन कैमेस्ट्री देखने को मिल रही है। इसके साथ ही नई धुन के साथ नया ट्रैक भी देखने को मिल रहा है जो कि एक फ्रेस कहानी की तरह दिखाई दे रहा है जिसमें भरपूर रोमांस भी है। इस फिल्म का फर्स्ट लुक साझा करते हुए श्रद्धा कपूर ने अपने इस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा था फाइनली हियर देखो..। इस फिल्म को डायरेक्ट लव रंजन ने किया है जो कि पहले प्यार का पंचनामा कर चुके हैं। फिल्म सिनेमाघरों में होली पर 8 मार्च 2023 को रिलीज होगी। बता दें कि फैंस को इस फिल्म और इसके टाइटल का बहुत बेसब्री से इंतजार था क्योंकि मेकर्स ने पहले बस इस फिल्म को लेकर टीजेएमएम शॉर्ट नाम साझा करके फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी थी।

## वीर दास का नया स्टैंडअप स्पेशल लैंडिंग 26 को प्रसारित होगा



कॉमेडी स्टार वीर दास का नया स्टैंडअप स्पेशल लैंडिंग 26 दिसंबर को दुनिया भर में नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होगा। इस बारे में वीर दास ने कहा कि इस बात की मुझे बहुत खुशी है कि साल खत्म होते-होते मैं एक नया प्रोजेक्ट एक ब्रांड के साथ शुरू कर रहा हूं। न्यूयार्क में इस प्रोजेक्ट पर काम करने में बहुत मजा आया। हमने इसको लेकर बहुत मेहनत की है। उम्मीद है जितने खास तरीके से हमने इसको बनाया है उतना ही दर्शक इसको पसंद करेंगे। वीर दास ने इसको डायरेक्ट भी खुद ही किया है। इस कहानी में दुनियां की यात्रा को लेकर भी बात है। वीर दास ने अभी तक दुनियां के 25 देशो में 183 बार ऐसी परफॉमेंस दी है। इस शो में ये बताया गया है कि आजादी बेवकूफी पश्चिम पूर्व और वैश्विक दुनिया में एक नागरिक होने का क्या मतलब है।

## टॉप 10 सूची में हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स भी शामिल



आईएमडीबी की टॉप 10 सूची में हिंदी फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने भी अपनी जगह बना ली है। इस सूची में साउथ फिल्म आरआरआर और वेब सीरिज पंचायत ने भी अपनी जगह बनाई है। इस सूची को लेकर फिल्म मेकर राजमौली ने कहा है आरआरआर एक बहुत ही शानदार दोस्ती की कहानी है जिससे हर कोई जुड़ सकता है हर कोई इसको समझ सकता है। इसकी कहानी बहुत अच्छी है और मेरे दिल के बहुत करीब है। इस लिस्ट में यश स्टारर केजीएफ चैप्टर 2 और कमल हसन स्टार विक्रम ने भी अपनी जगह सुनिश्चित की है। साथ ही इस लिस्ट में ऋषभ शेट्टी स्टार कंतारा और आर माधवन स्टार रॉकेट्री भी शामिल हुई। इसके अलावा इस लिस्ट में मेजर सीता-रामम पीएस-1 777चार्ली भी शामिल थी। राजमौली ने आगे कहा मैं बहुत खुश हूं और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि आरआरआर ने आईएमडीबी की लिस्ट में अपनी जगह बनाई। दुनियां के सभी दर्शकों को मेरा दिल से धन्यवाद जिन्होंने इस फिल्म को इतना प्यार दिया और साथ ही फिल्म की पूरी टीम को भी धन्यवाद जिसमें स्क्रीन पर एक अलग जादू दिखाया।

## 25 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म पठान





बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण एक बार फिर अपनी कैमिस्ट्री से दर्शकों को अपना दीवाना बनाने आ रहे हैं। आगामी वर्ष 25 जनवरी को प्रदर्शित होने वाली उनकी फिल्म पठान के आज जारी हुए पहले गीत बेशरम रंग ने एक बार फिर इस बात को सही साबित किया है कि इन दोनों सितारों की परदे पर कैमिस्ट्री देखने का एक अलग मजा है। जब से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर पठान का पहला गाना बेशर्म रंग सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है तब से दोनों के प्रशंसक ट्रैक के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं और अब आखिरकार यह आ गया है। इस गीत में दीपिका समुद्र के किनारे शाहरुख के साथ रोमांस करती दिखाई दे रही हैं। इस गीत को शिल्पा राव विशाल-शेखर और कैरालिसा मोंटेरियो ने गाया है। वहीं इसके बोल कुमार ने लिखे हैं। गौरतलब है कि पठान 25 जनवरी 2023 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने जा रही है। इसे हिंदी तमिल तेलुगू में प्रदर्शित किया जाएगा। इस फिल्म में शाहरुख और दीपिका के साथ-साथ जॉन अब्राहम भी लीड रोल में नजर आएंगे। धूम के बाद यह पहला मौका होगा जब जॉन अब्राहम आदित्य चोपड़ा निर्मित किसी फिल्म में काम कर रहे हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया है जो इससे पहले यशराज बैनर के लिए वॉर दे चुके हैं। शाहरुख खान आखिरी बार चार साल पहले 2018 में फिल्म जीरो में नजर आए थे। जीरो उन्हीं के बैनर रैड चिलीज के तले बनी थी जिसका निर्देशन आनन्द एल राय ने किया था। इस बीच शाहरुख ब्रह्मास्त्र और रॉकेट्री द नाम्बियार इम्पैक्ट जैसी फिल्मों में कैमियो में दिखाई दे चुके हैं

# पुष्पा और कांतारा को लेकर भिड़े विवेक अग्निहोत्री और अनुराग कश्यप



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के दो बहु-प्रतिभाशाली निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और अनुराग कश्यप के बीच ट्विटर पर जुबानी जंग छिड़ गई है। हाल ही में गैंग्स ऑफ वासेपुर के निर्देशक अनुराग कश्यप ने बयान दिया था कि कांतारा और पुष्पा जैसी फिल्में इंडस्ट्री को बर्बाद कर रही हैं। इसके बाद निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने अनुराग कश्यप के बयान का स्क्रीनशॉट शेयर कर इस पर अपनी असहमति जाहिर की है। विवेक द्वारा किए गए ट्वीट के बाद कश्यप ने अपना प्वाइंट सामने रखा और उनकी फिल्म को लेकर तंज कस दिया जिसके बाद दोनों के बीच ट्विटर पर जुबानी जंग शुरू हो गई। विवेक ने कश्यप के द्वारा पुष्पा और कांतारा पर दिए गए बयान के बाद एक ट्वीट किया। अपने इस ट्वीट में निर्देशक ने कश्यप के इंटरव्यू का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा मैं बॉलीवुड पर दिए गए बयान से पूरी-पूरी तरह से असहमत हूं माय लॉर्ड। क्या आप इससे सहमत हैं? उनके ट्वीट पर तुरंत ही पलटवार कर कश्यप ने ट्वीट करते हुए लिखा सर इसमें आपकी गलती नहीं है। आपकी फिल्मों की रिसर्च भी ऐसी ही होती है जैसे आपकी मेरी बातचीत पर ट्वीट है। आपका और आपकी मीडिया का भी एक जैसा हाल है। कोई नहीं अगली बार थोड़ा सीरियस रिसर्च कर लेना। कश्यप द्वारा फिल्म की रिसर्च पर किए गए ट्वीट के बाद अग्निहोत्री खुद को नहीं रोक और उन्होंने निर्देशक के ट्वीट का जवाब देकर तापसी स्टारर उनकी फिल्म दोबारा पर तंज कस दिया। अग्निहोत्री ने ट्वीट करते हुए लिखा भोलेनाथ आप लगे हाथ साबित कर ही दो कि द कश्मीर फाइल्स का चार साल का रिसर्च सब झूठा था। गिरिजा टीकू बीके गंगू एयरफोर्स किलिंग नदिमार्ग सब झूठा था। 700 पंडितों के वीडियो सब झूठे थे। हिंदू कभी मरे ही नहीं। आप प्रूव कर दो दोबारा ऐसी गलती नहीं होगी।

## खुशी कभी गम के 21 साल पूरे होने मना रहे जश्न



बालीवुड के निमार्ता-निर्देशक फिल्म कभी खुशी कभी गम के 21 साल पूरे होने पर खुशियां मना रहे हैं। केजेओ ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के बीटीएस का एक वीडियो साझा किया जिसमें कोई भी फिल्म के कलाकारों और चालक दल और करण को अपने अभिनेताओं को निर्देशित करते हुए सेट पर विचार-मंथन करते हुए और कुछ हल्के-फुल्के पल बिताते हुए देख सकता है। उन्होंने कैप्शन में लिखा कोई भी शब्द इस फिल्म के लिए भावनाओं को व्यक्त नहीं कर सकता है। के3जी पूरी तरह से एक सम्मान की बात थी क्योंकि मेरे पास पर्दे पर निर्देशन करने के लिए इतने प्रतिष्ठित कलाकार थे और वह जल्द ही पर्दे के बाहर भी एक परिवार बन गया। उन्होंने आगे कहा 21 साल बाद मैं अभी भी उस प्यार में डूबा हुआ हूं जो फिल्म में मुझे 21 साल पहले मिला था। धन्यवाद!

## आईफा अवार्ड में अपने कातिल अंदाज से प्रशंसकों को दिल चुराने की तैयारी में नोरा




**मुंबई (ईएमएस)।** आईफा अवार्ड का आगाज जल्द होने वाला है। इस बार भी अबू धाबी बॉलीवुड सितारे मस्ती के साथ ही अपने-अपने स्टाइलिश अंदाज से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है। इसी बीच शो के होने से पहले नोरा फतेही का एक किलर डांस वीडियो सामने आया है जिसमें नोरा आईफा के स्टेज पर गजब का डांस करती हुई दिख रही हैं। नोरा के डांस वीडियो को आईफा के ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। आईफा इवेंट 10 और 11 फरवरी 2023 को अबू धाबी के यास द्वीप पर आयोजित होगा। जिसमें म्यूजिक और फिल्म इंडस्ट्री के लोग एक स्टेज पर साथ आने वाले हैं। अबू धाबी के पास बसे जिस यास द्वीप पर यह शो का होना पहले ही यह है। यह दूसरी बार कि यहां अबू धाबी यह शो एक बार फिर से आयोजित किया जा रहा है। इस बार भी रणवीर सिंह इस शो को होस्ट करने वाले हैं। शो लेकर पहले ही बज बना हुआ है क्योंकि शो में नोरा-रणवीर के अलावा सलमान खान वरुण धवन करण जौहर और कृति सेनन सहित अन्य फिल्मी हस्तियां इस समारोह में हिस्सा लेंगी।

## जल्द शुरू होगी फिल्म मेट्रो.. इन दिनों की शूटिंग



फिल्म मेट्रो..इन दिनों की शूटिंग जल्द प्रारंभ होने वाली है।यह फिल्म एक लव स्टोरी है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में बॉलीवुड एक्टर अली फजल के अलावा आदित्य रॉय कपूर सारा अली खान पंकज त्रिपाठी नीना गुप्ता और अनुपम खेर शामिल हैं। नए साल में बॉलीवुड एक्टर अली फजल जल्द ही आदित्य रॉय कपूर और सारा अली खान के साथ काम काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि डायरेक्टर अनुराग बासु एक सीक्वेल पर काफी समय से प्लानिंग कर रहे थे। लॉकडाउन और माहामारी के बीच उनको इस फिल्म का ख्याल आया और उन्होंने इसके बारे में सोचा। इसके बाद उन्होंने स्किप्ट पर काम शुरू कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने कास्टिंग को लेकर भी तलाश शुर कर दी थी। गौरतलब है कि फिल्म का पहला पार्ट लाइफ इन ए मेट्रो 2007 में रिलीज हुई थी। इसमें धमेंद्र नफीसा अली शिल्पा शेट्टी के के मेनन इरफान खान कोंकणा सेन शर्मा कंगना रनौत के अलावा कई सितारे शामिल थे।अनुराग दा ने लूडो में चार लोगों की अलग अलग कहानी भी बेहत खूबसूरती से जोड़कर एक साथ दिखाई थी। इसी तरह से इस फिल्म में भी वह कुछ शानदार दिखाने को पूरी तरीके से तैयार हैं।

## एक और बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का हुआ आगाज....... !




बॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए प्राप्त 200 से अधिक प्रविष्टियों में से सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का चयन अंतरराष्ट्रीय फिल्म निमार्ताओं की एक प्रतिष्ठित टीम द्वारा किया गया है। चयनित फिल्में 17-18 दिसंबर तक कार्निवल सिनेमा (मुंबई) में दर्शकों के लिए दिखाई जाएंगी। फेस्टिवल में यशपाल शर्मा की हरियाणवी फिल्म दादा लखमी की एक विशेष स्क्रीनिंग भी की जाएगी। दादा लखमी वैश्विक स्तर पर 68 से अधिक पुरस्कार जीते हैं। बॉलीवुड अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के जूरी में अशोक राणे अमित राय संदीप शर्मा फ्रांसीसी अभिनेत्री मरीन बोरबो और बांग्लादेश के तौकीर अहमद भी शामिल हैं। बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (बीआईएफएफ) की संस्थापक-अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा और अभिनेता-निर्देशक यशपाल शर्मा फिल्म समारोह को एक अलग दिशा में लेकर जाने और चुनिंदा फिल्में की सौगात चाहनेवालों तक पहुंचाने के लिए कमर कस ली है। हाल ही में बीआईएफएफ के सदस्य मोनिका डावर मिनाक्षी सिंह दलबीर सिंह समीर चौधरी तबस्सुम जहां अल्पना सुहासिनी सुनील बैनीवाल विशाल शर्मा तपन पटानी और अनुषा श्रीनिवासन अय्यर की उपस्थिति में सम्पन्न हुए प्रेसवार्ता में उन्होंने संयुक्त रूप से कहा हमारा उद्देश्य लोगों को गुणवत्तापूर्ण सिनेमा से परिचित कराना है चाहे वह फीचर फिल्म लघु फिल्म मोबाइल फिल्म या एक वृत्तचित्र हो। यूएस अफगानिस्तान ईरान और कई यूरोपीय देशों की फिल्में इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। मौजूदा दौर में एक फिल्म समारोह को नैतिक और निष्पक्ष होने की जरूरत है। बॉलीवुड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल आयोजन कमेटी के सभी सदस्य सदैव इसी सोच के साथ कर्मपथ पर अग्रसर रहेंगे।

## टाइगर 3 और जवान में काम करने के अनुभव को रिद्धि ने किया साझा



बॉलीवुड अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने प्रमुख फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने के साथ फिल्म उद्योग में अपनी एंट्री कर ली है। रिद्धि डोगरा की कई बड़ी परियोजनाओं में से कुछ के रिलीज के करीब होने की वजह से उनके लिए 2023 बहुत ही रोमांचक होने वाला है। रिद्धि डोगरा ने टेलीविजन उद्योग में उल्लेखनीय काम किया है और अपने करियर में कई दिलचस्प परियोजनाओं के साथ भारतीय परिवारों का मनोरंजन किया है। ऐसे में अब अभिनेत्री एटली कुमार के निर्देशन में शाहरुख खान के साथ और टाइगर 3 में सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। उन्हें आखिरी बार मैरिड वुमन और असुर जैसी बड़ी हिट सीरिज में देखा गया था जिनमें उनके किरदार को काफी सराहा गया। और अब जब वह जवान और टाइगर 3 में आने के लिए पूरी तरह तैयार हैं तब उन्होंने बताया है कि वह 2023 को किस तरह से देख रही हैं। उसी के बारे में बात करते हुए वह कहती हैं ह्लमैं आने वाले साल के लिए बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मैंने कुछ शानदार अभिनेताओं और कहानी में उनके साथ काम किया है। कुछ असल में बहुत ही रोमांचक स्टोरी टेलर परियोजनाएं हैं। अपने सह-कलाकारों के बारे में आगे बात करते हुए रिद्धि कहती हैं वे बहुत अच्छे और अविश्वसनीय रूप से विनम्र सह-कलाकार हैं। जब उनके क्राफ्ट की बात आती है तो उनके बीच एक चीज समान होती है। हर सेट पर और खासकर शाहरुख खान के साथ जवान में काम करने का माहौल काफी आरामदायक रहा है। जो कोई भी मुझे जानता है वह जानता है कि मैं उनकी कितनी बडी प्रशंसक हूं। मैं उन्हें एडमायर करते हुए बड़ी हुई हूं और एक एक्टर के रूप में और भी ज्यादा। उनके साथ सेट पर व्यक्तिगत रूप से बातचीत करना उनके साथ शूटिंग करना उनके साथ दृश्यों पर चर्चा करना एक अलग एहसास था। मैं यह सम्मान के साथ कहती हूं की मेरे जिंदगी के दो हिस्से हैं एक शाहरुख खान के साथ शूटिंग करने से पहले वाला और दुसरा शूटिंग के बाद वाला। इसके अलावा चूंकि वह दिल्ली से हैं इसलिए मुझे उनके आसपास और उनसे बात करने में काफी सहज महसूस हुआ। उनका सेंस ऑफ ह्यूमर दिल्लीवालो जैसा अलग है साथ ही उनके पास आपको सहज महसूस करने और अपनी मौजूदगी में आपको सहज कराने का अपना तरीका है। रिद्धि डोगरा लकड़बग्घा में बतौर लीड के रूप में अपनी शुरूआत करेंगी जो एक असाधारण मिशन पर एक साधारण लड़के की कहानी है- जो अवैध पशु व्यापार उद्योग के खिलाफ लड़ाई पर आधारित है। इसके अलावा वर्क फ्रंट पर रिद्धि डोगरा पिचर्स 2 जवान और टाइगर 3 में भी नजर आने के लिए तैयार हैं।



# क्या फ्रांस को हराकर विश्व कप जीतेंगे लियोनल मेसी अर्जेंटीना के पक्ष में बन रहे ये चार संयोग

**दोहा।**

कतर में फुटबॉल विश्व कप अपने आखिरी चरण में पहुंच गया है। गत चैंपियन फ्रांस और दो बार की विजेता अर्जेंटीना की टीम फाइनल में पहुंच गई है। दोनों के बीच खिताबी मुकाबला रविवार (18 दिसंबर) को लुसैल स्टेडियम में खेला जाएगा। अर्जेंटीना ने पहले सेमीफाइनल में क्रोएशिया को 3-0 और फ्रांस ने दूसरे सेमीफाइनल में मोरक्को को 2-0 से हराया। अब दोनों टीमें पहली बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। अर्जेंटीना की टीम जब रविवार को खिताबी मुकाबले में उतरेगी तो उसकी नजर फ्रांस से हिसाब चुकता करने पर भी होगी। पिछले विश्व कप (2018) में फ्रांस ने प्री-क्वार्टर फाइनल में लियोनल मेसी की टीम 4-3 हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। अर्जेंटीना की नजर तीसरी बार चैंपियन बनने पर है। उसने 1978 और में खिताब अपने नाम किया था। वहीं, फ्रांस 1998 और 2018 में चैंपियन बना था। लियोनल मेसी की अर्जेंटीना इस विश्व कप में सऊदी अरब के खिलाफ पहला मैच हार गई थी। फिर उसने वापसी की और फाइनल में जगह बनाई। 2010 में स्पेन के साथ भी ऐसा हुआ था। उसे अपने पहले मुकाबले में स्विट्जरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार मिली थी। फिर स्पेन ने वापसी की और खिताब पर कब्जा कर लिया। पहला पहला मैच हारने के बाद चैंपियन बनने वाली पहली टीम बनी थी। अब अर्जेंटीना के पास स्पेन जैसी उपलब्धि हासिल करने का मौका है। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी ग्रुप दौर के तीसरे मैच में पोलैंड के खिलाफ पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए थे। इससे पहले 1978 और 1986 में जब अर्जेंटीना की टीम चैंपियन बनी थी तो तीसरे मैच में ही उसके खिलाड़ी पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए थे। 1978 में हंगरी के खिलाफ तीसरे मैच में अर्जेंटीना के मारियो केम्पेस पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए थे। फिर 1986 में डिएगो माराडोना ग्रुप दौर के तीसरे मैच में बुल्गारिया के खिलाफ पेनल्टी चूक गए थे। अब देखना है कि इस बार अर्जेंटीना की टीम तीसरे मैच में पेनल्टी चूकने के बाद चैंपियन बनती है या नहीं।

इस बार मोरक्को की टीम अपने ग्रुप-एफ में पहले, बेल्जियम तीसरे और कनाडा चौथे स्थान पर रही। ऐसा 1986 में भी हुआ था। तब मोरक्को ग्रुप-एफ में पहले, बेल्जियम ग्रुप-बी में तीसरे और कनाडा ग्रुप-सी में चौथे स्थान पर रही थी। 1986 में अर्जेंटीना चैंपियन बनी थी। अब देखना है कि इस बार अर्जेंटीना को इस संयोग का लाभ मिलता है या नहीं। अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी अभी क्लब स्तर पर फ्रांस के पेरिस सेंट जर्मेन की टीम के सदस्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### दुनिया की सबसे अमीर खेल संस्था फीफा के पास कैसे आता है पैसा




**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2022 अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच हैं। दोनों टीमें 18 दिसंबर को खिताब अपने नाम करने के लिए मैदान में उतरेंगी। यह टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को लगभग 347 करोड़ रुपये मिलेंगे। वहीं, फाइनल में हारने वाली टीम को करीब 248 करोड़ रुपये मिलेंगे। तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम 223 करोड़ और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम 206 करोड़ रुपये लेकर जाएगी। फीफा विश्व कप में खेलने वाली हर टीम को इनामी राशि के रूप में कुछ न कुछ रकम दी जाती है। फीफा दुनिया की सबसे अमीर खेल संस्था है। इसी वजह से बाकी खेलों की तुलना में फुटबॉल विश्व कप खेलने वाली टीमों को बहुत ज्यादा इनामी राशि दी जाती है। फीफा एक ऐसी संस्था है, जिसका उद्देश्य खेल का विस्तार करना है न कि पैसे कमाना। ऐसे में हम बात रहे हैं कि फीफा कैसे कमाई करता है। फीफा की कमाई के चार जरिए हैं। टेलीविजन अधिकार, मार्केटिंग अधिकार, लाइसेंस और टिकट की बिक्री। इन्हीं के जरिए फीफा के पास अरबों रुपये आते हैं, जिन्हें अलग-अलग देशों और टीमों को बांटा जाता है। साथ ही दुनियाभर में खेल को चलाने के लिए। टूर्नामेंट के आयोजन के लिए और खेल के विस्तार के लिए पैसे दिए जाते हैं। फीफा के पास सबसे ज्यादा पैसे टेलीविजन अधिकारों की नीलामी से आते हैं। फुटबॉल दुनियाभर में सबसे ज्यादा लोकप्रिय खेल है और हमेशा ही करोड़ों फैंस फुटबॉल मैच देखते हैं। इस वजह से फीफा के टीवी अधिकारों के लिए कई कंपनियां दांव लगाती हैं और सबसे बड़ी बोली लगाने वाली कंपनी को फीफा मैचों के प्रसारण के अधिकार मिलते हैं। भारत में फीफा विश्व कप 2022 के प्रसारण के अधिकार स्पोर्ट्स 18 ग्रुप के पास हैं। अब टीवी के डिजिटल प्रसारण के अधिकार के जरिए भी जमकर कमाई होने लगी है। फीफा विश्व कप के प्रायोजक से लेकर कई अन्य स्पॉन्सर होते हैं, जो मैचों के दौरान अपने नाम और लोगो को दिखाने के लिए मोटी रकम चुकाते हैं।

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलेंगे रोहितः अंगूठे की चोट से उबरे, जल्द टीम के साथ जुड़ेंगे



**मुंबई।** रोहित शर्मा फिट हो गए हैं। वह जल्द ही बांग्लादेश में टीम के साथ जुड़ जाएंगे और दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। फिलहाल भारत और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट चटोग्राम में खेला जा रहा है। टेस्ट सीरीज से पहले खेली गई वनडे सीरीज के दैरान मीरपुर में खेले गए दूसरे वनडे मैच में फील्डिंग करते हुए रोहित चोटिल हो गए थे। मैच का 9वां ओवर शार्दूल ठाकुर कर रहे थे। ओवर की चौथी गेंद पर बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास ने आगे बढ़कर शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं लग पाई और बाहरी किनारा लेते हुए पीछे की ओर गई। स्लिप में खड़े रोहित शर्मा ने इसे पकड़ने की कोशिश की, पर गेंद की स्पीड काफी तेज थी। बॉल उनकी हथेली में अंगूठे के पास लगी। वह कैच नहीं ले पाए। इसके बाद रोहित दर्द से कराहने लगे। उन्हें ग्राउंड से बाहर ले जाया गया। बाद में चोट की गंभीरता को देखते हुए एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया।

### 2014 के बाद गायब हो गई कतर महिला फुटबॉल टीमः पूर्व खिलाड़ी इंश्योरेंस एजेंट का काम कर रहीं

**कतर।** कतर में फुटबॉल वर्ल्ड कप चल रहा है। सभी लोग इसके सफल आयोजन की तारीफ भी कर रहे हैं,



पर अभी भी कुछ ऐसी बातें हैं जिनका कतर के पास जवाब नहीं हैं। साल 2010 में कतर ने जब वर्ल्ड कप की मेजबानी हासिल की थी तो उसने देश में महिला और पुरुष दोनों की फुटबॉल टीम होने की बात कही थी। कतर ने दावा किया था कि वह देश में महिला फुटबॉल को बढ़ावा देना चाहता है। योजना के मुताबिक मौजूदा वर्ल्ड कप में इस्तेमाल किए जा रहे एजुकेशन सिटी स्टेडियम को वर्ल्ड कप के बाद महिला टीम द्वारा इस्तेमाल किया जाना है, पर पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालकर देखें तो कतर की महिला फुटबॉल टीम का अस्तित्व नदारद है। टीम ने अप्रैल 2014 के बाद से कोई ऑफिशियल इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है। नेशनल टीम होने के बावजूद सोशल मीडिया पर टीम के महज 116 फॉलोअर्स हैं। एसोसिएशन की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी टीम का जिक्र नहीं है। हालात ये हैं कि कभी इस टीम से खेलने वाली शाइमा और सुआद सलीम जैसी खिलाड़ियों को इंश्योरेंस एजेंट के रूप में काम करना पड़ रहा है।

## भारत ने दिया 513 रन का टारगेट

# 51 पारियों के बाद पुजारा की सेंचुरी, गिल ने जमाया करियर का पहला शतक ; बांग्लादेश 42/0

**चट्टोग्राम।**

**भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे ही दिन शुक्रवार को ड्राइविंग सीट में आ गई है। उसने मेजबान को जीत के लिए 513 रनों का टारगेट दिया है। दिन का खेल खत्म होने तक बेहद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने बिना विकेट गंवाए 42 रन बनाए हैं। वो जीत से 471 रन दूर है। स्टंप्स के बाद जाकिर हसन (17) और नजमुल हसन शान्तो (25) नाबाद लौटे।**



इससे पहले टीम इंडिया ने अपनी दूसरी पारी 258/2 पर घोषित की। भारत की ओर से 2 शतक आए। ओपनर शुभमन गिल ने 110 रन बनाए। जबकि चेतेश्वर पुजारा ने 102 रनों की नाबाद पारी खेली। विराट कोहली 19 रन बनाकर पुजारा के साथ नाबाद लौटे। पुजारा ने 51 पारियों और तीन साल 11 महीने बाद टेस्ट में शतक जमाया है। जैसे ही पुजारा का 19वां शतक पूरा हुआ, कप्तान केएल राहुल ने पारी की घोषणा कर दी।

चट्टोग्राम में खेले जा रहे इस मुकाबले की पहली पारी में बांग्लादेशी टीम 150 रन पर ऑलआउट हुई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट हासिल किए। उमेश यादव और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला।

टीम इंडिया को पहली पारी में 254 रनों की बढ़त मिली थी। यहां उसके पास मेजबानों को फॉलोऑन खिलाने का मौका था, लेकिन भारतीय कप्तान केएल राहुल ने बैटिंग करने का फैसला किया। भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाए थे।

**पहला सेशन :** भारत जीता तीसरे दिन का पहला सेशन भारत ने जीता। इसमें भारत ने बांग्लादेश के 2 पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट किया। साथ ही बिना नुकसान के 36 रन भी बना लिए। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत 133/8 के स्कोर से की और टीम 150 पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप और अक्षर को विकेट मिले। (पहले सेशन में बांग्लादेश की पहली पारी समाप्त हुई।)

**दूसरा सेशनः** भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिन के दूसरे सेशन में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा रहा। इसमें टीम इंडिया ने 104 रन बनाए। हालांकि उसने कप्तान केएल राहुल का विकेट भी गंवाया। पहला विकेट गंवाने के बाद युवा शुभमन गिल और अनुभवी पुजारा ने मोर्चा संभाला। (इस सेशन में भारत ने अपनी दूसरी पारी घोषित की।)

**ऐसे गिरे भारत के विकेट**

**पहलाः** 24वें ओवर में केएल राहुल खालिद अहमद की बॉल पर फाइन लेग बाउंड्री पर तैजुल इस्लाम को कैच दे बैठे।

**दूसरा :** मिराज की बॉल पर हसन ने शुभमन गिल का कैच लिया।

**तीसरा सेशन :** गिल-पुजारा के नाम रहा दिन के आखिरी सेशन में 160 रन बने और एक विकेट गिरा। इसमें से बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए 42 रन जोड़े। जबकि भारत ने 118 रन बनाए। साथ ही गिल का विकेट भी गंवाया। हालांकि कप्तान ने 258/2 के स्कोर पर भारतीय पारी घोषित कर दी और बांग्लादेश को 513 रन का टारगेट मिला।

**दोनों देशों की प्लेइंग-11**

**भारतः** केएल राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, उमेश यादव और मोहम्मद सिराज।

**बांग्लादेश :** जाकिर हसन, नजमुल हसन शान्तो, यासिर अली, मुशफिकुर रहीम, शाकिब अल हसन (कप्तान), लिटन दास, नुरुल हसन, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, खालेद अहमद और इबादत हुसैन।

**जीता तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में तीसरे स्थान पर पहुंचेगा भारत -** ये टेस्ट मैच जीतने पर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के 55.76प्रतिशत पॉइंट्स हो जाएंगे। ऐसे में टीम इंडिया पॉइंट्स टेबल में श्रीलंका को पीछे कर तीसरे नंबर पर पहुंच जाएगी। श्रीलंका के इस वक्त 53.33प्रतिशत पॉइंट्स हैं। 75प्रतिशत पॉइंट्स के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले और 60प्रतिशत पॉइंट्स के साथ साउथ अफ्रीका दूसरे नंबर पर है। मैच हारने और ड्रॉ होने पर भारत चौथे नंबर पर ही रहेगा।

# पांच युवा, एक लड़की रिले-तैराकी से मुंबई-गोवा-मुंबई का 1,100 किमी का बनाएंगे नया विश्व रिकॉर्ड



**मुंबई।**

दुनिया की सबसे लंबी रिले-तैराकी 1,100 किलोमीटर मुंबई-गोवा-मुंबई के लिए 17 दिसंबर को गेटवे आफ इंडिया पर अरब सागर में एक लड़की समेत तीन किशोर और तीन युवक कूदेंगे, जो गिनीज में नया रिकॉर्ड स्थापित करना चाहेंगे।

इवेंट के कोच और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ नाविक मदन राय ने कहा कि भारतीय पैरा स्विमिंग फेडरेशन के पर्यवेक्षण के तहत वसई-विरार ओपन वॉटर सी स्विमिंग फाउंडेशन द्वारा अद्वितीय और भीषण साहसिक खेल का आयोजन किया जा रहा है।

महाराष्ट्र के मंत्री दीपक केसरकर चुनौतीपूर्ण कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाएंगे, वे लौटने के लिए गोवा में फोर्ट अगुआड़ा को छुएंगे और रिले-तैराकी का शानदार नजारा 28 दिसंबर को वसई किले में 1,100 किलोमीटर पूरा करने के बाद समाप्त होगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी रिले तैराक मास्टर तैराक हैं, जिनके स्विमसूट पर कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय रिकॉर्ड हैं।

जिया राय 14 और ध्रुव नाइक 17, दोनों मुंबई के हैं। राज पाटिल 17 रायगढ़ के। सांपला शेलार 21 पुणे के, कार्तिक गुगले 21 और राकेश कदम 26, दोनों वसई, पालघर के हैं।

राय की बेटी, जिया - सबसे कम उम्र की और एकमात्र महिला प्रतिभागी है, जो आटिज्म से पीड़ित है और उसे इस साल का प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पुरस्कार और अन्य सम्मान प्राप्त हुए हैं।

राय ने कहा, गेटवे आफ इंडिया से, वे तैरकर मुख्य भूमि पर अलीबाग, रायगढ़ जाएंगे, मुख्य शिपिंग चैनलों के माध्यम से चलेंगे और फिर फोर्ट अगुआडा तक सीधे सीधे गोवा में बिना रुके मुड़ जाएंगे। वे आपूर्ति बहाल करने के लिए गोवा में मिरामार जेटी पर कुछ समय के लिए रुकेंगे और फिर बिना ब्रेक के तैरकर गेटवे आफ इंडिया और फिर 28 दिसंबर की सुबह वसई किले पर लौटेंगे। अरब सागर में तैराकों के लिए बड़ी चुनौतियां होंगी, जिनमें से एक जेलिफिश के काटने का लगातार खतरा है जो शिकार को घंटों तक अक्षम कर सकती है, अन्य बड़ी या विशाल मछलियां या समुद्री जीव जो युवाओं को घायल कर सकते हैं, रात में वायुमंडलीय तापमान 20 डिग्री तक गिर जाता है, और ठंड में पानी 17 डिग्री सेल्सियस, साथ ही तेज हवाएं और शक्तिशाली जल-धाराएं हैं।

# सिडनी में बना मेंस टी-20 का सबसे छोटा स्कोरः बिगबैश लीग में सिडनी थंडर्स 15 रन पर सिमटी, 5 बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके

**सिडनी।**

सिडनी के मैदान पर शुक्रवार को मेंस टी-20 क्रिकेट का सबसे छोटा स्कोर बना। यहां बिगबैग लीग के एक मुकाबले में सिडनी थंडर्स की टीम 15 रन पर आउट हो गई। वह एडिलेड स्ट्राइकर्स के 140 रनों के टारगेट का पीछा कर रही थी। सिडनी के 5 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। जबकि शेष 5 बल्लेबाज 4 रन से आगे नहीं बढ़ सके। एडिलेड की ओर से हेनरी थॉर्न्टन ने सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए। जबकि वेस एगर ने 4 विकेट झटके। वे एस्टर्न एगर के छोटे भाई हैं। टी-20 इंटरनेशनल की बात करें तो सबसे कम टोटल का रिकॉर्ड टर्की के नाम है। उसे 2019 में चेक रिपब्लिक ने 21 रनों पर आउट किया था। उसने टर्की के खिलाफ 20 ओवर में 278 रन बनाए थे।

थॉर्न्टन और एगर की रिकॉर्ड ब्रेक गेंदबाजी के दम पर एडिलेड स्ट्राइकर्स ने सिडनी थंडर्स को 124 रनों के अंतर से हराया। उसने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 139 रन बनाए। क्रिस लिन ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। जबकि कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने 33 रन जोड़े। सिडनी के फजलहक फारूकी ने 3 और गुरिंदर संधु, डेनियल सैम्स, ब्रैंडन डोजेट ने 2-2 विकेट लिए।



थंडर्स ने 15 रन बनाने में अपने सभी विकेट खो दिए। उसके 3 विकेट 5 रन पर, 2 विकेट 9 रन और 2 विकेट 14 रन के टीम स्कोर पर गिरे। 2 रन पर पहले ओवर की तीसरी ही बॉल में मैथ्यू ग्लेक्स शून्य पर आउट हुए। उन्हें शॉर्ट ने होस के हाथों पॉइंट पर कैच कराया। 5 रन पर राइली रूसो दूसरे ओवर की दूसरी बॉल पर 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें थॉर्न्टन ने शॉर्ट के हाथों कैच कराया। 5 रन पर कप्तान जेसन सान्घा को शून्य पर थॉर्न्टन ने दूसरे ही ओवर की चौथी बॉल पर आउट किया। सान्घा विकेट के पीछे कैच किए गए। 5 रन पर एलेक्स हेल्स भी बिना खाता खोले लौटे। उन्हें तीसरे ओवर की पहली बॉल पर वेस एगर ने विकेटकीपर नेल्सन के हाथों कैच कराया। 9 रन पर तीसरे ही ओवर की 5वीं बॉल पर एगर ने डेनियल सैम्स को बोल्ड कर दिया। सैम्स एक ही रन बना सके। 9 रन पर चौथे ओवर की पहली बॉल पर एलेक्स रॉस (2) आउट हुए। उन्हें थॉर्न्टन ने विकेट के पीछे नेल्सन के हाथों कैच कराया। 10 रन पर क्रिस ग्रीन शून्य पर 5वें ओवर की दूसरी बॉल पर आउट हुए। उन्हें एगर ने नेल्सन के हाथों कैच कराया। 10 रन पर गुरिंदर सांधू भी शून्य पर आउट हुए। उन्हें एगर ने स्लिप पर शॉर्ट के हाथों कैच कराया। 14 रन पर छठे ओवर की दूसरी बॉल पर ऑलिवर डेविस एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें थॉर्न्टन ने विकेट के पीछे नेल्सन के हाथों कैच कराया। 15 रन पर छठे ओवर की 5वीं बॉल पर ब्रैंडन डॉजट का विकेट गिरा। उन्होंने सबसे ज्यादा 4 रन बनाए।

### आईपीएल का सबसे छोटा स्कोर आरसीबी के नाम

आईपीएल में सबसे छोटा स्कोर आरसीबी ने बनाया है। टीम 2017 के एडीशन में केकेआर के खिलाफ 49 रन पर आउट हो गई थी। टीम की ओर से सबसे ज्यादा 9 रन केदार जादव ने बनाए थे। केकेआर की ओर से नाथन कुल्टर नाइल, क्रिस वॉक्स और कोलिन डी ग्रैंडहोम को 3-3 विकेट हासिल हुए थे।


# ये भूल जाओ तुम सचिन तेंदुलकर के बेटे हो: अर्जुन को युवराज के पिता ने ट्रेनिंग दी, बोले- वो क्रिस गेल जैसा बल्लेबाज बनेगा

**मुंबई।**

अर्जुन तेंदुलकर सचिन तेंदुलकर के बेटे। 9 साल की उम्र से क्रिकेट खेल रहे हैं। छोटी-मोटी उपलब्धियां मिल रही थीं, पर डंका बजा 14 दिसंबर 2022 को। जब अर्जुन ने रणजी के डेब्यू मैच में शतक लगाया। ठीक वैसे ही, जैसे पिता सचिन ने 34 साल पहले लगाया था। सचिन ने भी 1988 में डेब्यू पर सेंचुरी मारी थी। महीना भी दिसंबर था। अर्जुन की इस कामयाबी के पीछे पिता सचिन का अनुभव ही नहीं, कई लोगों की मेहनत है। उनमें से एक हैं देश को युवराज जैसा क्रिकेटर देने वाले योगराज सिंह। युवी के पिता ने रणजी से पहले अर्जुन को ट्रेनिंग दी। उनसे कहा था- भूल जाओ कि तुम्हारे पिता सचिन तेंदुलकर हैं। तुम्हें अपने आपको उभारना है।

योगराज से अर्जुन की ट्रेनिंग, उनकी खासियतों के बारे में बात की। उन्हीं की जुबानी, 10-12 दिनों की ट्रेनिंग की कहानी-

**सचिन ने युवी को बहुत संभाला, मेरा भी फर्ज था कि अर्जुन की मदद करूं**



युवराज सचिन के छोटे भाई की तरह हैं। सचिन ने युवी की बहुत केयर की। मेरा दायित्व है, कि मैं अर्जुन को मदद करूं। गोवा की टीम चंडीगढ़ मेरी अकादमी में आने वाली थी (अर्जुन गोवा से खेल रहे हैं)। सचिन का फोन आया, बोले कि अर्जुन आ रहा है। चंडीगढ़ जितने भी दिन रहेगा, आपको उसे ट्रेन करना है। इसके बाद युवी का भी फोन आया। मैं अर्जुन के साथ 10-12 दिन रहा। हमने साथ में ट्रेनिंग की और जिम भी गए।

लंबा हट्टा-कट्टा है, जब खेल रहा था तो युवी-सचिन की याद आ गई मैंने अपने सेंटर पर देखा कि अर्जुन आड़ा-टेढ़ा शॉट मार रहा था। सबसे पहले उसे इस तरह का शॉट खेलने से रोका। उससे कहा ड्क में खेलोगे (सामने खेलोगे) और पंच मारोगे। जब वह पंच मार रहा था, यकीन मानो मुझे युवी और सचिन की याद आ रही थी। वह लंबा और हट्टा-कट्टा है। उसकी काबिलियत को निखारने के लिए पूरी तरह से एक आदमी लगाना पड़ेगा। पैर सूज गया था, होटल जाना चाहता था, मैंने कहा- तुम बैटिंग करोगे ट्रेनिंग के दौरान एक गेंद अर्जुन के एंकल पर लगी। इतनी जोर से लगी कि वह बाहर आ गया और आइसिंग करता रहा। मैं उसे डॉक्टर के पास लेकर गया। उसका पैर सूज गया था। डॉक्टर बोला सब ठीक-ठाक है। मुझे डर था कि कहीं उसके एंकल की हड्डी न टूट गई हो। जब वो गाड़ी में आ रहा था तो बोला कि सर होटल में अपने रूम चला जाऊं। मैंने मना कर दिया। कहा कि तुम ग्राउंड में जाओगे, पैड करोगे और बैटिंग करोगे।

# सैंटोस ने पुर्तगाल फुटबॉल टीम के कोच का पद छोड़ा, जोस मोरिन्हो को मिल सकती है जिम्मेदारी

**दोहा।**

फर्नांडो सैंटोस ने पुर्तगाल के कोच का पद छोड़ दिया। उन्होंने टीम के विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को से हार के बाद यह फैसला किया है। अब विवादास्पद जोस मोरिन्हो को पुर्तगाल का नया कोच बनाया जा सकता है। पुर्तगाल के फुटबॉल महासंघ ने एक बयान में कहा कि 68 वर्षीय सैंटोस के साथ एक समझौता किया गया था, सितंबर 2014 में शुरू हुई सफल यात्रा अब खत्म हो रही है। एफपीएफ ने कहा कि वह अब अगले राष्ट्रीय कोच को चुनने की प्रक्रिया शुरू करेगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यूरो 2024 से पहले महासंघ मुरिन्हो को पुर्तगाल का नया कोच बनाना चाहता है।

पुर्तगाल फुटबॉल महासंघ एक समझौता करेगा, जिसके आधार पर मोरिन्हो को पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के कोच की जिम्मेदारी दी जा सकती है। साथ ही वह इटली में अपने क्लब रोमा के लिए भी काम कर सकेंगे। रोमा के प्रशिक्षण शिविर में शामिल मोरिन्हो ने



पुर्तगाल का कोच बनने के सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। यूरो 2024 के लिए क्वालीफाइंग राउंड मार्च में शुरू होगा।

### कैसा रहा मोरिन्हो का रिकॉर्ड

पुर्तगाली कोच रुई जोर्ज (अंडर-21), एबेल फेरेरा (पल्मेरास), पाउलो फोंसेका (लिले), रुई विटोरिया (मिस्र) और जॉर्ज जीसस (फेनरबाहस) भी कोच के पद के दावेदारों में शामिल हैं। 59 वर्षीय मोरिन्हो ने अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग नहीं की है, लेकिन यूरोप के कुछ बड़ें क्लबों के लिए उनका रिकॉर्ड प्रभावशाली है। उन्होंने पोर्टो, चेल्सी को दो बार, इंटर मिलान, रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड को एक बार मैनेज किया है।

मोरिन्हो ने चेल्सी के साथ तीन प्रीमियर लीग खिताब, इंटर में दो सीरी ए क्राउन और रियल में एक लीग जीती है। उन्होंने 2004 चैंपियंस लीग की जीत के लिए पोर्टो को भी कोचिंग दी और 2010 में इंटर मिलान के साथ इस उपलब्धि को दोहराया। इस साल मई में, उन्होंने रोमा को यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग का खिताब दिलाया, जो क्लब की पहली बड़ी यूरोपीय ट्रॉफी थी। यह उनका पांचवां यूरोपीय खिताब था और उन्हें सभी मौजूदा यूईएफए प्रतियोगिताओं को जीतने वाला पहला कोच बना दिया। रोमा में मोरिन्हो का अनुबंध 2024 तक है। टीम वर्तमान में सेरी ए में सातवें स्थान पर है और शीर्ष पर काबिज नेपोली से 14 अंक पीछे है।

कतर में इतिहास रचने वाले मोरक्को के हाथों 1-0 की हार के बावजूद सैंटोस इस बात पर अड़े हुए थे कि उन्हें पुर्तगाल के कोच पद से नहीं हटाया जाएगा। वह आठ साल से यह जिम्मेदारी संभाल रहे थे। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि हर कोई विश्व कप के दौरान उनके फैसलों से सहमत नहीं था, जिसमें बाद के मैचों में क्रिस्टियानो रोनाल्डो को बेंच पर छोड़ना शामिल था।

महासंघ की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में उन्होंने कहा, मैं अत्यधिक कृतज्ञता की भावना के साथ जा रहा हूं। जब आप एक समूह का नेतृत्व करते हैं, तो आपको कुछ कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं। यह सामान्य है कि मेरे द्वारा किए गए विकल्पों से हर कोई खुश नहीं होता है।

सितंबर 2014 में पुर्तगाल के कोच बने सैंटोस ने यूरो 2016 में देश का पहला बड़ा खिताब जीताया और 2019 नेशंस लीग भी जीती। हालांकि, उनके कार्यकाल के दौरान 2018 विश्व कप और यूरो कप 2020 में पुर्तगाल की टीम अंतिम 16 से बाहर हो गई।

### अमेरिका का क्रिकेट में छाने का सपना भारतीय पूरा करेंगेः अमेरिका की अंडर-19 महिला टीम की सभी खिलाड़ी भारतीय, कोच भी भारतीय मूल के

**अमेरिका।** ओलिंपिक में सबसे ज्यादा गोल्ड हासिल करने वाला, बास्केटबॉल और बेसबॉल का बेताज बादशाह अमेरिका, अब क्रिकेट की दुनिया में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कर रहा है। इसका पूरा दारोमदार यहां रहने वाले भारतीयों पर है। अमेरिका की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम की सभी 15 खिलाड़ी भारतीय हैं। इनमें से ज्यादातर ने अपने परिवार से क्रिकेट सीखा और फिर स्थानीय क्लब में प्रशिक्षण लिया। 14 से 29 जनवरी 2023 में पहली बार आईसीसी अंडर-19 महिला टी-20 वर्ल्ड कप आयोजित हो रहा है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले इस टूर्नामेंट में अमेरिका की क्रिकेट टीम भी हिस्सा लेगी।

## पठान को लेकर मुस्लिम समुदाय भी नाराज

# नहीं होने देंगे रिलीज उलेमा बोर्ड



शाह रुख खान की फिल्म पठान के गाने बेशरम रंग को लेकर हुआ विवाद थमता हुआ नहीं नजर आ रहा है। हिंदू के अलावा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने फिल्म के गाने बेशरम रंग को लेकर आपत्ति जताई है। अब मध्यप्रदेश में उलेमा बोर्ड के अध्यक्ष सैयद अनस अली ने एएनआई को एक इंटरव्यू दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि इस फिल्म से मुस्लिम समुदाय की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म को रिलीज होने नहीं देंगे। इसे मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे भारत में रिलीज नहीं होने देंगे। पठान मुस्लिम कम्युनिटी में बहुत ही सम्मानजनक माने जाते हैं। इस फिल्म के कारण पूरा मुस्लिम समुदाय बदनाम हुआ है। फिल्म का नाम पठान है और महिलाएं इसमें अश्लील डांस कर रही हैं। फिल्म में पठान समुदाय को गलत तरीके से दिखाया गया है। सैयद अनस अली आगे कहते हैं कि फिल्म के निर्माताओं को नाम बदल देना चाहिए। शाह रुख खान को भी अपनी भूमिका का नाम बदलना होगा। इसके बाद आपको जो करना है करिए लेकिन हम इसे भारत में रिलीज होने नहीं देंगे। हम एफआईआर फाइल करने के बाद कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। सैयद अनस अली ने यह भी कहा कि सेंसर बोर्ड से भी संपर्क करने का प्रयास करेंगे और फिल्म को रिलीज नहीं होने देने का पूरा प्रयास करेंगे। इसके पहले मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी फिल्म के गाने बेशरम रंग को लेकर फिल्म के निर्माता और निर्देशक पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि यह फिल्म गलत इरादे से बनाई गई है। वहीं उन्होंने दीपिका पादुकोण को टुकड़े टुकड़े गैंग का समर्थक भी बताया था। इस बीच पठान को सोशल मीडिया पर बायकॉट करने का भी ट्रेंड चल रहा है। वहीं फिल्म के बचाव में भी कई कलाकार आगे आए हैं।

## उठने-बैठने पर आती है घुटनों से आवाज, तो न करें उपेक्षा, हो सकती हैं ये गंभीर समस्याएं

उठने-बैठने य फिर छुटने की मूवमेंट पर अक्सर तेज आवाज आती है। यह आवाज आमतौर पर किसी तरह के नुकसान का संकेत नहीं होती या फिर जोड़ को नुकसान नहीं पहुंचाती। हालांकि, कई बार किसी तरह की लिगामेंट इंजरी होने पर भी घुटनों से आवाज आती है। अगर आपके घुटनों से आवाज आने के साथ दर्द भी होता तो आपको इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। अगर उठने-बैठने पर अचानक तेज आवाज के साथ दर्द भी होता है, तो बेहतर है कि इसे नजरअंदाज न करें। इसके पीछे कई तरह की इंजरी हो सकती हैं:

**एंटेरियर क्रूशिएट लिगामेंट ( एसीएल ) टियर**

घुटनों की हड्डी से आवाज आने के पीछे एंटेरियर क्रूशिएट लिगामेंट (एसीएल) टियर अक्सर वजह होता है। इसमें घुटनों से आवाज आने के साथ तेज दर्द भी होता है। ऐसा होने पर आपको खड़े होने में भी दिक्कत आ सकती है।

**पोस्टीरियर क्रूसिएट लिगामेंट टियर**

आपके घुटने में सिर्फ एसीएल ही ऐसा लिगामेंट नहीं है, जिसमें इंजरी हो सकती है। पोस्टीरियर क्रूसिएट लिगामेंट की इंजरी में भी दर्द होता है। हालांकि, पीसीएल घुटनों के पीछे होता है, इसलिए एसीएल टियर आमतौर पर ज्यादा देखा जाता है। साथ ही पीसीएल टियर होने पर एसीएल टियर की तरह तेज आवाज नहीं आती, इसमें आप दर्द के साथ सूजन का अनुभव कर सकते हैं।

**मेडिकल कोलैटरल लिगामेंट टियर**

घुटने के मेडिकल कोलैटरल लिगामेंट में टियर की वजह से भी तेज दर्द और सूजन हो सकती है और इंजरी होने के साथ आवाज भी आ सकती है। दर्द टियर पर निर्भर करता है, घुटने मुड़ने पर दर्द या अकड़न हो सकती है।

**लैटरल कोलैटरल लिगामेंट टियर**

एलसीएल इंजरी होना भी काफी आम है, लेकिन यह आमतौर पर घुटने की किसी और इंजरी के साथ होता है। लैटरल कोलैटरल लिगामेंट टियर होने पर घुटने की हड्डी से आवाज आती है, जिसमें आप दर्द, सुन, अकड़न के साथ कमजोरी भी महसूस कर सकते हैं।

**कार्टिलेज में चोट**

अगर कार्टिलेज के एक टुकड़े को भी नुकसान पहुंचता है, तो घुटने के मुड़ने पर इसमें हड्डियों से आवाज आती है।

**पटेलर टेंडन टियर**

आपका पेटेलर टेंडन शिनबोन के ऊपरी हिस्से को घुटने के ऊपरी हिस्से से जोड़ता है। इसमें सूजन आ सकती है, जिसे पटेलर टेंडोनाइटिस कहा जाता है। इसमें भी घुटने स आवाज आती है और आप अपने पैरों को सीधा करने में भी असमर्थ महसूस करेंगे। इसमें दर्द, क्रैम्प, घाव भी हो सकता है।


**अदरक का सेवन से मिलते हैं ये जबरदस्त फायदे**


**घुटने का अर्थराइटिस**

घुटने के अर्थराइटिस को ऑस्टियोअर्थराइटिस भी कहा जाता है, जो तब विकसित होता है, जब आपके घुटने के जोड़ में हड्डियों को अलग करने वाला उपास्थि टूट जाता है। जब आप घुटनों को हिलाते हैं, तो आप दो हड्डियों के आपस में रगड़ने को महसूस कर सकते हैं, जिसकी वजह से पॉप की आवाज आती है।

**डॉक्टर को कब दिखाना चाहिए ?**

घुटने की हड्डी से तेज आवाज तब आ सकती है, जब आप किसी व्यक्ति या किसी चीज से टकरा जाएं। या फिर अचानक घुटने पर झटका लगे, किसी हार्ड सतह पर लैंड करने पर भी इस तरह के टियर हो सकते हैं। अगर आपके घुटने से तेज आवाज आती है, तो आपको फौरन डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए ताकि आप गंभीर स्थिति से बच सकें।





# अरुणाचल में मिली रेन बैबलर की नई प्रजाति

## पक्षी प्रेमियों की टीम को मिली सफलता

पक्षी प्रेमियों ने अरुणाचल प्रदेश के उत्तर-पूर्वी इलाके में रेन बैबलर्स की एक नई प्रजाति खोज निकाली है। इसे लिसु रेन बैबलर नाम दिया गया है। बेंगलूरू, चेन्नई और तिरुवनंतपुरम के पक्षी प्रेमियों की टीम ने सबसे पहले इस साल मार्च में चांगलांग जिले के मुगाफी चोटी इस प्रजातियों को देखा। आमतौर पर यह पक्षी म्यांमार, चीन और थाईलैंड में पाया जाता है। अरुणाचल के जंगलों इस पक्षी की खोज के बारे में दक्षिण एशियाई पक्षीविज्ञान (ऑर्निथोलॉजी) शोध पत्रिका इंडियन बर्ड्स में प्रकाशित किया गया। इससे पहले भारत में रेन बैबलर को 1988 में देखा गया था। उस समय की दो तस्वीरें है, जिन्हें अमेरिकी पक्षीविज्ञानी पामेला रासमुसेन ने 2005 में प्रकाशित किताब में शामिल किया है। नई प्रजाति के बारे में खोज दल के सदस्य प्रवीण जे ने कहा, जिन पक्षियों को हमने देखा वे ग्रे-बेलिड रेन बैबलर के विपरीत नगा रेन बैबलर की तरह ही मीठे स्वर में गा रहीं थीं। पक्षियों की कुछ तस्वीरें और वीडियो लेने में कामयाबी मिली, उनकी मधुर आवाज को भी रिकॉर्ड किया गया है। दल के सदस्य दीपू करुथेदाथु ने बताया कि मुगाफी में जिन पक्षियों की तस्वीरें लीं उनके पेट का रंग सफेद था। उन्होंने ग्रे-बेलिड रेन बैबलर की मौजूदा रिकॉर्डिंग व तस्वीरों से मुगाफी की तस्वीरें और आवाज मिलाने की कोशिशें की, लेकिन आकार के अलावा आवाज और रूपरंग में ये पक्षी पूरी तरह अलग हैं। इनके पेट का हिस्सा सफेद है। जब सभी तरह की जानकारियों को जोड़कर द` खा । गया, तो पता चला कि असल में यह एक नई प्रजाति है। खासतौर पर इसके पंख, पेट का हिस्सा किसी भी मौजूदा ज्ञात प्रजाति से मेल नहीं खाते हैं। नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान से होते हुए चांगलांग जिले के मियाओ से लगभग 82 किलोमीटर दूर लिसू समुदाय के एक गांव विजयनगर के पहाड़ों में दो दिन की चढ़ाई के बाद ही ग्रे-बेलिड रेन बैबलर दिखते हैं। वहीं, यह पक्षी देखने को मिला। किसी प्रजाति या उप-प्रजाति के नामकरण के लिए ज्ञात प्रजातियों के साथ तुलना करने के लिए व्रेन बैबलर की नई प्रजातियों से आनुवंशिक मिलान की जरूरत होती है। हालांकि, टीम ने स्थानीय लिसु जनजाति के नाम पर इसका नाम पर रखा है। टीम के सदस्य योलिसा योबिन का कहना है कि नाफदफा में कुछ और जगहों पर भी लिसु रेन बैबलर पक्षी दिख सकते हैं। हालांकि, इसके लिए इन घने और खतरनाक जंगलों में लंबा वक्त बिताना होगा।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**